# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 3 सितंबर 2025




## ॐ वक्रतुण्डाय नमः


भोपाल। जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद में विराजित आकर्षक झांकी।


भोपाल। रंभा टाकीज कुम्हारपुरा स्थित मनोरम झांकी।


भोपाल। मानसरोवर कॉम्प्लेक्स स्थित गणेश जी की आकर्षक झांकी।


भोपाल। अहीरपुरा, जहांगीराबाद में भगवान गणेश की मनोरम झांकी।



## डॉ. राजेश मेश्राम को किया सम्मानित

**भोपाल।** पंडित खुशी लाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान के प्रोफेसर डॉ. राजेश मेश्राम को उनके उत्कृष्ट चिकित्सकीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। राजधानी भोपाल में आयोजित समारोह में डॉ राजेश मेश्राम को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल एवं स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. मेश्राम को पंडित खुशीलाल शर्मा संस्थान के सभी चिकित्सकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# डोल ग्यारस आज, धूमधाम से शहर में निकलेगा चल समारोह

### 120 से अधिक झांकियां होगी शामिल, भोपाल के राजा सहित कई जगहों की गणेश प्रतिमाओं का होगा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डोल ग्यारस बुधवार को भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर श्रद्धालुओं द्वारा व्रत-उपवास व विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। साथ ही गाजे बाजे के साथ भव्य चल समारोह निकाले जाएंगे। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु करवट बदलते हैं।

इसलिए यह दिन परिवर्तन एकादशी व जलझूलनी एकादशी के नाम से भी जानी जाती है। इस दिन व्रत करने से वाजपेय यज्ञ का फल मिलता है। कृष्ण जन्म के 18वें दिन माता यशोदा पूजन किया था।



इसी दिन को डोल ग्यारस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण को डोल में बिठाकर तरह-तरह की झांकी के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शोभा यात्रा निकाली जाती है। इस दिन भगवान कृष्ण के बाल रूप का पूजन होता है। मान्यता है कि डोल ग्यारस के दिन ही माता यशोदा ने बालगोपाल कृष्ण को नए वस्त्र पहना कर सूरज देवता के दर्शन करवाए एवं उनका नामकरण किया था। डोल ग्यारस के दिन मथुरा-वृंदावन के साथ ही अन्य धार्मिक स्थलों पर मेले आदि लगते हैं व माता यशोदा की गोद भरी जाती हैं। वहीं मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण को झूले में विराजमान कराकर विशेष पूजा अर्चना व रात्रि जागण का आयोजन किया जाता है। डोल ग्यारस समारोह समिति द्वारा जुलूस निकाला जाएगा। दोपहर 12 बजे पीपल चौक से शुरू होगा । जोकि लखेरापुरा, सोमवारा, इमामबाड़ा, जुमेराती, इब्राहिमपुरा, सुल्तानिया रोड, बुधवारा, कालीमंदिर, होते हुए खटलापुरा घाट पर संपन्न होगा।

## महालक्ष्मी उत्सव का समापन... मायके से मां की विदाई कर दिया जल्दी आने का न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्रीयन समाज के ढाई दिवसीय महालक्ष्मी उत्सव का मंगलवार को समापन हो गया। मायके से मां महालक्ष्मी की विदाई हुई। इस दौरान हल्दी, कुमकुम और सुहाग की सामग्री महिलाओं ने एक-दूसरे को भेंट की और महालक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही अगले साल जल्दी आने का आमंत्रण भी दिया। परम्परा अनुसार ढाई दिन के लिए ज्येष्ठ और कनिष्ठ दो बहने महालक्ष्मी के रूप में महाराष्ट्रीयन परिवारों में आती है। इस दौरान उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। ढाई दिन के बाद उनकी विदाई की जाती है। जिन परिवारों में महालक्ष्मी की स्थापना की गई। वहां दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन किए। इस मौके पर भजन, कीर्तन सहित विशेष धार्मिक अनुष्ठान, महालक्ष्मी कथा पाठ कार्यक्रम का आयोजन किए गए। इसके बाद शुभ मुहुर्त में महाआरती हुई और माता रानी की विधि विधान के साथ मायके से विदाई किया गया।

## गायत्री परिवार के प्रांतीय चिंतन शिविर को लेकर मंथन प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गायत्री शक्तिपीठ पर शांतिकुंज हरिद्वार से आई टीम के द्वारा में आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक होने वाले प्रांतीय चिंतन शिविर,आवासीय विद्यालय शारदा विहार नीलबड़ के लिए दो दिवसीय विचार मंथन किया जा रहा है। प्रदेश के 11 उपजोंन प्रभारी सभी जिलों के युवा प्रकोष्ठ,संगठन प्रभारी तहसील प्रभारी को लेकर मंथन प्रारंभ हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार के मध्य जोन समन्वयक जगदीश कुलमी एवं युवा प्रकोष्ठ शांतिकुंज हरिद्वार से आशीष सिंह ने होने वाले चिंतन शिविर के बारे में विस्तार से व्यवस्था एवं तैयारी संबंधी मार्गदर्शन दिया। शांतिकुंज एवं वरिष्ठों की टीम ने जाकर शारदा विहार आवासीय विद्यालय परिसर का भ्रमण शारदा विहार आवासीय विद्यालय के व्यवस्थापक राजेश तिवारी के साथ, भोजन शाला, मैदान आवासीय व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण कर साथ में आगामी कार्य योजना बनाई।


वस्त्र मंत्रालय
MINISTRY OF TEXTILES

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025

भारत का सबसे बड़ा
'पीएम मित्र' पार्क धार, मध्यप्रदेश

माननीय प्रधानमंत्री जी का 5एफ विज़न
फार्म टू फाइबर; फाइबर टू फैक्ट्री; फैक्ट्री टू फैशन; फैशन टू फॉरेन
कम्पलीट वैल्यू चैन @ वन डेस्टिनेशन

निवेश संभावनाओं पर
इंटरैक्टिव सेशन


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
गिरिराज सिंह
केन्द्रीय मंत्री, कपड़ा मंत्रालय

3 सितम्बर 2025 I अपराह्न 2:30 बजे I होटल आईटीसी मौर्य, नई दिल्ली

निवेश के लाभ
- 2,158 एकड़ विकसित औद्योगिक भूमि
- आकर्षक प्रोत्साहन नीतियां
- डेवलपमेंट चार्ज @ ₹120/वर्ग फुट
- लैंड प्रीमियम @ ₹1/वर्ग मी.
- पावर @ ₹4.5/यूनिट
- वॉटर @ ₹25/किलोलीटर

भूमि आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित
अंतिम तिथि :
11 सितम्बर 2025 (शाम 6:00 बजे)
वेबसाइट पर विजिट कर आवेदन करें :
invest.mp.gov.in

D-11093/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP
स्वदेशी अभियान - विकास की नई पहचान

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




भोपाल के सात नंबर स्टॉप पर शाम 5:15 बजे बारिश के साथ अंधेरा छा गया

## चार दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम

# झड़ियों की 'झड़ी'

**पहाड़ों के पैटर्न पर हो रही भोपाल सहित प्रदेश में बारिश, धूप-बादल के बाद झमाझम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में तेज बारिश का दौर लौटा है। शहर में अब बारिश का पैटर्न पहाड़ी इलाकों की तर्ज पर है। भोपाल के साथ ही अन्य जिलों में भी दिन में बादल, धूप के बाद तेज बारिश फिर कुछ देर रिमझिम का पैटर्न देखने को मिला है।

मंगलवार को भोपाल, नर्मदापुरम, शाजापुर समेत कई जिलों में पानी गिरा। दरअसल, हिमाचल सहित पहाड़ी इलाकों में अब पश्चिमी विक्षोभ का असर शुरू होने के साथ ही सीजन से पहले ही बर्फबारी भी शुरू हो गई है। एक तरफ बारिश जारी है, दूसरी तरफ बर्फबारी शुरू होने से प्रदेश में बारिश का मौसम खत्म होते ही सर्दी रिकॉर्ड तोड़ने लगेगी। मौसम विशेषज्ञ एके ▸▸ शेष पेज 2 पर

> हिमाचल क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के असर से सीजन से पहले ही शुरू हुई बर्फबारी

> इस बार प्रदेश में सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी सर्दी

### सुबह से शाम तक एक जैसी बारिश

मंगलवार को भोपाल में सुबह से मौसम मिजाजुला रहा, लेकिन दो दिन की तर्ज पर दोपहर बाद बादल छाए और 3 बजे से तेज बारिश हुई। शाम 3 से 5:30 बजे के बीच 17 मिमी बारिश हुई, जबकि सोमवार को इसी बीच 13 मिमी बारिश हुई थी। प्रदेश में अब तक सामान्य से 21 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है। भोपाल में 64 मिमी कम है। शहर में एक जून से अब कुल 858.6 मिमी बारिश हुई।



शाजापुर

### नदियां उफान पर...शाजापुर में स्कूल की बस फंसी, नर्मदापुरम में तवा डैम के 3 गेट खोले

शाजापुर जिले के अकोदिया में भारी बारिश के बाद खारसौदा मार्ग की पुलिया डूब गई। यहां आवागमन बंद हो गया। एक स्कूल बस भी फंस गई। निचली बस्तियों में पानी भर गया। इटारसी में रुक-रुक कर तेज और रिमझिम बारिश के चलते जलस्तर बढ़ने पर तवा डैम के 3 गेट दो-दो फीट की ऊंचाई तक खोले गए। यह इस सीजन में दूसरी बार है, जब बांध के गेट खोले गए हैं। जतारा और पलेरा में हुई बारिश के चलते सोमवार रात कुडीला थाना क्षेत्र में धसान ▸▸ शेष पेज 2 पर

### डेंगू का डंकः 10 साल की बच्ची डेंगू पॉजिटिव

डेंगू से बड़े ही नहीं बुजुर्ग और बच्चे भी चपेट में आ रहे हैं। सोमवार को 10 साल की बच्ची भी डेंगू पॉजिटिव आई है। अब तक शहर में डेंगू के 120 मरीज मिल चुके हैं। इनमें 40 बच्चे और बुजर्ग शामिल हैं। जुलाई-अगस्त में डेंगू से ज्यादा चिकुनगुनिया के मामले सामने आए हैं, जबकि इसके टेस्ट कम हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार चिकुनगुनिया की पॉजिटिविटी दर ज्यादा है। सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि मलेरिया तो नियंत्रण में है, लेकिन डेंगू और चिकुनगुनिया अभी भी मौजूद हैं। इससे बचने लार्वा सर्वे के साथ स्कूल-कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया विमान से फिर आया 'मेडे' कॉल

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के एक और विमान के पायलट ने टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एटीसी को 'मेडे' कॉल दिया था, लेकिन राहत की बात ये रही कि यह एयरक्राफ्ट उसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करने में सफल हुआ, जहां से इसने उड़ान भरी थी। एयर इंडिया का यह विमान दिल्ली से इंदौर के लिए उड़ा था।



### जीएसटी काउंसिल की बैठक आज से

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की दो दिवसीय बैठक बुधवार से होने जा रही है। इस बैठक पर देश और दुनिया की खास नजर है, क्योंकि जीएसटी रिफॉर्म के पीएम मोदी के ऐलान के बाद इसमें उस दिशा में कदम उठाए जाएंगे। इसमें दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी में महत्वाकांक्षी बदलाव पर विचार हो सकता है। ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी




### रान्या राव पर लगा 102 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** कन्नड़ फिल्म एक्ट्रेस रान्या राव पर सोने की तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने उन पर 102 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इस केस में शामिल होटल व्यवसायी और ज्वैलर्स पर भी करोड़ों का दंड लगाया गया है।



**बड़ा मामला :** जस्टिस विशाल मिश्रा ने विधायक संजय पाठक के फोन का उल्लेख ऑर्डर शीट में किया

# अवैध खनन केस में विधायक संजय पाठक ने हाईकोर्ट जज को कॉल कर कहा-चर्चा करना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा ने अवैध खनन से जुड़े आशुतोष दीक्षित बनाम आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) केस की सुनवाई से अचानक खुद को अलग कर लिया।

जस्टिस मिश्रा ने केस की ऑर्डर शीट में उल्लेख किया कि विधायक संजय पाठक ने उनसे इस मामले पर चर्चा करने के लिए सीधे फोन पर बातचीत की कोशिश की। इसलिए मैं इस केस की सुनवाई करने का इच्छुक नहीं हूं। कोर्ट ने इसे बेहद गंभीर मानते हुए केस को चीफ जस्टिस के पास भेज दिया। अब चीफ जस्टिस यह तय करेंगे कि मामला किस बेंच में सुना जाएगा। इसे लेकर हाईकोर्ट के गलियारों में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

> कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से विधायक पाठक से जुड़ी फर्म की ईओडब्ल्यू में शिकायत पर कार्रवाई न होने के खिलाफ दायर की गई है याचिका

> कोर्ट ने इसे बेहद गंभीर मानते हुए केस को चीफ जस्टिस के पास भेज दिया

> अब चीफ जस्टिस यह तय करेंगे कि मामला किस बेंच में सुना जाएगा?

*जज ने स्वयं को केस की सुनवाई से किया अलग*





### बड़े पैमाने पर अवैध खनन की शिकायत ईओडब्ल्यू में की

याचिकाकर्ता कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया कि उसने बड़े पैमाने पर अवैध खनन की शिकायत ईओडब्ल्यू में दर्ज कराई थी। आरोप था कि निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच पूरी नहीं की गई। इसी निष्क्रियता के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिका में विधायक संजय पाठक को पक्षकार नहीं बनाया गया था। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक संजय पाठक ने हस्तक्षेप का आवेदन दायर कर अपनी बात रखने की अनुमति मांगी। यहीं से सारा विवाद शुरू हुआ।

#### यह कृत्य कदाचरण श्रेणी में आता है



संजय पाठक का यह कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आता है, हालांकि उनके खिलाफ क्या कार्रवाई करना है, यह चीफ जस्टिस के विवेक पर निर्भर करता है।

**आरके सिंह सैनी**, उपाध्यक्ष, मप्र स्टेट बार काउंसिल

**ईओडब्ल्यू की तरफ से मधुर शुक्ला ने दलीलें दीं**

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसआर ताम्रकार और अंकित चोपड़ा पेश हुए, जबकि ईओडब्ल्यू की तरफ से मधुर शुक्ला ने दलीलें दीं। हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अंशुमान सिंह और वासु जैन उपस्थित रहे। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान खास तौर पर हस्तक्षेप आवेदन का उल्लेख किया, जो निर्मला पाठक (पत्नी स्व. सत्येंद्र पाठक) और यश पाठक (पुत्र संजय सत्येंद्र पाठक) द्वारा दाखिल किया गया है।

**पाठक पर ये भी आरोप**

#### भोपाल, जबलपुर और कटनी में 310 एकड़ जमीन को 90 करोड़ रुपए में खरीदा

विधायक संजय पाठक पर सहारा ग्रुप की जमीनें औने-पौने दाम पर खरीदने के भी आरोप लगे हैं। शिकायत मिलने के बाद आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने 15 जनवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विधायक पाठक पर करोड़ों रुपए की गड़बड़ी के आरोप लगाए थे। यादव ने कहा था कि संजय पाठक ने सहारा ग्रुप की भोपाल, जबलपुर और कटनी में स्थित 310 एकड़ जमीन को 90 करोड़ रुपए में खरीदा, जबकि इन जमीनों का बाजार मूल्य करीब 1 हजार करोड़ रुपए था। यादव ने आरोप लगाया था कि विधायक पाठक ने न केवल जमीनें औने-पौने दामों में खरीदीं बल्कि रजिस्ट्री करवाने में स्टांप ड्यूटी की चोरी भी की गई। विधायक ने रेसीडेंशियल जमीन की रजिस्ट्री एग्रीकल्चर लैंड दिखाकर कराई।

## उज्जैन में एसबीआई बैंक से बड़ी चोरी



# ताला खोलकर 2 करोड़ के गहने चोरी, 8 लाख कैश भी ले गए

» *चोरी हुआ सोना उन ग्राहकों का है जिन्होंने गोल्ड लोन लिया था*

» *दो अफसर सस्पेंड चौकीदार को हिरासत में लिया गया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया(एसबीआई) की महानंदा नगर शाखा में सोमवार- मंगलवार की दरमियानी रात करोड़ों की चोरी हुई। चोरी की सबसे बड़ी अजीब बात यह है कि ताले तोड़े नहीं गए, बल्कि खुलवाए गए। यह बात पुलिस को यह संकेत दे रही है कि वारदात में किसी अंदरूनी व्यक्ति का हाथ हो सकता है। सीसीटीवी फुटेज में 2 बदमाश बैंक से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। इस मामले में बैंक के सेवा प्रबंधक और कैश अधिकारी की लापरवाही सामने आने के बाद दोनों तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। बैंक के चौकीदार को भी हिरासत में लिया है। चोरी हुआ सोना उन ग्राहकों का है जिन्होंने गोल्ड लोन लिया था। दो लोग देर रात बैंक पहुंचे और मेन गेट और लॉकर के ताले खोलकर 2 करोड़ रुपए का सोना और लगभग आठ लाख रुपए नकद लेकर चले गए। चोरी की जानकारी बैंक मैनेजर और सफाईकर्मी को सुबह हुई। सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश में पुलिस जुट गई है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। एफएसएल, फिंगरप्रिंट, साइबर और क्राइम टीम ने बैंक में स्पॉट विजिट कर ▸▸ शेष पेज 2 पर

#### देर रात गार्ड नहीं था, अलार्म तक नहीं बजा

वारदात को लेकर बैंक अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आ रही है। बैंक में गार्ड मौजूद रहता है। ऐसे में रात में गार्ड क्यों नहीं था। एक भी अलार्म नहीं बजा, जबकि सभी बैंक में एंटी थेफ्ट कैमरे लगे होते हैं। पिछले माह ही इसी बैंक में देर रात आग लगने की घटना हुई थी। उसके बाद भी अधिकारियों ने सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया।

#### इससे पहले जबलपुर के बैंक में भी हुई थी चोरी

जबलपुर जिले में 11 अगस्त को खिटोला इलाके में हेलमेट पहने तीन युवकों ने 'ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा से कर्मचारियों की मौजूदगी में 20 मिनट के भीतर बंदूक दिखाकर लगभग 15 किलोग्राम सोना और पांच लाख रुपए लूट लिए थे। गिरोह के दो सदस्य मोटरसाइकिल पर बाहर इंतजार कर रहे थे। बिहार पुलिस ने मध्यप्रदेश पुलिस के साथ एक संयुक्त कार्रवाई में डकैती के मुख्य आरोपी राजेश दास (38) और उसके साथी इंद्रजीत दास (22) को गिरफ्तार किया था और दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर सोमवार को जबलपुर लाया गया।

**आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ाकर** पीटा, एटीएम भी छीना

# खंडवा में पारदी गैंग ने सोना खरीदने बुलाया और लूट लिए 17 लाख रु.

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

हरदा जिले की सीमा से सटे हरसूद क्षेत्र में पारदी गैंग ने कॉन्स्टेबल और उसके भाई समेत एक अन्य को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और साढ़े 17 लाख रुपए से भरा बैग अपने कब्जे में ले लिया। बैग में नकद रुपए, एटीएम कार्ड और अन्य सामान था। लूट के पीछे की कहानी सोना खरीदी से जुड़ी है। रविवार सुबह हुई इस घटना के दो दिन बाद मंगलवार अलसुबह पुलिस ने दो लुटेरों को हिरासत में लेकर लूटा गया पैसा और सामान जब्त कर लिया। दरअसल, एक टूर ▸▸ शेष पेज 2 पर

> ■ गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर के एमवाय** अस्पताल में लापरवाही

# चूहे के कुतरने से नवजात की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

> नर्सिंग स्टाफ के दो कर्मचारी सस्पेंड जबकि 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

महाराजा यशवंतराव अस्पताल में सोमवार को बड़ी लापरवाही सामने आई थी। जहां आदमखोर चूहे ने दो नवजात बच्चों के हाथ कुतर दिए थे। घटना में एक नवजात की मौत हो गई है। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन ने एक्शन लेते हुए नर्सिंग स्टाफ के दो कर्मचारियों को सस्पेंड ▸▸ शेष पेज 2 पर



#### इन पर कार्रवाई

मेडिकल कॉलेज के डीन अरविंद ने नर्सिंग ऑफिसर आकांक्षा बेन्जामिन, श्वेता चौहान को सस्पेंड कर दिया है। जबकि सहायक प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर कलावती बलावी को शोकॉज नोटिस दिया गया है। इसके साथ ही प्रवीणा सिंह, प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर पीआईसीयु व डॉक्टर मनोज जोशी, प्रभारी व प्राध्यापक पीडियाट्रिक्स सर्जरी विभाग को भी शोकॉज नोटिस दिया है।

**पीएम के आपत्तिजनक** कार्टून बनाने का मामला

# इंदौर के कार्टूनिस्ट मालवीय को 'अग्रिम जमानत' मिली

> कार्टूनिस्ट ने सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों से माफी मांगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री और संघ कार्यकर्ताओं के आपत्तिजनक कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ी राहत देते हुए अग्रिम जमानत दे दी।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने यह देखते हुए कि कार्टूनिस्ट ने सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों से माफी मांगी ली है, अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार कर ली। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को यह छूट दी कि अगर कार्टूनिस्ट जांच में सहयोग नहीं करते हैं, तो वे उनकी जमानत रद्द करने की मांग कर सकते ▸▸ शेष पेज 2 पर



#### मई में इंदौर में हुई थी शिकायत

कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय के खिलाफ वकील और आरएसएस कार्यकर्ता विनय जोशी ने मई में इंदौर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और मालवीय पर अपने कार्टूनों के जरिए आपत्तिजनक सामग्री अपलोड करने और हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत करने और सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का आरोप लगाया था। 15 जुलाई को, ▸▸ शेष पेज 2 पर

**सेमिकॉन इंडिया 2025 सम्मेलनः** इसरो और सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी चंडीगढ़ द्वारा विकसित की गई यह चिप

# भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च, रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत

> यह चिप लॉन्च व्हीकल्स को नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट में मजबूती देगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सेमिकॉन इंडिया 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है। तीन दिन चलने वाले सेमिकॉन इंडिया सम्मेलन में प्रोसेसर लॉन्च के ▸▸ शेष पेज 2 पर



#### क्यों खास है विक्रम 3201?

यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी माइनस 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर प्लस 125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे। इससे पहले इसरो ▸▸ शेष पेज 2 पर

#### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

स्पेस-ग्रेड प्रोसेसर आमतौर पर बाजार में उपलब्ध नहीं होते और इन्हें विदेशों से आयात करना पड़ता है। 'विक्रम 3201' के साथ भारत ने इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है। इससे सप्लाई चेन बाधाओं और आयात निर्भरता में कमी आएगी। इसरो ने इसके लिए पूरा सॉफ्टवेयर ईकोसिस्टम भी ▸▸ शेष पेज 2 पर

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 सितंबर 2025



जल्द खुल सकते हैं भदभदा के गेट

## छलकने के लिए एक फीट खाली बड़ा तालाब, फुल टैंक लेवल के करीब पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के लोगों के इंतजार की घड़ी अब ज्यादा दूर नहीं है। शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाले बड़े तालाब का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और अब यह फुल टैंक लेवल के करीब पहुंच गया है। मंगलवार को बड़ा तालाब का जलस्तर 1665.50 फीट दर्ज किया गया, जबकि इसकी कुल भराव क्षमता 1666.80 फीट है। इस तरह तालाब को एक फीट पानी की दरकरार है।

1. मंगलवार को बड़ा तालाब का जलस्तर 1665.50 फीट दर्ज किया गया
2. राजधानी के बड़े तालाब की कुल भराव क्षमता 1666.80 फीट



### तालाब का जलस्तर प्रतिदिन बढ़ रहा

*नगर निगम जलकार्य शाखा के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने बताया कि तालाब का जलस्तर प्रतिदिन बढ़ रहा है। पिछले गुरुवार को यह 1664.45 फीट था, जो चार दिन में 0.10 फीट बढ़ चुका है। राजधानी और प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते जल्द ही तालाब फुल टैंक लेवल पर पहुंच जाएगा। परंपरा के अनुसार जैसे ही तालाब का जलस्तर फुल टैंक लेवल तक पहुंचता है, भदभदा डैम के गेट खोल दिए जाते हैं, ताकि अतिरिक्त पानी का बहाव नियंत्रित किया जा सके। इसके बाद पानी को आगे निकालने के लिए कलियासोत डैम के गेट भी खोले जाते हैं।*

### पिछले साल तीन बार खुले थे गेट

पिछले साल अगस्त माह में तीन बार भदभदा डैम के गेट खोले गए थे। पहली बार दो अगस्त को गेट खोले गए, इसके अगले दिन यानी तीन अगस्त को सात गेट खोले गए थे। फिर चार अगस्त को दो गेट खोले गए थे, लेकिन इस बारिश के सीजन में अब तक एक भी बार डैम के गेट नहीं खोले जा सके हैं। शहरवासियों को उम्मीद है कि यदि बारिश का सिलसिला ऐसे ही जारी रहा तो जल्द ही भदभदा डैम के गेट खुलने का नजारा देखने को मिलेगा, जिसका इंतजार राजधानी के नागरिक हर साल बेसब्री से करते हैं।

---

### खबर संक्षेप

#### टेबलेट, ओआरएस का नहीं था रिकॉर्ड, डॉ. शर्मा ने लगाई फटकार



**भोपाल।** राजधानी में बच्चों को बीमारियों से बचाने और कुपोषण रोकने के लिए चल रहे दस्तक अभियान का मंगलवार को सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने निरीक्षण किया। सीएमएचओ ने मंगलवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अशोका गार्डन और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक एकतापुरी का निरीक्षण किया। जिंक और ओआरएस वितरण का रिकॉर्ड सही तरीके से न करने पर उन्होंने स्टाफ को फटकार लगाई और भविष्य में सुधार के निर्देश दिए।

#### स्टेशनों एवं ट्रेनों में 600 अवैध वेंडर को पकड़ा

**भोपाल।** मंडल क्षेत्राधिकार में रेलवे सुरक्षा बल ने अनाधिकृत वेंडरों के विरूद्ध पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान 600 अवैध वेंडरों को पकड़ा गया और उनके विरूद्ध कार्रवाई की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुरक्षा, सुविधा एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना था।

### रास्तों पर एक-एक फीट गहरे और तीन-तीन फीट चौड़े गड्ढे, चल समारोह के दौरान हो सकती है परेशानी


## ऊबड़-खाबड़ रास्तेः क्या हिचकोले खाते निकलेंगे गणपति?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में विसर्जन घाटों पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार से शुरु होने विसर्जन का सिलसिला रविवार तक चलेगा। इधर चल समारोह रूट और शहर की अन्य सड़कें बारिश की वजह से जर्जर हो गई है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, ऐसे में झांकी और चल समारोह ऊबड़-खाबड़ रास्तों से ही गुजरेंगे। ऐसे में प्रतिमाओं को खतरा बना हुआ है। इधर मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन और महापौर मालती राय ने सभी घाटों का निरीक्षण करते हुए इंतजाम देखें। साथ ही अलग-अलग घाटों के लिए निगम अधिकारी और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी।

बुधवार को डोल ग्यारस के साथ ही गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो जाएगा। नगर निगम ने शहर के 7 स्थानों पर विसर्जन की व्यवस्था बनाई है। ज्यादातर पुराने घाटों पर ही विसर्जन होगा। लेकिन सभी विसर्जन घाटों पर जाने वाले रास्तों पर एक-एक फीट गहरे और तीन-तीन फीट चौड़े गड्ढे नजर आ रहे हैं। हर साल विसर्जन से पहले सड़कों की मरम्मत हो जाती थी, लेकिन इस बार नगर निगम और पीडब्ल्यूडी ने सड़कों के गड्ढे ही नहीं भरे। ऐसे में गणेश प्रतिमाओं की झांकी और चल समारोह खराब रास्तों से ही गुजरेंगे। हालांकि व्यवस्थाओं का जायजा लेने मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन और महापौर मालती राय निगम अधिकारियों के साथ सभी विसर्जन घाट पहुंची।

ननि ने शहर के 7 स्थानों पर विसर्जन की व्यवस्था बनाई | गणेशोत्सव के दौरान भी नहीं सुधरी शहर की सड़कें



### यहां होगा विसर्जन, महापौर-कमिश्नर पहुंचे

निगम ने शहर के शाहपुरा, प्रेमपुरा, खटलापुरा, रानी कमलापति, बैरागढ़, मालीखेड़ी और हथाईखेड़ा डैम पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए घाट विकसित किए हैं। मंगलवार को महापौर ने कहा कि सभी विसर्जन घाटों पर आने-जाने वाले रास्तों पर व्यवस्थित बैरीकेटिंग करने के साथ ही पर्याप्त संख्या में संसाधन सहित गोताखोर, क्रेन, फायर ब्रिगेड और सफाई व्यवस्था बनाने के लिए कर्मचारी तैनात करें।



#### जोन स्तर पर भी दे सकते हैं प्रतिमाएं

नगर निगम ने जोन स्तर पर भी गणेश प्रतिमाओं के ससम्मान विसर्जन के लिए विसर्जन की व्यवस्था की है। जोन स्तर पर प्रतिमाएं एकत्र की जाएगीं। वहीं छोटे-छोटे विसर्जन कुंड भी रहेंगे। इसके लिए संबंधित जोन के जोनल अधिकारियों और सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### *डोल ग्यारस पर्व पर डायवर्ट रहेगा पुराने शहर का ट्रैफिक*

पुराने भोपाल में बुधवार को डोल ग्यारस पर दोपहर 12 बजे चौक बाजार से जुलूस चल समारोह प्रारंभ होगा। यह लखेरापुरा, पीरगेट सिंधी मार्केट, जवाहर चौक, छोटे भैया चौराहा, लोहा बाजार, सराफा चौक, गणेश चौक, इब्राहिमपुरा रंजन पेन कॉर्नर, बुधवारा थाना तलैया चौराहा, लिली टॉकीज, पीएचक्यू तिराहे से खटलापुरा मंदिर के पास छोटे तालाब में रात 9 बजे तक विसर्जित होगा। इसके चलते इन रूटों पर दोपहर 12 बजे से आवश्यकतानुसार यातायात डायवर्सन रहेगा।

#### जुलूस पीरगेट पहुंचने पर

रायल मार्केट चौराहे से पीरगेट की ओर जाने वाने सभी मध्यम एवं भारी माल वाहक वाहन/बीसीएलएल की बसों का पीरगेट की ओर आवागमन बंद रहेगा। जो रायॅल मार्केट से तीन मोहरा, भोपाल टॉकीज, नादरा बस स्टैंड, भारत टॉकीज होकर आवागमन करेंगें।

-भोपाल टॉकीज चौराहे से इमामबाड़ा की ओर आने वाले सभी मध्यम एवं भारी माल वाहक वाहन का आवागमन बंद रहेगा। जो परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे।

### इस तरह रहेगी यातायात व्यवस्था

#### जुलूस इमामबाड़ा चौकी पहुंचने पर

नादरा बस स्टैंड से घोड़ा नक्कास छोटे भैया चौराहे की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। ये वाहन परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर आवागमन करेंगे।

#### जुलूस खटलापुरा मंदिर पहुचने पर

पुराने मछली घर तिराहे से खटला पुरा एवं पीएचक्यू तिराहे से खटलापुरा रोड पर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ये वाहन पुलिस कन्ट्रोल रूम तिराहा गांधी पार्क होकर आवागमन कर सकेगें।

#### जुलूस रंजन पेन कॉर्नर सुल्तानिया रोड पहुंचने पर

*मोती मस्जिद तिराहे से बुधवारा जाने वाले सभी प्रकार के मध्यम एवं भारी माल वाहक वाहन का आवागमन बन्द रहेगा। इसी प्रकार बुधवारा से मोती मस्जिद तिराहे जाने वाले सभी प्रकार के मध्यम एवं भारी माल वाहक वाहन का आवागमन बन्द रहेगा। ये वाहन मोती मस्जिद से रेतघाट गिन्नौरी होकर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार बुधवारा से गिन्नौरी रेतघाट होकर आवागमन कर सकेंगे।*

#### पानी की टंकी तिराहे पहुंचने पर

आजाद मार्केट तिराहे से जुमेराती गेट की ओर सभी प्रकार के वाहनों को आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

चौकी बाजार से लोहा बाजार जुमेराती गेट की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

#### तलैया काली मंदिर पहुंचने पर

भारत टॉकीज से लिली टॉकीज होकर पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा तक समस्त वाहनों का आना-जाना पूर्णत बंद रहेगा।

भारत टॉकीज से पुलिस कंट्रेल रूम तिराहा की ओर आने वाले समस्त वाहन भारत टॉकीज चौराहे, पुल बोगदा, प्रभात चौराहे, सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर, एमपी नगर एवं न्यू मार्केट होकर नए शहर की ओर जा सकेंगे।

#### यह रहेगा डायवर्सन प्लान

ट्रैफिक के अनुसार पुलिस कंट्रोल रूम से भारत टॉकीज की ओर जाने वाले वाहन पुलिस कंट्रोल रूम, जेल मुख्यालय, कोर्ट चौराहे, मैदा मिल, सुभाष नगर ओवर ब्रिज, प्रभात चौराहे होकर जा सकेंगे।

सभी भारी, मध्यम वाहन, सभी माल वाहक वाहन, बीसीएलएल की बसें रोशनपुरा से भारत टॉकीज की ओर जाने वाले वाहन रोशनपुरा चौराहे, अपेक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-1, बोर्ड ऑफिस, डीबी मॉल, मैदा मिल, सुभाष नगर ओवर ब्रिज, प्रभात चौराहे होकर भारत टॉकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।

इसी प्रकार भारत टॉकीज से रोशनपुरा चौराहे की ओर जाने वोल भारत टॉकीज, बोगदा पुल, प्रभात चौराहे, सुभाष नगर ओवर ब्रिज, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस, लिंक रोड़ नंबर-1 होकर रोशनपुरा की ओर आवागमन कर सकेंगे।

---

## किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो दोषियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपने मित्र की नाबालिग बहन के साथ डरा-धमका कर अपहरण कर सामुहिक दुष्कर्म करने वाले दोषियों राहुल सामा और करन बिंद्रा को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने भादंसं की धारा-376 (डीए), 376 (3), 376(2), 342, 363 और 506 (2) तथा पास्को एक्ट की धारा- 3/4 व 5(एल) जी/6 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से



विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला और नवीन श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार 6 अक्टूबर 2023 को किशोरी अपनी बुआ के घर से वापस लौटते समय गुम हो गई थी। किशोरी की मां ने 7 अक्टूबर 2023 को गोविन्दपुरा थाना में किशोरी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी । किशोरी की मां ने अपनी पुत्री के अपहरण का आरोप राहुल सामा और करन बिंद्रा पर लगाया था। पुलिस ने आरोपी राहुल सामा के घर से किशोरी को दस्तयाब किया था। किशोरी ने बताया था कि आरोपी राहुल सामा और करन बिंद्रा ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।

## आरजीपीवीः मारपीट, रैगिंग मामले में चार छात्रों को विश्वविद्यालय से किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की कैंटीन में 22 अगस्त को छात्रों के दो गुटों के बीच लड़ाई के मामले में निदेशक यूआईटी, आरजीपीवी ने छात्रों पर की गई कार्रवाई के लिए आदेश जारी किया है। इनमें आदर्श सिंह चंद्राकर, योगेन्द्र मौर्या, आलोक यादव, सौरभ राणा को छह महीने के लिए विवि से




निलंबित किया गया है। 10 छात्रों को चेतावनी दी गई है। इनमें विकास कश्यप, त्रिलोक पाटीदार, आर्यन ठाकुर, सचिन धाकड़, प्रतीक सिंह तोमर, आदित्य शर्मा, आयुष तिवारी, विकास साकेत, कृष्ण पटेल, वरूण ठाकुर शामिल है।

#### 5 हजार का जुर्माना

जारी आदेश के अनुसार छात्र मोहसिन खान को मारपीट में सहयोग करने के लिए 5 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। साथ ही संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त छात्रों के अभिभावकों को बुलाकर उन्हें अवगत कराएं। साथ ही उनसे शपथ पत्र लिया जाए कि छात्र भविष्य में ऐसी किसी गतिविधियों में शामिल नहीं होगा।

### 50 से अधिक रहवासियों ने लगाई गुहार

## डायमंड सिटी में रजिस्ट्री के बाद कराया नामांतरण, अब सीमांकन में सरकारी जमीन बताई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोकता स्थित बाइपास के पास स्थित पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन को लेकर सीमांकन का काम पूरा कर लिया गया है। यहां पर मछली परिवार के कब्जे को लेकर सीमांकन कराया गया था।

जिसमें डायमंड सिटी के चालीस से अधिक मकान सरकारी जमीन की जद में आ रहे हैं। मकानों को तोड़ने को लेकर मंगलवार को पचास से अधिक रहवासियों ने गोविंदपुरा एसडीएम दफ्तर पहुंचकर एसडीएम रवीश श्रीवास्तव से मदद की गुहार लगाई। रहवासियों ने बताया कि रहवासियों ने बताया कि बिल्डर ने जमीन अपनी बताकर प्लाट बेचे थे, तब कोई विभाग या अधिकारी सामने नहीं आया। उन्होंने मकान, प्लाट भूमि स्वामी उषा सिन्हा, सिद्धार्थ सिन्हा, शशिशेखर प्रसार तिवारी से खरीदे थे।

#### एसडीएम के सामने निकले आंसू

रहवासियों ने बताया कि बिल्डर ने जब प्लॉट बेचे गए थे, तब उनके द्वारा जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति, पशुपालन विभाग का कोई हिस्सा या स्वामित्व होना नहीं बताया गया था। साथ ही मौके पर पशुपालन विभाग की हदबंदी, निशान व साइन बोर्ड नहीं था। यह बात कहते हुए रहवासियों के आंसू निकल गए, जिन्हें एसडीएम ने चुप कराया। तीन तहसीलदार, तीन आरआइ और 11 पटवारियों की टीम ने सीमांकन रिपोर्ट बनाकर तैयार कर ली है। जिसमें डायमंड सिटी, राजधानी परिसर सहित अन्य दो कालोनियों के 40 मकान, दो सड़कें, नगर निगम की 30 दुकानें, पेट्रोल पंप, एक तीन मंजिला स्कूल का कब्जा सामने आया है। जिसके साथ ही पशुपालन विभाग अपनी जमीन अतिक्रमणकारियों से वापस लेने की कार्रवाई शुरू करेगा।

### मॉक ड्रिल रिहर्सल में अलग-अलग टीमें बनाई, 500 पुलिस जवान हुए शामिल

## उग्र हुई भीड़ ने फेंके पत्थर, जवाब में पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी त्यौहारों के दौरान शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन नेहरु नगर में बलवा मॉक ड्रिल परेड का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी समेत 500 पुलिस जवानों ने भाग लिया।

बलवा मॉक ड्रिल रिहर्सल परेड में पुलिस जवानों की अलग-अलग टीम बनाई गई, जिससे टियर गैस पार्टी, अश्रु गैस पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, मेडिकल पार्टी, वाटर केनन पार्टी एवं को अपना-अपना कार्य तय कर दिशा निर्देश दिए गए। बलवा ड्रिल परेड के अवसर पर पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी ने जवानों को संबोधित करते हुए बलवा ड्रिल परेड का महत्व बताया एवं कानून व्यवस्था के दौरान विपरित परिस्थितियों में क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए एवं पुलिस जवानों की जिम्मेदारी होती है। इस बारे मे मार्गदर्शन दिया।

### मॉक ड्रिल में पुलिस के हथियार और मजबूती को परखा



*मॉक ड्रिल के दौरान यह परखा गया कि पुलिस के हथियार और ट्रेनिंग कितनी मजबूत है। इसके लिए पुलिस पार्टी से ही डमी किसान बनाए गए। इस दौरान उन्होंने मुआवजे एवं अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। भीड़ अचानक उग्र हो गई एवं पुलिस पर पथराव करने लगे। यह देख पुलिस ने पहले उन्हें चेतावनी दी। इसके बाद भी वे नहीं माने तो टियर गैस के गोले दागे, उपरांत आंसू गैस के गोले छोड़े तब भी प्रदर्शनकारी सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचा रहे थे, तब पुलिस द्वारा अलाउंसमेंट कर चेतावनी दी गई, किन्तु प्रदर्शनकारियों को उग्र होता देख कर पुलिस टीम द्वारा लाठी चार्ज भी किया।*

#### पुलिस कर्मी हुए घायल

अनियन्त्रित भीड़ को रोकने एवं सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान से बचाने के लिए मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद फायर किए गए, जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए एवं कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए डॉक्टर की टीम द्वारा एम्बुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। यह पूरा नाटकीय रूपांतरण मॉक ड्रिल का एक हिस्सा रहा। जिससे पुलिस ने स्वयं की ताकत को परखा।

भोपाल

बुधवार, 3 सितंबर 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष –11

वर्ष : 12, अंक : 154

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **


मौसम

अधि. 26

न्यून. 23


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मोदी की 5 एफ रणनीति को मिलेगा मूर्त रूप**

## पीएम मित्रा पार्क मध्यप्रदेश को 'फार्म टू फैशन' की पूरी वैल्यू चेन में अग्रणी बनाएगा



**मेड इन एमपी- वीयर एक्रॉस दी वर्ल्ड' के विज़न को भी साकार करेगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश अब देश का सबसे बड़ा पीएम मित्रा (मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) पार्क स्थापित करने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 5 एफ रणनीति-फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फॉरेन को मूर्त रूप देने वाला यह पार्क न केवल प्रदेश, बल्कि संपूर्ण भारत के टैक्सटाइल सेक्टर की औद्योगिक तस्वीर बदलने वाला साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीएम मित्रा पार्क मध्यप्रदेश को 'फार्म टू फैशन' की पूरी वैल्यू चेन में अग्रणी बनाएगा। यह पार्क न केवल रोजगार और निवेश का केंद्र ⏩ शेष पेज 2 पर

**यहां यह सामाजिक और अनुसंधान सुविधाएं भी होंगी**

पार्क में केवल औद्योगिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक व सहयोगी अधोसंरचना भी विकसित की जा रही हैं। इसमें आवासीय टावर, कामकाजी महिलाओं के लिए आवास, अस्पताल, चाइल्ड केयर, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर और टेस्टिंग लैब्स शामिल होंगे। इससे यह पार्क इंडस्ट्री-फ्रेंडली ही नहीं बल्कि वर्कर-फ्रेंडली भी बनेगा।

पार्क लगभग तीन लाख नौकरियों का सृजन करेगा, जिनमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे

# दिल्ली में आज 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्यूनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क' का इंटरैक्टिव सेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुधवार 3 सितंबर को नई दिल्ली में 'इन्वेस्टमेन्ट अपॉर्च्यूनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क' का इंटरैक्टिव सेशन आयोजित होने जा रहा है। इसमें केन्द्रीय टैक्सटाइल मंत्री गिरिराज सिंह भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में भी इस बात की जानकारी सभी मंत्रियों को दी। उन्होंने इस संबंध में मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मंत्रियों को यह भी बताया कि यह पार्क लगभग तीन लाख नौकरियों का सृजन करेगा, जिनमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

**बदनावर धार में 2158 एकड़ से अधिक क्षेत्र में 2000 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होगा टैक्सटाइल हब**

**भूमि आवंटन के लिए 11 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन**




**मात्र एक रुपए प्रति वर्ग मीटर प्रीमियम व 120 रुपए प्रति वर्ग फीट विकास शुल्क पर जमीन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदनावर धार में 2158 एकड़ से अधिक क्षेत्र में 2000 करोड़ रूपए से अधिक की अनुमानित लागत से विकसित हो रहे टैक्सटाइल हब-पीएम मित्रा पार्क से पश्चिम मप्र में मेट्रोपॉलिटन एरिया विकास के स्वप्न को साकार करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वस्त्र उद्योग पर केंद्रित पीएम मित्रा पार्क के विकास को विशेष महत्व दिया है। पार्क में भूमि आवंटन के लिए आवेदन 22 अगस्त से 11 सितंबर 2025 तक खुले रहेंगे। मात्र एक रुपए प्रति वर्ग मीटर-प्रीमियम तथा 120 रुपए प्रति वर्ग फ्रीट विकास शुल्क पर भूमि आवंटन किया जा रहा है, जो देश में समस्त पीएम मित्रा पार्कों में सबसे कम है। ⏩ पढ़ें पेज 06 भी

## खबर संक्षेप

### बहरापन, मिर्गी, त्वचा विकार दिव्यांगता से बाहर



**नई दिल्ली।** सरकार की उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय समिति ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत निर्दिष्ट दिव्यांगता की सूची में अस्थमा, मिर्गी और एक कान का बहरापन सहित नौ नई चिकित्सा स्थितियों को शामिल करने के प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। नौ स्थितियां पामोप्लांटार केराटोडर्मा, एक कान का बहरापन, मिर्गी, फैक्टर-13 की कमी आदि को सूची में शामिल करने का प्रस्ताव किया गया था।

### थाने पहुंचा कलेक्टर विधायक विवाद



**भिंड।** जिला कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव और विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब यह विवाद थाने पहुंच गया है। घटना के बाद भाजपा विधायक नरेंद्र कुशवाह और कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत सीनियर अधिकारियों के पास भेज दी है। आगे की कार्रवाई उनके निर्देश पर की जाएगी।

### सो रहे दंपती को सांप ने डसा, पति की मौत



**मुरैना।** जिले के लल्लू बसई गांव में कोबरा सांप ने सोते समय दंपती को डस लिया। जिससे 45 वर्षीय दिनेश तोमर की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी 42 वर्षीय गुड्डन तोमर की हालत गंभीर है। सोते वक्त कोबरा ने दिनेश को हाथ में और पत्नी को गर्दन में काट लिया। शुरुआत में दोनों ने इसे कीड़े या बिच्छू का काटना समझा और गांव के ही एक भगत से झाड़-फूंक करवाकर वापस सो गए। सुबह हालत बिगड़ गई।

**पीएम का छलका दर्द : मोदी ने कहा- बिहार में आरजेडी-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गाली दी गई**

# ये गालियां मेरी मां का नहीं, देश की हर माता का है यह अपमान

**पीएम ने बिहार में 'जीविका निधि साख सहकारी संघ' का शुभारंभ किया**


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार में 'जीविका निधि साख सहकारी संघ' का शुभारंभ किया और महिला स्वयं सहायता समूहों को 105 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी और डिजिटल व्यवस्था के जरिए उन्हें आसान ऋण सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी मां पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर विपक्ष पर हमला बोला और भावुक होकर अपनी पीड़ा जनता से साझा की। मोदी ने मंगलवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान, उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है।

मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है। उन्होंने कहा, बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की मां-बहन-बेटी का अपमान है।

पीएम ने कहा कि हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा उसका सम्मान, उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है। मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है



पीएम ने कहा कि मेरा मन और मैं अपना दुख आपसे साझा कर रहा हूं। ताकि आप माताओं-बहनों के आशीर्वाद से मैं इसे झेल पाऊं

### पूजा की परंपरा, मां के प्रति श्रद्धा बिहार की पहचान

पीएम ने कहा कि कुछ दिनों बाद नवरात्र का पावन पर्व शुरू होने वाला है। पूरे देश में नवदुर्गा की पूजा होगी, यानी मां के नौ रूपों की पूजा होगी। लेकिन, बिहार और पुरबिया इलाके में नवदुर्गा के साथ सतबहिनी पूजा की परंपरा भी पीढ़ियों से है। मां के रूप में सात बहनों की पूजा की परंपरा, मां के प्रति श्रद्धा और विश्वास, ये बिहार की पहचान है।

**सशक्त महिलाएं विकसित भारत का आधार**

उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार है, भारत की सशक्त महिलाएं। महिलाओं को सशक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि उनकी जिंदगी से हर प्रकार की मुश्किलें कम हों। इसलिए हम माताओं-बहनों-बेटियों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए अनेक काम कर रहे हैं। हमने महिलाओं के लिए करोड़ों शौचालय बनवाए, ताकि उन्हें खुले में शौच की मजबूरी से मुक्ति मिले। हमने पीएम आवास योजना के अंतर्गत पक्के घर बनवाए और इसमें ये भी ध्यान रखा कि वो घर हो सके तो महिलाओं के नाम पर हो। महिला जब घर की मालकिन होती है, तो उसकी आवाज का भी वजन बढ़ जाता है।

**जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी**

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि आप सबको भी ये देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा है। मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है। इसलिए, आज जब इतनी बड़ी तादात में बिहार की लाखों माताओं-बहनों के दर्शन मैं कर रहा हूं, तो आज मेरा मन और मैं अपना दुख आपसे साझा कर रहा हूं। ताकि आप माताओं-बहनों के आशीर्वाद से मैं इसे झेल पाऊं।

**मैंने देश के लिए पूरी मेहनत से किया काम, इसमें मेरी मां की भूमिका**

पीएम ने कहा कि मैंने हर दिन, हर क्षण अपने देश के लिए पूरी मेहनत से काम किया है और इसमें मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मुझे मां भारती की सेवा करनी थी, इसलिए मुझे जन्म देने वाली मेरी मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था। उस मां के ही आशीर्वाद से मैं चल पड़ा था। इसलिए, मुझे आज इस बात की ⏩ शेष पेज 2 पर

**भाजपा ने कल बुलाया बिहार बंद**

बिहार में एक कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने महागठबंधन की ओर से उनके और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर एनडीए 4 सितंबर को बिहार बंद करेगा। बिहार बंद की घोषणा बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने की। साथ ही बताया कि इस दौरान सारी इमरजेंसी सेवा को बाधित नहीं किया जाएगा। इसका टाइमिंग सुबह 7 बजे से 1 बजे दिन तक होगा।

आयकर विभाग की टीमों ने भोपाल, इंदौर, मुंबई समेत कई शहरों में 30 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे



लालघाटी के पंचवटी स्थित राजेश गुप्ता के घर पर छापेमारी

# सरकारी अस्पतालों के दवा-उपकरण सप्लायर का मिला चीन से कनेक्शन

**भारी मात्रा में टैक्स चोरी के दस्तावेज जब्त**

**ईओडब्ल्यू में अरेस्ट हो चुका है जितेंद्र तिवारी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आयकर विभाग ने भोपाल, इंदौर, मुंबई समेत कई शहरों में तीस से अधिक ठिकानों पर छापे मारे हैं। कार्रवाई भोपाल के एमपी नगर स्थित साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड (एसएचएमपीएल) और इंदौर में उसके सहयोगी संस्थानों के ठिकानों पर की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक छापे के दौरान भारी मात्रा में टैक्स चोरी के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उनकी जांच जारी है। इस फर्मों का व इनके मालिक का चीन से कनेक्शन पाया गया है। टीम सुबह करीब 5 बजे साइंस हाउस पहुंची। फिलहाल अफसर, इसके संचालक जितेंद्र तिवारी और उनके सहयोगी सॉफ्टवेयर इंजीनियर रोहित गुप्ता, कंसल्टेंट दिनेश बारोलिया व शिखा राजोरिया से पूछताछ कर रहे हैं। साइंस हाउस का मेन ऑफिस भोपाल में गौतम नगर के मकान नंबर सी-25 में 1994 से चल रहा है। कंपनी देशभर में मेडिकल इक्विपमेंट्स की सप्लाई करती है। डायग्नोस्टिक सर्विस भी देती है। पैथालॉजी लैब और निजी अस्पताल की भी सेवाएं भी उपलब्ध कराती है।

**मेडिकल सर्जिकल कारोबारी गुप्ता के यहां भी रेड**

आयकर विभाग की टीम मेडिकल सर्जिकल उपकरणों के कारोबारी राजेश गुप्ता के यहां भी पहुंची है। भोपाल में लालघाटी स्थित पंचवटी में 64 बी नंबर के उनके घर के बाहर बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मी तैनात हैं। साइंस हाउस ग्रुप के संचालक जितेंद्र तिवारी ने कई अन्य कंपनियां भी बना रखी हैं। इसमें साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड, पीओसीएल साइंस हाउस प्राइवेट लिमिटेड, रेडसेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, जीवाणुडे फाउंडेशन और बायो साइंस हेल्थ केयर के नाम हैं। आयकर विभाग की छापेमारी की जद में आए साइंस हाउस ग्रुप के संचालक जितेंद्र तिवारी को ईओडब्ल्यू पहले भी अरेस्ट कर चुकी है। तिवारी की यह गिरफ्तारी ईओडब्ल्यू की टीम ने दिल्ली में तब की थी जब वह दो महीने तक चीन में रुकने के बाद देश लौटा था। उसके खिलाफ अनूपपुर जिले में एक मामले में आर्थिक गड़बड़ी के मामले मे केस दर्ज हो चुका है।

**सुरक्षा में तैनात रहे सीआरपीएफ के जवान**

छापेमारी के दौरान सीआरपीएफ के जवानों को सुरक्षा में तैनात किया गया। बताया जा रहा है कि भारी फोर्स के साथ पहुंची टीम ने कारोबारी के साथ ही सहयोगियों समेत कई जगहों पर छापेमारी की ये कार्रवाई की है। फिलहाल टीम देर रात तक दस्तावेजों की जांच में जुटी रही।

**महाआर्यमन बने निर्विरोध अध्यक्ष**

# सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी ने संभाली एमपीसीए की कमान

छह साल बाद सभी नए चेहरे संगठन में आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर



अब मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन का संचालन नई कार्यकारिणी करेगी। छह साल बाद सभी नए चेहरे एमपीसीए (मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) में आए हैं। 29 वर्षीय महाआर्यमन सिंधिया के अलावा सभी नए चेहरे अलग-अलग पदों पर काबिज हुए हैं। सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी के रूप में महाआर्यमन को इस पद तक लाने के लिए उनके पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तीन साल पहले से जमीन तैयार कर ली थी। महाआर्यमन ⏩ शेष पेज 2 पर

याचिका में कहा सप्रे ने पार्टी बदली है तो उनकी सदस्यता रद्द हो

# इंदौर में नहीं होगी विधायक निर्मला सप्रे केस की सुनवाई

हाईकोर्ट ने कहा-जबलपुर में दोबारा याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं उमंग सिंघार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर



बीना विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल के मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका को इंदौर हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। सप्रे की सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच ने अंतिम आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने अपने क्षेत्राधिकार में विचारणीय न होने के आधार पर यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे मुख्य पीठ के समक्ष दोबारा याचिका पेश करने के लिए स्वतंत्र हैं। आदेश सोमवार को जारी किया गया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रिट पिटीशन दायर की थी। इसमें कहा गया था कि कांग्रेस से निर्वाचित विधायक निर्मला सप्रे भाजपा में शामिल हो गई हैं, लेकिन उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया। याचिका में मांग की गई थी कि सप्रे ने पार्टी बदली है तो उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द की जानी चाहिए। इसके लिए पहले विधानसभा अध्यक्ष ⏩ शेष पेज 2 पर

**ग्वालियर-झांसी हाइवे पर ट्रक ने स्कॉर्पियो को कट मारा**

# कार डिवाइडर से टकराकर पलटी 2 श्रद्धालुओं की मौत, 4 घायल

**खाटू श्याम के दर्शन करने जा रहे थे राजस्थान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर



ग्वालियर-झांसी हाईवे पर भरथरी के पास एक स्कॉर्पियो, ट्रक के कट लगने के बाद पलट गई है।

हादसे में स्कॉर्पियो में सवार दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव ग्वालियर से झांसी भेजे गए। हादसे में घायलों का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मृतक और घायल सभी झांसी के रहने वाले हैं। यह सभी सोमवार को झांसी से खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने राजस्थान के लिए निकले थे। ग्वालियर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घायलों का इलाज चल रहा है। यूपी के झांसी निवासी सिद्धार्थ उर्फ सुभाष गुप्ता (32) एक ⏩ शेष पेज 2 पर

**90 दिन की टाइमलाइन : राज्यपालों की पावर से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई**

चीफ जस्टिस बीआर गवई समेत 5 जजों की बेंच कर रही मामले की सुनवाई

# किसकी सरकार है और कौन पहले सत्ता में था, हमें इस बात से कोई मतलब नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूर करने पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए 90 दिनों की टाइमलाइन तय करने के मामले में राष्ट्रपति के रेफरेंस पर मंगलवार को भी अदालत में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट में इस मसले पर संवैधानिक सुनवाई कर रही है और मंगलवार को दिलचस्प तर्क पेश किए गए।

इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपालों की पावर को लेकर हमारा फैसला इस बात से तय नहीं होगा कि सत्ता में कौन सी पार्टी है या पहले किस दल की सरकार थी। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम ⏩ शेष पेज 2 पर

**तुषार मेहता ने कहा कि मेरे पास तो 1947 से लेकर अब तक की डिटेल**

**ऐसी तमाम चीजें मुझे पता हैं, जब-जब संविधान का उल्लंघन किया गया**



सीएम एमके स्टालिन | राज्यपाल आरएन रवि

**मिस्टर मेहता ऐसी धमकियां यहां काम नहीं करेंगी : सिंघवी**

तुषार मेहता ने कहा कि यदि आप गलत रास्ते पर ही चलना चाहते हैं तो मुझे इसमें भी कोई परेशानी नहीं है। मैं उस रास्ते पर भी चल सकता हूं, लेकिन इसकी जरूरत नहीं है। यह राष्ट्रपति के रेफरेंस का मामला है। इस पर अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मिस्टर मेहता ऐसी धमकियां यहां काम नहीं करेंगी। सिंघवी ने कहा कि मेहता के पास भी ऐसी लिस्ट हो सकती हैं, जिनमें ऐसी ही देरी की गई थी। इस पर तुषार मेहता ने कहा कि मेरे ⏩ शेष पेज 2 पर

**सीजेआई : 1947 में तो आर्टिकल 200 और 201 नहीं था**

इस बहस के बीच चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि 1947 में तो आर्टिकल 200 और 201 नहीं था। इस पर तुषार मेहता ने कहा कि मेरा मतलब संविधान लागू होने के बाद से अब तक को लेकर था। उन्होंने कहा कि आपने शायद मेरी बात को समझ लिया होगा। मेरा यह कहना था कि संविधान लागू होने के बाद से अब तक कैसे काम हुआ है। इस पर सिंघवी ⏩ शेष पेज 2 पर

## जैकेट का शेष....

### झड़ियों की 'झड़ी'...

शुक्ला के अनुसार इस बार प्रशांत क्षेत्र में ला-नीना के सक्रिय होने से मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है। ला-नीना का भारत में सर्दियों पर भी व्यापक प्रभाव पड़ने की संभावना है। बुधवार तक नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, सिंगरौली, सीधी, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। अगले तीन से चार दिन प्रदेश में तेज बारिश का दौर रहेगा। लेकिन बारिश का पैटर्न लगभग यही रहेगा।

**यहां भी दोपहर बाद बारिश का पैटर्न:** सुबह से धूपछांव, दोपहर बाद बादल फिर शाम तक तेज से मध्यम बारिश दौर भोपाल के अलावा प्रदेश के दो दर्जन से अधिक जिलों में चला है। इनमें प्रमुख रूप से श्योपुरकलां, राजगढ़, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, खंडवा, शाजापुर, सीहोर में मध्यम बारिश हुई। विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, सतना, मैहर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, मुरैना, ग्वालियर, भिंड, दतिया, छतरपुर, पन्ना, हरदा, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा के अलावा सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, कटनी, सागर, धार, बड़वानी, खरगोन, नरसिंहपुर, जबलपुर, दमोह, नीमच, बुरहानपुर, इंदौर में भी दोपहर बाद बारिश का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक चला।

### नदियां उफान पर...

नदी के बरा घाट में करीब 20 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही कलेक्टर ने बचाव दल को मौके पर रवाना किया। पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने नाव की मदद से देर रात नदी में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### ताला खोलकर...

सुराग जुटाए। एसपी उज्जैन प्रदीप शर्मा ने बताया कि सभी ताले सिक्वेंस में खोले गए थे, जो बिना चाबी संभव नहीं है। इसलिए संभावना है कि कोई अंदरूनी व्यक्ति इसमें शामिल है। फुटेज में दिख रहा है कि दोनों के हाथ में बैग था। बैंक से बाहर आने के बाद दोनों बाउंड्री वॉल से छलांग लगाकर भाग गए।

### खंडवा में पारदी गैंग...

के दौरान छत्तीसगढ़ के रायपुर में पदस्थ ट्रैफिक कॉन्स्टेबल मयंक खूटे की पहचान खंडवा के पारदी गैंग के सदस्य से हुई थी। उसने कॉन्स्टेबल को घर की खुदाई में सोना मिलने की बात बताई और एक किलो सोने को सस्ते में खरीदने के लिए कॉन्स्टेबल को खंडवा बुलाया। शनिवार रात कॉन्स्टेबल अपने भाई और एक अन्य कर्मचारी के साथ खंडवा पहुंचे। उन्हें सोना लेने के लिए हरदा जिले की सीमा से सटे हरसूद क्षेत्र में बुलाया गया। यहां पारदी गैंग के चार लोगों ने कॉन्स्टेबल को सोना नहीं दिया, लेकिन उनके पास 17 लाख रुपए से भरा बैग लूट लिया। हरसूद टीआई राजकुमार राठौर ने बताया कि घटना 31 अगस्त रविवार की सुबह 7:30 बजे हुई थी। कॉन्स्टेबल और उनके साथियों ने पहले खुद पारदी गैंग की तलाश की, फिर सोमवार दोपहर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। कॉन्स्टेबल के मुताबिक लुटेरों के साथ उन्होंने एक ढाबे पर भोजन किया था। पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे और कॉल डिटेल्स की मदद से बदमाशों की पहचान की। मंगलवार अलसुबह तक पारदी गैंग के चारों सदस्यों को हिरासत में लिया गया। पारदी गैंग के सदस्यों में युवराज उर्फ सेवकराम पिता रामराणा, ग्राम भीलखेड़ी, पिपलोद और शबनम पिता सापीलाल, ग्राम बेडियाव शामिल हैं। उनके कब्जे से 17 लाख रुपए नकद, मोबाइल और एटीएम कार्ड बरामद किए गए।

### चूहे के कुतरने से...

कर दिया है। जबकि 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इतना ही नहीं एमवायएच अस्पताल में पेस्ट कंट्रोल वाली एजेंसी पर एक लाख का जुर्माना लगाया है। इस मामले में कॉलेज के डीन अरविंद घंघोरिया ने बताया इस घटना के बाद जब सोमवार को राउंड लिया था, तब दोनों बच्चे ठीक थे, लेकिन मंगलवार सुबह एक बच्चे की मौत हो गई है। जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया एक बच्चे का वजन 1 किलो 200 ग्राम और दूसरे बच्चे का वजन 1 किलो 600 ग्राम है। जिस बच्चे की मौत हुई है, वह 1 किलो 200 ग्राम वाला बच्चा है। डीन ने बताया कि जिस बच्चे की मौत हुई है, उसके परिजन बच्चे को अस्पताल में छोड़कर चले गए थे। अस्पताल के डॉक्टर और नर्सों द्वारा बच्चे का ध्यान रखा जा रहा था। सोमवार को जो घटना हुई है, उस पर संज्ञान लेकर तुरंत कार्रवाई की गई है।

### इंदौर के कार्टूनिस्ट...

हैं। सुनवाई के दौरान, मालवीय की वकील वृंदा ग्रोवर ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल ने माफी मांग ली है और याचिकाकर्ता को अभी तक जांच के दौरान पूछताछ के लिए तलब नहीं किया गया है। इस पर केंद्र सरकार की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने जवाब दिया कि सभी सबूत इकट्ठा होने के बाद ही तलब किया जाएगा।

### मई में इंदौर में ...

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने मालवीय के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी थी और मंगलवार को अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया। इससे पहले मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### भारत का पहला...

साथ ही सरकार ने बताया कि देश में 5 नए सेमीकंडक्टर यूनिट्स का निर्माण हो रहा है। डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत भारत अब वैश्विक सप्लाई चेन में मजबूत स्थान बनाने की ओर बढ़ रहा है।

### क्यों खास है विक्रम...

2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, एडीए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553 बी बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीएमओएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है।

### आत्मनिर्भर भारत...

तैयार किया है, जिसमें एडीए कंपाइलर, असेंबलर, लिंकर्स, सिमुलेटर और डेवलपमेंट एनवायरनमेंट शामिल हैं। ईसरो के मुताबिक, जल्द ही सी कंपाइलर भी तैयार किया जाएगा।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (अपेक्स बैंक) मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित मुख्य शाखा-टी.टी. नगर, भोपाल म.प्र की ओर से (वर्षा चौहान पुत्री श्री मगन सिंह चौहान, पता-एफ-35, अपेक्स बैंक कॉलोनी, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल) ने आवास ऋण प्राप्त करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। जिसमें सम्पत्ति मालिक डॉ. अनिता तिलवारी आ. श्री केदारलाल तिलवारी, आयु-वयस्क, पता-ई-109/17 शासकीय बंगला, शिवाजी नगर, भोपाल, म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व का एक किता प्लाट क्रमांक-17, जिसका कुल क्षेत्रफल-21X45= 945 वर्गफीट अर्थात् 87.68 वर्गमीटर है, जो कि दीप नगर, खजूरी कलां, वार्ड नं.-61, भोपाल, म.प्र. में स्थित है, जो खसरा नं.-212/2 का अंश भाग है, जिसका पटवारी हल्का नं.-31/19, विकास खण्ड फन्दा, है, जिसकी चतुर्थ सीमाएँ निम्नानुसार है- दिशा पूर्व में -प्लाट नं.-16, दिशा पश्चिम में- प्लाट नं.-18, दिशा उत्तर में- अन्य की भूमि, दिशा दक्षिण में- रोड, है। यदि उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अशासकीय, सहकारी सोसायटी, एवं अन्य कोई ऋण भार, दान, बंधक, अथवा उक्त प्लाट में कोई हित हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता या अभिकर्ता के माध्यम से मय दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि उक्त निर्धारित समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। तथा मेरा पक्षकार द्वारा उक्त प्लाट पर आवास ऋण प्रदान कर दिया जावेगा। और ऐसी स्थिति में कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

भवदीय **लक्ष्मीनारायण चौहान**
कार्यालय पता चेम्बर नं.-213, उत्तमचंद इसराणी लॉयर्स चेम्बर, जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल, म.प्र. मो.नं. 98262-45514, 94256-20561

## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
**जोन क्र.-08 वार्ड क्र.-28**

**विज्ञप्ति**

सम्पत्तिकर / जलउपभोक्ता प्रभार/ठोस अपशिष्ट खाते में नामांतरण की सूचना निम्नानुसार नामांतरण प्रस्तावित है।

| क्रमांक | सम्पत्ति कर आई.डी. का खाता नम्बर | विक्रेता/वर्तमान खातेदार का नाम | क्रेता/प्रस्तावित नामांतरण हेतु खातेदार का नाम | विक्रय की गई सम्पत्ति (भवन/भूमि का पता) | नमांतरण का अधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | L000001062 | श्रीमती बिरीसा देवी W/O श्री तोफान सिंह | श्री तोफान सिंह S/O श्री दयाराम सिंह | दुकान नम्बर 11 अम्बेडकर नगर,भोपाल. | मृत्यू प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं सहमति पत्र के आधार पर |

उक्त नामांतरण पर यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर आपत्ति लिखित में साक्ष्य एवं दस्तावेजों सहित वार्ड कार्यालय क्र.-28/ जोन क्र.-08 में प्रस्तुत करें। यदि नियत समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 167 के अंतर्गत अभिलेखों में नामांतरण निगम अभिलेखों में कर दिया जाएगा।

**जोनल अधिकारी**
**जोन क्र.-08**
**नगर निगम, भोपाल**

सू. क्र. 2358/025/026

## M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
Office of The General Manager (O&M) Circle, Vidisha
E-mail : gmvidisha@gmail.com

### NOTICE INVITING E-TENDERS

Online tender are invited from eligible bidders who are registered on QC portal of MPMKVVCL

| Tender Description | Particulars | Appox. Value of Tender (In lakh) | Cost of Tender Document |
|---|---|---|---|
| GM/O&M/ PUR./3936-37 Dated 29.08.2025 | Empanelment of Agencies for Restoration of Distribution Infrastructure during Emergency in (O&M) Circle Vidisha. | 50.00 | 5900 + GST |
| GM/O&M/ PUR./3938-39 Dated 29.08.2025 | Empanelment of Agencies for additional /Augmentation of PTR at existing 33/11 KV S/s, HT Lines, LT Lines, DTR, Service Line and meter related works and any other associated works as per SOR schedules in (O&M) Circle Vidisha. | 950.00 | 11800 + GST |

**Date of sale of Bid documents : 01.09.2025, 9.00 Hrs. Up to 15.09.2025 12.30 Hrs.**
**Bid Submission last Date : 15.09.2025, 12.30 Hrs.**
**Bid opening Date : 16.09.2025 at 12.30 Hrs.**
Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/121856/2025 **GENERAL MANAGER (O&M)**

## बिजनेस साइट

# स्मार्ट निवेशः लॉन्गटर्म ग्रोथ के लिए थीमैटिक फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ)

**भोपाल।** क्या एक सेक्टर पर बड़ा दांव लगाना कई क्षेत्रों में पैसा लगाने से बेहतर है? बिलकुल नहीं। दरअसल, सेक्टर-फोक्सड थीम्स के मिक्स में निवेश करना, खासकर प्रोफेशनल रूप से प्रबंधित फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) के माध्यम से, न केवल बेहतर, बल्कि अधिक बेहतर रिटर्न भी देता है।

कारण? डायवर्सीफिकेशन और पोर्टफोलियो का स्मार्ट एलोकेशन।

ये फंड केवल एक लोकप्रिय सेक्टर नहीं चुनते। इसके बजाय, ये कई महत्वपूर्ण सेक्टर्स, जैसे बैंकिंग, हेल्थकेयर, कंज्यूमर गुड्स, टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश फैलाते हैं। और ये समान रूप से आवंटन नहीं करते। फंड मैनेजर अर्थव्यवस्था में हो रही गतिविधियों के आधार पर वेटेज को एडजस्ट करते हैं।



अजय कुमार साहू
संस्थापक, टू होराइजन वेल्थ प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल

उदाहरण के लिए, यदि अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, तो फंड बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की ओर अधिक झुकाव रख सकता है। लेकिन यदि विकास धीमा हो जाता है, तो यह एफएमसीजी (रोजमर्रा उपयोग की वस्तुओं) जैसे स्थिर सेक्टर्स की ओर अधिक स्थानांतरित हो सकता है। ये निर्णय चुनिंदा नहीं होते, ये जीडीपी ग्रोथ, सरकारी खर्च और बाजार के रुझान जैसे आंकड़ों पर आधारित होते हैं। प्रबंधक यह भी देखते हैं कि कोई सेक्टर अपने इतिहास और समग्र बाजार की तुलना में कितना महंगा या सस्ता है। थीमैटिक फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) का एक और लाभ निरंतर रीबैलेंसिंग है। फंड मैनेजर पोर्टफोलियो को ट्रैक पर बनाए रखने के लिए नियमित रूप से उसकी समीक्षा और एडजस्ट करते हैं। और वे ऐसा कर-कुशल तरीके से करते हैं, ताकि निवेशकों को लाभ पर बार-बार कर का बोझ न उठाना पड़े।

करों की बात करें तो, अगर आप इन फंडों को दो साल से ज्यादा समय तक रखते हैं, तो आपको केवल 12.5 प्रतिशत लॉन्गटर्म कैपिटल गेन टैक्स देना होगा, जो सीधे शेयर निवेश पर लगने वाले सामान्य कर दर से कम है। संक्षेप में, थीमैटिक फंड ऑफ फंड्स आपको उभरते अवसरों तक विशेषज्ञों द्वारा निर्देशित पहुंच प्रदान करते हैं, आपके जोखिम को फैलाते हैं, और कर-पश्चात बेहतर रिटर्न प्रदान करते हैं, जो उन्हें उन लॉन्गटर्म निवेशकों के लिए एक स्मार्ट विकल्प बनाता है जो बिना एक ही टोकरी में सब कुछ लगाए भारत की ग्रोथस्टोरी गाथा का लाभ उठाना चाहते हैं। ऐसा ही एक फंड जिस पर निवेशक विचार कर सकते हैं, वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ)। यह फंड ऑफ फंड्स स्कीम विभिन्न क्षेत्रों और थीमों में उभरते अवसरों में निवेश करने का लक्ष्य रखती है। 30 जुलाई, 2025 तक, एफओएफ ने एक साल में 8.23 प्रतिशत का रिटर्न दिया। लंबी अवधि में, इसने तीन वर्षों में 20.68 प्रतिशत की सीएजीआर और पांच वर्षों में 26.08 प्रतिशत की प्रभावशाली दर के साथ मजबूत प्रदर्शन किया है।

## पेज एक का शेष....

### पीएम मित्रा पार्क...

बनेगा, बल्कि 'मेड इन एमपी- वीयर एक्रॉस दी वर्ल्ड' के विजन को भी साकार करेगा। धार जिले में प्रस्तावित यह पार्क 2,158 एकड़ विकसित औद्योगिक भूमि पर बसाया जा रहा है। पार्क राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 47) से केवल 40 किमी, इंदौर हवाई अड्डे से 110 किमी और निकटतम रेलवे स्टेशन से 16 किमी की दूरी पर स्थित है। यह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (रतलाम- 55 किमी) और ड्राई पोर्ट (पिथमपुर/तिही- 90 किमी) से भी जुड़ा रहेगा।

### मैंने देश के लिए....

पीड़ा है कि जिस मां ने मुझे देशसेवा का आशीर्वाद देकर भेजा, खुद से अलग करके मुझे जाने की इजाजत दी। मोदी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि अब मेरी मां का शरीर तो इस दुनिया में नहीं है। कुछ समय पहले 100 साल की उम्र पूरी करके, वो हम सबको छोड़कर चली गईं। मेरी उस मां को जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसका शरीर भी अब नहीं है। मेरी उस मां को राजद-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं। ये बहुत ही दुख, कष्ट और पीड़ा देने वाला है। उस मां का क्या गुनाह है कि उसे भद्दी गालियां सुना दी गईं।

## संचालनालय
## खेल और युवा कल्याण
**टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश**

### ई-निविदा सूचना

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा "**आई.टी. के अंतर्गत दैनिक दस्तावेंजों की स्कैनिंग के लिए स्कैनर क्रय कर प्रदाय हेतु**" ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/121859/2025 **संचालक**

### सिंधिया परिवार की...

ने वर्ष 2022 से ग्वालियर संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली थी। अब खेल के जरिए महाआर्यमन अपना राजनीतिक कद बढ़ाएंगे। सिंधिया परिवार का राजनीति में आगे बढ़ने का यही पैटर्न रहा है। महाआर्यमन सिंधिया भी अपने दादा और पिता की तरह उसे निभा रहे हैं। माधवराव और ज्योतिरादित्य भी कम उम्र में एमपीसीए के अध्यक्ष बने थे। वार्षिक बैठक इंदौर के होलकर स्टेडियम में आयोजित की गई। नई कार्यकारिणी में पहले से तय उम्मीदवारों के अलावा अन्य किसी सदस्य ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इस कारण सभी निर्विरोध चुने गए। नई कार्यकारिणी में महाआर्यमन टीम के अध्यक्ष बने हैं, जबकि सचिव के पद पर सुधीर असनानी, उपाध्यक्ष पद पर विनीत सेठिया, कोषाध्यक्ष संजय दुआ बने, जबकि सहसचिव अरुंधति किरकिरे बनीं। कार्यकारिणी सदस्य में राजीव रिसोडकर, प्रसुन कनमड़ीकरण, विजेस राणा व संध्या अग्रवाल शामिल हैं।

### इंदौर में नहीं होगी...

नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष पत्र भेजा था लेकिन उस पर 90 दिन की तय अवधि में कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिका में कहा था कि संविधान की अनुसूची 10 के अनुसार कोई विधायक दल बदलता है, उसकी विस से सदस्यता निरस्त कर दी जाती है। हाईकोर्ट में हुई बहस के दौरान सिंगार की ओर से एडवोकेट विभोर खंडेलवाल ने तर्क में कहा कि या तो कोर्ट इस पर निर्णय दे या विधानसभा अध्यक्ष को निर्देशित करे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने तर्क रखे। विधायक निर्मला सप्रे की और से अधिवक्ता मनीष नायर द्वारा तर्क रखे गए थे। निर्मला सप्रे 2023 के विधानसभा चुनाव में सागर जिले से चुनाव जीत कर विधायक बनी थी। इसके बाद सप्रे ने कांग्रेस की सदस्यता त्याग कर भाजपा का दामन थाम लिया।

### कार डिवाइडर से ...

निजी कंपनी में कर्मचारी हैं। वह अपने साथी शुभम उर्फ भरत नामदेव (31), मनीष उर्फ पप्पू यादव, अभिषेक यादव, राजाअली और शक्ति सिंह राजपूत के साथ सोमवार झांसी से खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए स्कॉर्पियो से निकले थे। साढ़े चार बजे के करीब वह भरथरी पुल के पास डबरा हाईवे पर खालसा ढाबा के सामने पर पहुंचे ही थे कि तभी तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करने की जल्दबाजी में उनकी कार में कट मारी। स्पीड ज्यादा होने पर कट लगते ही स्कॉर्पियो बेकाबू होकर पहले डिवाइडर से टकराई फिर दूसरी ओर जाकर पलट गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार घायल हैं। ट्रक चालक की तलाश पुलिस कर रही है।

### किसकी सरकार है....

नाथ समेत 5 जजों की बेंच ने कहा कि हम अपना फैसला इस आधार पर तय नहीं करेंगे कि किस पार्टी की सरकार है या कौन पहले था। दरअसल, अदालत ने यह टिप्पणी तब की जब तमिलनाडु और केरल सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अभिषेक मनु सिंघवी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के बीच तीखी बहस होने लगी। दोनों यह बताने लगे कि कब-कब किस राज्यपाल ने विधेयकों को रोका था। सिंघवी ने इस डिबेट के दौरान कहा कि मेरे पास तो चार्ट ही है कब-कब तमिलनाडु और केरल के राज्यपालों ने विधेयक रोके थे।

### मिस्टर मेहता ऐसी...

पास तो 1947 से लेकर अब तक की डिटेल है। उन्होंने कहा कि ऐसी तमाम चीजें मुझे पता हैं, जब-जब संविधान का उल्लंघन किया गया।

### सीजेआई : 1947 में ....

ने कहा कि मैं समझ गया हूं कि आप कैसे धमकी देना चाहते हैं कि कब-कब क्या हुआ है। इस पर भी चीफ जस्टिस गवई ने दखल दिया और कहा कि मैं इस अदालत को राजनीतिक मंच नहीं बनने देना चाहता।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्रटी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### नाम परिवर्तन

मैं वैशाली तिजारे पत्नि जय शंकर बी. आयु 36 वर्ष निवासी-96/41. तुलसी नगर, सेकंड स्टाप भोपाल, म.प्र.। मेरे पुत्र के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम व सरनेम लिकित जय (LIKITH J) पुत्र श्री जय शंकर बी. (JAI SHANKAR B) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मोक्ष जय (MOKSH J) पुत्र जय शंकर बी. (JAI SHANKAR B) दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का सही नाम व सरनेम लिकित जय (LIKITH J) पुत्र श्री जय शंकर बी. (JAI SHANKAR B) है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को लिकित जय (LIKITH J) पुत्र श्री जय शंकर बी. (JAI SHANKAR B) के नाम से जाना व पहचाना जावे ।
शपथ पत्र क्रमांक CZ 161546

### आवश्यकता

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457

R-03-09-2025

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5977



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 5976 का हल



## सूडोकू नवताल - 5987
★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | 8 | 9 | 6 | | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरें जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल - 5986 का हल



## धीरौली खदान की अधिकतम उत्पादन क्षमता 6.5 एमटीपीए

# मप्र के धीरौली खदान में परिचालन शुरू करने कोयला मंत्रालय ने दी अडाणी पावर को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी पावर को मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में धीरौली खदान में खनन कार्य शुरू करने के लिए कोयला मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। कंपनी के एक बयान में बताया कि यह मंजूरी मिलने से अडाणी पावर को कच्चे माल की बेहतर सुरक्षा मिलेगी। इसका फायदा इस क्षेत्र को भी मिलेगा।

**पांच एमटीपीए खुले खदान से और शेष भूमिगत खदान से परिचालन से प्राप्त**

अडाणी पावर को सिंगरौली जिले के धीरौली खदान में परिचालन शुरू करने के लिए कोयला मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। अडाणी पावर की सहायक कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड के स्वामित्व वाली धीरौली खदान की अधिकतम उत्पादन क्षमता 6.5 एमटीपीए है। इसमें 5 एमटीपीए खुले खदान से और शेष भूमिगत खदान से परिचालन से प्राप्त होता है।



### 558 एमएमटी का शुद्ध जियोलॉजिकल भंडार

*जियोलॉजिकल रिपोर्ट के अनुसार इस ब्लॉक में 620 एमएमटी का सकल भंडार और 558 एमएमटी का शुद्ध जियोलॉजिकल भंडार है। यह दशकों तक आपूर्ति, ईंधन सुरक्षा और परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करता है। अडाणी पावर इस क्षेत्र में खनन किए गए कोयले को धोकर उसका प्रसंस्करण भी कर सकता है, जिससे अशुद्धियां और निष्क्रिय पदार्थ खदान क्षेत्र से बाहर न जा सकें, और उत्सर्जन कम हो।*

### विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर

*अडाणी पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसबी ख्यालिया ने बताया कि धीरौली ब्लॉक में खनन की शुरुआत अडाणी पावर की आत्मनिर्भरता और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ख्यालिया ने कहाकि कच्चे माल की आपूर्ति मेंहम न केवल लागतों को कम करने पर काम कर रहे हैं, बल्कि लाखों उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी मूल्य पर बिजली उपलब्ध कराने की भी कोशिश कर रहे हैं। खदान को जिम्मेदारी के साथ विकसित करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटल है, और हमारा ध्यान सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन पर केंद्रित है।*

### इस ब्लॉक के लिए 30 साल का खनन पट्टा

*यह अडाणी पावर की पहली कैप्टिव खदान है जिसे खनन कार्य शुरू करने के लिए सरकार से मिली है। खदान की ओपन कास्ट पीक रेटेड क्षमता वित्त वर्ष 2027 तक के लिए निधारित की गई है। वहीं, भूमिगत खनन की शुरुआत नौ साल बाद शुरू होने वाला है। अडाणी पावर के पास इस ब्लॉक के लिए 30 साल का खनन पट्टा है।*

## सरकारी गोदामों में पुराने चावल का विशाल भंडार

# केंद्रीय पूल में चावल का स्टॉक 37.48 लाख टन के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



सरकारी गोदामों में चावल का विशाल भंडार है, जो रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है और लक्ष्य से काफी अधिक है। यह स्थिति किसानों से अधिक खरीदी और पिछले वर्षों के उत्पादन के कारण बनी है, जिससे सरकार के लिए एक भंडारण और सब्सिडी बोझ बढ़ रहा है। जून 2025 तक सरकारी गोदामों में 59.5 मिलियन मीट्रिक टन चावल का भंडार था, जो 1 जुलाई, 2025 के लिए निर्धारित 13.5 मिलियन टन के लक्ष्य से कहीं अधिक था।

केंद्रीय पूल में चावल का स्टॉक 37.48 लाख टन के पार हो गया है, जो पिछले दो दशकों में सबसे ज्यादा है। व्यापारियों का कहना है कि सरकारी गोदामों में तीन वर्ष से भी अधिक पुराने चावल का भारी स्टॉक पड़ा हुआ है, जिसमें कच्चे (सफेद) चावल की मात्रा सेला चावल से बहुत अधिक है। रोहित कुमार एंड सुगंधी लाल के रोहित जैन के अनुसार खाद्य निगम के पास 379.70 लाख टन चावल तथा 213.50 लाख टन धान (जो 145 लाख टन चावल के समतुल्य है) का स्टॉक उपलब्ध है। यह स्टॉक इस समय का रिकॉर्ड स्तर है।

उन्होंने कहाकि आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा 2022-23 के मार्केटिंग सीजन में 684 लाख टन, 2023-24 में 719 लाख टन तथा 2024-25 के सीजन में 768.10 लाख टन धान की खरीदी की गई थी। इससे निर्मित चावल का वितरण-विपणन विभिन्न स्कीमों के तहत किया गया मगर फिर भी सरकार के पास इसका भारी-भरकम स्टॉक बचा रहा। सितंबर 2022 में खाद्य निगम के पास 244.60 लाख टन चावल तथा 161.60 लाख टन धान का स्टॉक मौजूद था। धान का यह स्टॉक करीब 108 लाख टन चावल के समतुल्य था। इसी तरह सितम्बर 2023 में 232.80 लाख टन चावल एवं 160.70 लाख टन धान (108 लाख टन चावल के समतुल्य) का स्टॉक उपलब्ध था। सितम्बर 2024 में चावल की मात्रा 323 लाख टन एवं धान की मात्रा 148.20 लाख टन (99.20 लाख टन चावल के बराबर) दर्ज की गई। बाजार जानकारों के अनुसार सरकारी गोदामों में मौजूद चावल के भंडारण एवं रख रखाव पर विशाल धनराशि खर्च होती है। इन गोदामों में पुराने चावल का भी अच्छा खासा स्टॉक उपलब्ध है। पिछले सीजन के दौरान धान की सरकारी खरीद 23,000 रुपए प्रति टन के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की गई थी।

## खबर संक्षेप

### एक्सिस बैंक ने किया स्पर्श सप्ताह 2025 के शुभारंभ



**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने आज स्पर्श सप्ताह 2025 के शुभारंभ की घोषणा की। यह एक ऐतिहासिक पहल है जो देश भर में अपनी 5,868 शाखाओं के नेटवर्क में 1 लाख से अधिक कर्मचारियों को एक साथ लाएगी ताकि ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत किया जा सके और उन्हें यादगार अनुभव दिए जा सकें। 1 से 5 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस प्रमुख कार्यक्रम में देश भर के कर्मचारी, ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ेंगे और बैंक की पहचान बनाने वाली सेवा भावना का जश्न मनाएंगे।

### सैमसंग ने लांच किया गैलेक्सी टैब एक्टिविटी 5



**गुरुग्राम।** सैमसंग ने देश में गैलेक्सी टैब एक्टिव5 एंटरप्राइज एडिशन के लांच की घोषणा की। यह एक मजबूत, एंटरप्राइज-रेडी टैबलेट है। फरवरी 2024 में एक्सकवर7 रग्ड स्मार्टफोन के सफल लांच के बाद, भारत में गैलेक्सी टैब एक्टिव5 एंटरप्राइज एडिशन अपनी बेहतर प्रदर्शन क्षमता के साथ रक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रिटेल और सेवा जैसे कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करेगा।

### होंडा की 5.34 लाख यूनिट्स की बिक्री

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने अगस्त 2025 में कुल 5,34,861 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। इसमें 4,81,021 यूनिट्स घरेलू बिक्री में और 53,840 यूनिट्स निर्यात में शामिल हैं। एचएम असिस्टेंट ने जुलाई 2025 की तुलना में कुल बिक्री में 4 फीसदी मासिक वृद्धि (एमओएम) भी दर्ज की। वित्तीय वर्ष 26 (अप्रैल-अगस्त 2025) की वर्ष-से-तारीख ( अवधि में, एचएमएसआई ने कुल 24,22,880 यूनिट्स की बिक्री की, जिसमें 21,73,834 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 2,49,046 यूनिट्स निर्यात में शामिल हैं।

### सेम्प्रे न्युट्रिशंस ने किया 10 करोड़ को एग्रीमेंट

**मुंबई।** सेम्प्रे न्युट्रिशंस लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने नाइजीरिया की तोलाराम वेलनेस लिमिटेड के साथ एक मेन्युफेक्चरिंग एग्रिमेंट किया है। इस करार के तहत, सेम्प्रे न्यूट्रिशंस, स्पेसिफिकेशंस और क्वॉलिटी स्टान्डर्स के अनुसार तोलाराम वेलनेस को न्यूट्रास्युटिकल और खाद्य उत्पादों का निर्माण और आपूर्ति करेगा। इस एग्रिमेन्ट से 10 करोड़ रुपए का वार्षिक कारोबार होने की उम्मीद है, जो तीन वर्षों में लगभग 30 करोड़ रुपए तक बढ़ जाएगा।

## ज्वेलर्स बोले- हॉलमार्किंग सेंटर की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे

**आभूषण और फाइन सोने में पाउडर मिक्स हो रहा है जो इंटरनेशनल लेबल पर बैन**

# हॉलमार्किंग में भी फर्जीवाड़ा ज्वेलरी में नकली एचयूआईडी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नकली एचयूआईडी यानी हॉलमार्किंग की शिकायतों में बीते कुछ महीनों में इजाफा हुआ है। बाजार सूत्रों की मानें को दिल्ली, मेरठ और इंदौर से आने वाली ज्वैलरी में नकली एचयूआईडी का इस्तेमाल कर सौदागरों द्वारा ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। इसके साथ ही के सोने के आभूषण और 24 कैरेट फाइन सोने में भी पाउडर (कैडमियम/ रोडियम/ पैलेडियम/ जेडियम/ इर्टडम/ रूथेनियम/ ऑस्मियम/ रेनियम) मिक्स हो रहा है जो कि इंटरनेशनल लेबल पर बैन है शरीर की स्किन को नुकसान पहुंचाता है और बनाने वाले कारीगर को कैंसर और लंग्स भी डैमेज हो जाते हैं। ज्वैलरी व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी नाम न छापने शर्त पर बताया कि अभी तक मध्यप्रदेश का इंदौर सर्वाधिक टांके वाली ज्वैलरी का हब था, लेकिन अब दिल्ली , मेरठ की भांति ज्वेलरी में नकली एचयूआईडी का इस्तेमाल हो रहा है। जो बीआईएस द्वारा सेंपल लेने और जांच करने पर फेल हो जाता है। जिससे अब हालमार्किंग सेंटर की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। जानकार बताते है कि बाजार में 58 प्रतिशत और 70 प्रतिशत की ज्वैलरी पर खुलेआम एचयूआईडी, पुराना हॉलमार्क करके बिक रही है।



### हॉलमार्किंग फेडरेशन ने भी माना की ज्वेलरी पर हो रही नकली हॉलमार्किंग

हॉलमार्किंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भी माना है कि कुछ लोग सोने के आभूषणों पर नकली हॉलमार्किंग (फेक गोल्ड हालमार्क ) कर रहे हैं। सोने के आभूषण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हॉलमार्किंग की व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई। लेकिन अब इसमें भी छेड़छाड़ की शिकायतें मिलने लगी हैं। कतिपय लोग हॉलमार्किंग में भी फर्जीवाड़ा करने लगे हैं। नकली हॉलमार्किंग कर चिह्न लगाकर खराब गुणवत्ता के सोने को खपाया जा रहा है। बीआईएस के एक अधिकारी ने भी स्वीकार किया फर्जी हॉलमार्किंग वाले आभूषण बाजार में बिकने की शिकायत है। इसके पूर्व में भी बीआईएस ने मेरठ,पटना आदि क्षेत्रों में फर्जी हॉलमार्किंग की ज्वैलरी पकड़ी।

### नकली हॉलमार्किंग चिन्ह लगाना गैर कानूनी

आभूषणों पर नकली हॉलमार्किंग चिह्न लगाना गैर कानूनी है। ऐसा करने पर एक लाख रुपए का न्यूनतम जुर्माना लगाया जा सकता है। एक वर्ष की सजा भी हो सकती है। नकली हॉलमार्किंग की शिकायतों में बीते कुछ महीनों में इजाफा हुआ है। बताया जा रहा है कि बाजार में 10 से 15 फीसदी आभूषणों में इसकी शिकायत की आशंका है।

बताया जा रहा कि दिल्ली, मेरठ और इंदौर में आने वाले आभूषणों में नकली एचयूआईडी का इस्तेमाल हो रहा है।

### सोने-चांदी के भाव में निरंतर वृद्धि का असर पड़ने लगा है ज्वेलरी की शुद्धता पर

*राजधानी में बिकने वाले सोने की प्योरिटी जांचने का कोई पुख्ता इंतजाम होने के बावजूद मार्केट में कहीं 50 तो कहीं 60 प्रतिशत की शुद्धता वाली ज्वैलरी उपलब्ध है। चंद नामचीन ज्वेलर्स ही अपनी साख को बचाए हुए हैं। ज्वेलरी की प्योरिटी की जांच एक मात्र विश्वसनीय तरीका उस पर अंकित हॉलमार्क का निशान होता है, लेकिन अब इसमें भी घालमेल हो रहा है। खुद कई हॉलमार्क एजेंसियां भी संदेह के घेरे में हैं। सोने ने एक लाख रुपए के पार है । सोने-चांदी के भाव निरंतर बढने का असर ज्वेलरी की शुद्धता पर पड़ने लगा है। आभूषणों में शुद्धता का प्रतिशत लगातार घटता जा रहा है। शहर के कई दुकानदार हॉलमार्क लगे ज्वेलर्स बेच जरूर रहे है, मगर उस ज्वेलरी की प्योरिटी व हॉलमार्क निशान पर लगातार सवाल उठ रहे है। वहीं कई दुकानदार ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए ज्यादा मिलावट कर रहे है। मालूम हो कि जेवर बनाने के लिए शुद्ध सोने-चांदी में मिलावट किया जाता है, क्योंकि शुद्ध सोना बहुत मुलायम होता है। उसे जेवर का रूप देने के लिए थोड़ी मिलावट की जरूरत होती है। इसी का फायदा उठाते हुए कई दुकानदार जेवर बनाते समय ज्यादा मिलावट कर कम समय में मोटी रकम बनाने में जुटे हुए है। इतना ही नहीं शहर के कुछ दुकानदार मिलावटी आभूषण हॉलमार्क चिह्न लगा कर बेच रहे है। ग्राहकों को धोखा देने के लिए सभी ज्वेलरी को हॉलमार्क वाला बताते है। मगर उस ज्वेलरी की हकीकत कुछ और ही होती है।*

## कर्जदारों को बड़ी राहत

# पीएनबी और बीओआई ने की ब्याज दर में कटौती, होम-कार लोन की ईएमआई होगी कम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने कर्ज की ब्याज दर में कटौती की है। यह बदलाव लागू हो गया है। दोनों बैंकों ने अपने रिजल कॉस्ट ऑफ फंडर्स बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) में कमी की है। इससे होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन लेने वालों को राहत मिल सकती है।

पंजाब नेशनल बैंक ने सभी समय तक के एमसीएलआर में 15 बेसिस प्वाइंट की छूट दी है। नाइट ओवर एमसीएलआर 8.15 फीसदी से बढ़कर 8 फीसदी हो गया। एक महीने का एमसीएलआर 8.30 फीसदी से 8.25 फीसदी हो गया है। तीन महीने की दर 8.50 फीसदी से 8.45 फीसदी और छह महीने की दर 8.70 फीसदी से 8.65 फीसदी हो गई है। एक साल का एमसीएलआर 8.85 फीसदी से 8.80 फीसदी और तीन साल का एमसीएलआर 9.15 फीसदी से 9.10 फीसदी कर दिया गया है। जबकि बैंक ऑफ इंडिया ने भी एमसीएलआर में 5 से 15 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है। हालाँकि, ओवरनाइट रेट 7.95 फीसदी पर रखा गया है। एक महीने की एमसीएलआर 8.40 फीसदी से 8.30 फीसदी और तीन महीने की एमसीएलआर 8.55 फीसदी से 8.45 फीसदी हो गई है। छह महीने की एमसीएलआर 8.80 फीसदी से 8.70 फीसदी और एक साल की एमसीएलआर 8.90 फीसदी से 8.85 फीसदी कर दी गई है। तीन साल की एमसीएलआर 9.15 फीसदी से 9 फीसदी हो गई है।

### होंडा कार्स ने पेश किया 'होंडा एलिवेट'



**नई दिल्ली।** होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी, होडा एलिवेट में आकर्षक अपडेट पेश किए। त्योहारों से पहले पेश किए गए इन नए अपडेट्स में नए इंटीरियर लुक, बेहतर एक्सटीरियर स्टाईलिंग, तथा ऐसे पैकेज शामिल हैं, जो इस एसयूवी की प्रीमियम अपील और बोल्ड कैरेक्टर बढ़ाते हैं। होंडा एलिवेट जैडएक्स ग्रेड अब नई आईवरी इंटीरियर थीम के साथ आएगी। जैडएक्स ग्रेड अब बेहतर प्रीमियम फील के साथ वैकल्पिक फीचर के रूप में नए अल्फा-बोल्ड ग्रिल के साथ आएगा, जिससे इसका फ्रंट प्रोफाईल और अधिक कमांडिंग एवं स्टाईलिश बन गया है। नए जैडएक्स ग्रेड का मूल्य 15,51,000 रुपए है। इसके अलावा वी, वीएक्स और जैडएक्स ग्रेड्स के मौजूदा रंगों के अलावा, इनके लिए क्रिस्टल

## छोटे खुदरा व्यापारी किराना स्टोर, फेरीवाले सभी होंगे लाभान्वित

# कैट ने जीएसटी में प्रस्तावित टैक्स स्लैब के अंतर्गत वस्तुओं के पुनर्वर्गीकरण की मांग की

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए इसे जीएसटी को वास्तविक अर्थों में कंज्यूमर बोनांजा बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। कैट ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को भेजे गए एक पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री का जीएसटी को सरल बनाने और कर स्लैब को तर्कसंगत करने का दृष्टिकोण देश के आंतरिक व्यापार तंत्र को मजबूत करने का सुनहरा अवसर है। इससे विशेष रूप से छोटे खुदरा व्यापारी, किराना स्टोर, फेरीवाले और पान की दुकान चलाने वाले लोग लाभांवित होंगे, जो देश के अंतिम बिन्दु रिटेल नेटवर्क की रीढ़ हैं। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जीएसटी के अगली पीढ़ी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुधारों के




आह्वान का स्वागत करते हुए इसे जीएसटी को वास्तविक अर्थों में कंज्यूमर बोनांजा बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

### व्यापार तंत्र को मजबूत करने का सुनहरा अवसर

कैट ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को भेजे गए एक पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री का जीएसटी को सरल बनाने और कर स्लैब को तर्कसंगत करने का दृष्टिकोण देश के आंतरिक व्यापार तंत्र को मजबूत करने का सुनहरा अवसर है। इससे विशेष रूप से छोटे खुदरा व्यापारी, किराना स्टोर, फेरीवाले और पान की दुकान चलाने वाले लोग लाभान्वित होंगे, जो देश के अंतिम बिन्दु रिटेल नेटवर्क की रीढ़ हैं।

कैट ने अपने पत्र में कहा कि जब जीएसटी कर प्रणाली का पुनर्गठन किया जा रहा है, तो एक ओर कर स्लैब को पुनर्परिभाषित करना आवश्यक है और दूसरी ओर बहु-आयामी अनुपालनों के बोझ को कम करना इन सुधारों का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। वहीं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि आग्रह किया कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित जीएसटी सुधारों के अंतर्गत कार्बोनेटेड पेयों को 18 प्रतिशत स्लैब में पुनर्वर्गीकृत किया जाए। यह कदम छोटे व्यापारियों को वास्तविक राहत देगा, वैल्यू चेन में रोजगार सृजन को प्रोत्साहन करेगा।

## बैठक पर देश और दुनिया की खास नजर

# जीएसटी काउंसिल की बैठक आज से, हो सकते हैं कई बड़े फैसले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




जीएसटी काउंसिल की दो दिवसीय बैठक बुधवार से शुरू होगी। इस बैठक पर देश और दुनिया की खास नजर है।

क्योंकि जीएसटी रिफॉर्म के पीएम मोदी के ऐलान के बाद इसमें उस दिशा में कदम उठाए जाएंगे। इसमें दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर टैक्स कम करने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में महत्वाकांक्षी बदलाव पर विचार हो सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में इस जीएसटी काउंसिल की बैठक के दौरान जीएसटी रिफॉर्म पर फैसला लिया जाएगा. प्रस्तावित सुधारों में मौजूदा 12 और 28 फीसदी के टैक्स स्लैब को हटाकर केवल 5 और 18 फीसदी की दो कर दरें रखना प्रमुख है। इसके अलावा कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40फीसदी की विशेष दर से कर लिया जाएगा। कर स्लैब में कटौती और इसके चलते कीमतों में कमी का आमतौर पर स्वागत किया गया है, लेकिन विपक्षी दलों के शासन वाले राज्य इस बदलाव के कारण राजस्व में होने वाले नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं। जीओएम ने कर दरों को कम करने के केंद्र के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। परिषद 3-4 सितंबर को इन सिफारिशों पर विचार करेगा।

### जीएसटी बैठक से पहले निवेशकों में उत्साह सेंसेक्स-निफ्टी चढ़े

*भारतीय बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में खुले। निवेशक इस सप्ताह होने वाली दो दिवसीय जीएसटी परिषद की बैठक को लेकर उत्सुक हैं, जहां दरों में बड़े बदलाव की उम्मीद की जा रही है। सेंसेक्स 90 अंक या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 80,454 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50 इंडेक्स 15 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 24,640 पर पहुंच गया। ब्रॉडकैप सूचकांक, निफ्टी मिडकैप 100 में 0.31 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.10 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। सेक्टोरल फ्रंट पर, निफ्टी मीडिया में सबसे अधिक 0.82 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, इसके बाद निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.34 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी एफएमसीजी में 0.20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। अन्य सभी सूचकांक लाल निशान में रहे, निफ्टी आईटी में 0.42 प्रतिशत की गिरावट आई।*

## बिजनेस न्यूज


### फोनपे प्लेटफॉर्म पर म्यूचुअल फंड निवेश के बदले मिलेगी लोन की सुविधा




**मुंबई।** फोनपे ने अपने म्यूचुअल फंड्स पर लोन उत्पाद के लांच की घोषणा की है। यह उत्पाद अपने उपयोगकर्ताओं के लिए एक पूर्णतः स्थानीय और डिजिटल अनुभव प्रदान करता है। यह उत्पाद डीएसपी फाइनेंस के साथ एक रणनीतिक साझेदारी में उपलब्ध है। डीएसपी फाइनेंस, एक तकनीक-केंद्रित एनबीएफसी है जो विरासत और पूंजी बाजार विशेषज्ञता को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़ता है। फोनपे ग्राहकों को सीधे फोनपे ऐप के माध्यम से अपने म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो पर तुरंत ऋण प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। यह नई पेशकश उपयोगकर्ताओं को प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर 10 मिनट से भी कम समय में 2 करोड़ रुपए तक की सुरक्षित क्रेडिट सीमा प्रदान करती है। फोनपे लेंडिंग के सीईओ, हेमंत गाला ने कहाकि हमारा विजन हर भारतीय को वित्तीय उत्पादों तक सहज पहुंच प्रदान करके उनकी वित्तीय प्रगति में तेजी लाने के लिए सशक्त बनाना है।

### ओएनडीसी नेटवर्क पर सभी के लिए ऋण सुलभ बनाने में अग्रणी टाटा डिजिटल

**मुंबई।** टाटा डिजिटल ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) को शीघ्र और प्रभावी रूप से अपनाकर भारत में ऋण की पहुंच का तेजी से विस्तार कर रही है। टाटा डिजिटल ने पिछले 3 महीनों में व्यक्तिगत ऋण के लिए 10 लाख से ज़्यादा आवेदन करना सुगम बनाकर कर ओएनडीसी नेटवर्क पर आवेदनों, उपयोगकर्ताओं और वितरण की मात्रा में सबसे अधिक योगदान किया। टाटा डिजिटल के अध्यक्ष वित्तीय सेवा, गौरव हजराती ने कहाकि ओएनडीसी नेटवर्क पर हमारी भागीदारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का समर्थन करने और वित्तीय उत्पादों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के प्रति टाटा डिजिटल की प्रतिबद्धता का संकेत देती है। टाटा न्यू पर हमारे ऋण मार्केटप्लेस में अब विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में 14 ऋणदाता शामिल हैं।




### डीएससीएल बनी साखर, इथेनॉल और अक्षय ऊर्जा में एकीकृत भूमिका निभाने वाली कंपनी

**मुंबई।** दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड (डीएससीएल) कर्नाटक स्थित एक पचास वर्ष पुरानी कंपनी, साखर, इथेनॉल और अक्षय ऊर्जा में पूर्ण रूप से एकीकृत भूमिका निभाने वाली कंपनी के रूप में उभरी है। डीएससीएल की वर्तमान विकास रणनीति उसकी इथेनॉल उत्पादन क्षमता के तेज विस्तार पर आधारित है, जिसे भारत के इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम और सरकार की स्वच्छ ईंधन के प्रति मजबूत नीतिगत प्रोत्साहन का समर्थन प्राप्त है। ईबीपी को गति मिलते ही, डीएससीएल अपनी वर्तमान 65 केएलपीडी इथेनॉल क्षमता को वित्तीय वर्ष 2026 के भीतर 85 केएलपीडी तक बढ़ाने के लिए तैयार है, साथ ही 110 केएलपीडी तक पहुंचने की आगे की विस्तार योजना है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यॉ.) लोक निर्माण विभाग, वि./ यॉ. संभाग क्र.-2, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)**

सूचना प्रकाश क्रमांक. 17/व.ले.लि./2025-26 — भोपाल, दिनांकः 30/08/2025

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्र. | एन.आई.टी. क्रं. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_ PWDRB_ 448195_1 | 12/SAC/ 2025-26 | वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय / गैर आवासीय भवन अंतर्गत अनुभाग रायसेन, बेगमगंज उपसंभाग वि/यां रायसेन जिला रायसेन | द्वितीय आमंत्रण | 1987000.00 | 39740.00 | 2000/- |
| 2. | 2025_ PWDRB_ 448196_1 | 13/SAC/ 2025-26 | वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय / गैर आवासीय भवन अंतर्गत अनुभाग सिलवानी, बरेली एवं औबेदुल्लागंज उपसंभाग वि/यां रायसेन जिला रायसेन | द्वितीय आमंत्रण | 1991000.00 | 39820.00 | 2000/- |
| | | | योग | | 3978000.00 | | |

नोटः- निविदा विक्रय दिनांक 01/09/2025 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 19/09/2025 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवत होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

इंजी. हिमांशु उपाध्याय
कार्यपालन यंत्री
लो. नि. वि. (वि./यॉ.) संभाग क्र.-2, भोपाल

G-18095/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# खुद अपने पैरों पर क्यों कुल्हाड़ी मार रहा विपक्ष

बीते एक दशक से जो हर चुनाव के दौरान होता है, ठीक वैसे ही हुआ। विपक्ष ने बैठे बिठाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के प्रति अपशब्द कहकर अपने पैर पर खुद कुल्हाड़ी मार ली। वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बिहार के दरभंगा में पीएम मोदी को एक शख्स ने मां की गाली दे दी थी। हालांकि, उस समय मंच पर न राहुल गांधी थे और न ही तेजस्वी यादव, लेकिन मंच सजा था राहुल और तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा के लिए। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने 16 दिनों तक बिहार के कोने-कोने में रैलियां की। उनकी रणनीति जातिगत समीकरणों को साधना, युवाओं को रोजगार का सपना दिखाना और केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना था। दोनों बिहार के मतदाता सूची से 65 लाख वोटरों के नाम कटने का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे थे, लेकिन पीएम मोदी ने मंगलवार को गाली को बिहार ही नहीं देश की सभी मां और बहनों के साथ जोड़कर पूरा नैरेटिव चेंज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था तो उनका क्या दोष था। उनके लिए अपशब्द क्यों कहे गए। हालांकि यह पहली बार यह नहीं है जब प्रधानमंत्री के लिए अपशब्द कहे गए। नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से आज भावुक अंदाज में बिहार की महिलाओं के सामने यह बात कही, उससे एक बात साफ है कि जल्द होने वाले बिहार चुनाव में यह मुद्दा बनेगा। जब-जब विपक्ष ने पीएम मोदी के लिए अपशब्द कहे, यह विपक्ष पर ही भारी पड़ गया। इससे पहले भी मौत का सौदागर, चौकीदार चोर है, चायवाला जैसे अनेक उदाहरण हैं। गुजरात में साल 2002 के दंगों के लिए तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 2007 में गुजरात के तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी के ऊपर टिप्पणी करते हुए कहा था कि गुजरात की सरकार चलाने वाले झूठे, बेईमान और मौत के सौदागर हैं। मोदी ने इस बयान को कांग्रेस के खिलाफ हथियार में बदल दिया। यह बयान आज भी कांग्रेस के लिए नासूर के समान है। नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन कांग्रेस का इस बयान से पीछा नहीं छूटा। 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री पद के दावेदार थे। वह गुजरात से दिल्ली आ चुके थे। इस चुनाव के दौरान ही कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने नरेंद्र मोदी को चायवाला कहा। नरेंद्र मोदी ने इस बयान को हाथों हाथ लिया और हर चुनावी मंच से अपने आप को चायवाला कहकर संबोधित किया। जनता पर इसका सीधा असर भी हुआ। कांग्रेस की करारी हार हुई। हालांकि आखिरी बार ऐसा नहीं था। मणिशंकर के ऐसे बयान बाद में भी सामने आते रहे, वो एक बार पीएम मोदी को नीच भी कह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है का नारा दिया। पीएम मोदी ने इस नारे का भी इस्तेमाल अपने पक्ष में किया। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल का नाम बदलकर चौकीदार नरेंद्र मोदी कर दिया। कुछ ही समय में उस वक्त मैं भी चौकीदार ट्रेंड करने लगा। चुनाव के नतीजे जब सामने आए तो सबको चौंका दिया। चुनाव परिणाम ने बता दिया कि जनता इस नारे से बहुत नाराज हुई। अब बिहार विस चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहकर राजग को मुद्दा थमा दिया है। जल्द ही बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान होने वाला है। विपक्ष को यह मुद्दा कितना भारी पड़ता है, इसका असली पता चुनाव नतीजों के बाद ही चलेगा। हालांकि एक बात तो तय हो गई है कि चुनाव में यह मुद्दा जरूर बनने वाला है। भाजपा इसे भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली।

## मुद्दा
अली खान



# तंबाकू सेवन की व्यापकता को रोकने की चुनौती

हाल ही में राष्ट्रीय कैंसर रोधक एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा किए गए एक अध्ययन ने देश में तंबाकू सेवन की भयावह स्थिति को उजागर कर दिया है। अध्ययन में यह सामने आया है कि देशभर के 100 जिलों में तंबाकू का अत्यधिक सेवन हो रहा है, जिनमें से अधिकतर जिले मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों से हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें से 68 जिलों में धुआं रहित तंबाकू का सेवन व्यापक रूप से प्रचलित है। धुआं रहित तंबाकू से तात्पर्य ऐसे उत्पादों से है जिन्हें जलाकर धुआं नहीं पैदा किया जाता, बल्कि उन्हें सीधे चबाया, चूसा या मुंह में रखा जाता है। इसमें खैनी, गुटखा, पान मसाला, तंबाकू मिश्रित सुपारी जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। ये उत्पाद जितने सुलभ और सस्ते हैं, उतने ही खतरनाक भी हैं। अध्ययन के मुताबिक, 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लगभग 21.4 प्रतिशत लोग धुआं रहित तंबाकू का सेवन करते हैं, जिनमें पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में काफी ज्यादा है। पुरुषों में यह प्रतिशत लगभग 29.6 और महिलाओं में 12.8 है। यह आंकड़ा इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि तंबाकू की लत समाज में कितनी गहराई तक पैठ बना चुकी है।

खासतौर पर गरीब और अशिक्षित वर्ग, ग्रामीण क्षेत्रों और श्रमिक तबके में इसकी खपत अत्यधिक है। यह वर्ग न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर होता है, बल्कि उन्हें तंबाकू सेवन से जुड़ी बीमारियों का इलाज कराने में भी अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसमें मध्य प्रदेश के 15 जिले, उत्तर प्रदेश और बिहार के 11-11 जिले तथा ओडिशा के भी कई जिले इस सूची में शामिल हैं। इन जिलों का चयन यह दर्शाता है कि तंबाकू सेवन केवल किसी एक विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समस्या व्यापक रूप से फैली हुई है। हालांकि, यह बात भी सामने आती है कि जिन जिलों में गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और सामाजिक पिछड़ापन ज्यादा है, वहां तंबाकू का सेवन अधिक होता है। लोग तंबाकू को सस्ता और आसानी से उपलब्ध नशा मानते हैं, जिससे वे अस्थायी रूप से तनाव और थकान से मुक्ति पाने की कोशिश करते हैं। परंतु यह राहत बहुत ही क्षणिक होती है और इसके दीर्घकालिक परिणाम बेहद घातक साबित होते हैं। यद्यपि पुरुष उपभोक्ताओं की संख्या महिलाओं से दोगुनी से भी अधिक है, लेकिन महिलाओं में भी यह आदत चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुकी है। ग्रामीण समाज में विशेषकर महिलाएं घरेलू काम के दौरान खैनी या सुपारी के साथ तंबाकू का इस्तेमाल करती हैं। कुछ जगहों पर इसे परंपरा या आदत के रूप में भी देखा जाता है। तम्बाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति केवल स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करती बल्कि सामाजिक और आर्थिक बोझ भी बढ़ाती है। तंबाकू के कारण उत्पन्न बीमारियों के इलाज पर सरकार और आम जनता दोनों को भारी खर्च उठाना पड़ता है। गरीब तबके को इलाज के लिए आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि कई बार इलाज के अभाव में लोग असमय ही मौत के मुंह में चले जाते हैं। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी का भी मानना है कि तंबाकू महामारी दुनिया के सामने आने वाले सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक है। इससे हर साल 80 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती हैं। इनमें से 70 लाख से अधिक लोगों की मौतें सीधे तंबाकू के उपयोग का नतीजा हैं, लेकिन लगभग 13 लाख लोगों की मौत सीधे तौर पर धूम्रपान करने के बजाय अन्य लोगों द्वारा धूम्रपान करने से निकलने वाले धुएं के संपर्क में आने से होती है।

यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के मुताबिक, धूम्रपान अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह और पुरानी सांस की बीमारियों का कारण बनता है। ऐसे में तंबाकू का इस्तेमाल स्वास्थ्य संकट को बढ़ा रहा है। हालांकि सरकार ने तंबाकू के सेवन को हतोत्साहित करने के लिए सख्त कानून बनाए हैं। फिर भी इसका प्रचलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। लिहाजा, तंबाकू के सेवन को कम करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई जाए। सबसे पहले शिक्षा और जागरुकता पर जोर देना होगा। दरअसल, तंबाकू से होने वाला नुकसान इतना व्यापक है कि इसे केवल व्यक्तिगत आदत कहकर टाला नहीं जा सकता। यह समस्या सामाजिक स्वास्थ्य, आर्थिक विकास और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी हुई है। अगर हम आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं तो तंबाकू के खिलाफ निर्णायक कदम उठाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। तंबाकू सेवन पर अंकुश लगाना केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की एक अनिवार्य शर्त है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं शिक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# स्वदेशी के साथ आगे बढ़े भारत




आत्मनिर्भरता
डॉ. अश्विनी महाजन

यह सही है कि भारत चीन की उपेक्षा नहीं कर सकता, लेकिन उस पर भरोसा भी नहीं कर सकता। बीजिंग के साथ हमारा व्यापार घाटा हर साल 100 अरब डॉलर को पार कर जाता है। चीनी बंदरगाहों से आने वाला हर कंटेनर जहाज चीन पर हमारी निर्भरता की याद दिलाता है। इसी संदर्भ में, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी चीन यात्रा को देखा जाना चाहिए। वे भारत का संदेश लेकर गए, हमारा स्वदेशी सीमित नहीं है, यह व्यापक है। यह हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, हमारे लोगों को सशक्त बनाता है और एक अधिक न्यायसंगत विश्व व्यवस्था में योगदान देता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वदेशी को अपनाने का समय आ गया है। जो 'मेक इन इंडिया' से शुरू हुआ, आत्मनिर्भर भारत के आह्वान में विकसित हुआ, अब स्वदेशी के गहन और समग्र विचार की ओर बढ़ रहा है। यह केवल एक नारा नहीं है। यह एक सभ्यतागत अनिवार्यता है। यह सही है कि भारत चीन की उपेक्षा नहीं कर सकता, लेकिन उस पर भरोसा भी नहीं कर सकता। बीजिंग के साथ हमारा व्यापार घाटा हर साल 100 अरब डॉलर को पार कर जाता है।

वर्तमान में, हमारे दो-तिहाई से ज़्यादा सौर मॉड्यूल, हमारी 70 प्रतिशत से ज़्यादा दवा सामग्री और अरबों डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स सीमा पार से आते हैं। ये सिर्फ़ संख्याएं नहीं हैं, ये कमज़ोरियां हैं। चीनी बंदरगाहों से आने वाला हर कंटेनर जहाज चीन पर हमारी निर्भरता की याद दिलाता है। इसी संदर्भ में, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी चीन यात्रा को देखा जाना चाहिए। उनकी वहां उपस्थिति कोई रियायत नहीं; एक बयान है। भारत बातचीत करेगा, लेकिन स्पष्टता और विश्वास की स्थिति से। बातचीत का मतलब निर्भरता नहीं है। बातचीत का मतलब राष्ट्रीय हितों को कमज़ोर करना नहीं है। संदेश सीधा है: भारत जहां तक संभव हो, सहयोग चाहता है, लेकिन अपनी आर्थिक संप्रभुता से कभी समझौता नहीं करेगा। हाल के अध्ययन, जिनमें अंतरराष्ट्रीय आर्थिक समझ परिषद (सीआइयू ) द्वारा तैयार भारत के भू-आर्थिक ढांचे में चीन अध्ययन के लिए रणनीतिक अनिवार्यता भी शामिल है, इस खतरे को रेखांकित करते हैं। ये अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे चीन का राज्य-प्रधान मॉडल- औद्योगिक अति-क्षमता, डंपिंग, सब्सिडी और वित्तीय इंजीनियरिंग-बाजारों को विकृत करता है और भारत के विनिर्माण आधार के लिए खतरा पैदा करता है। ये अध्ययन फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वच्छ ऊर्जा में चीनी इनपुट पर हमारी खतरनाक निर्भरता की ओर भी इशारा करते हैं, और चेतावनी देते हैं कि संकट के समय ऐसी महत्वपूर्ण वस्तुओं तक पहुंच को आसानी से हथियार बनाया जा सकता है। देश की करीब 50 स्वदेशी कंपनियां आज भारत के रक्षा निर्माण क्षेत्र में क्रांतिकारी काम कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर में ही भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि कैसे भारत की मिसाइल प्रणाली ने चीन की वायु-रक्षा प्रणाली को परास्त कर डाला था। ये जानकारियां एक बात बिल्कुल स्पष्ट करती हैं कि भारत प्रतिक्रियात्मक रुख नहीं अपना सकता, उसे स्वदेशी पर आधारित एक सक्रिय सिद्धांत अपनाना होगा। चीन के दृष्टिकोण के विपरीत, स्वदेशी साम्राज्यवादी नहीं है। यह ऋण या जबरदस्ती के माध्यम से दूसरों पर हावी होने की कोशिश नहीं करता। हमारा स्वदेशी वसुधैव कुटुम्बकम-दुनिया एक परिवार है-के सिद्धांत पर आधारित है। हमारा दृष्टिकोण देश में आत्मनिर्भरता और विदेश में निष्पक्ष, सहयोगात्मक साझेदारी का है। यह भारत में न केवल अपने लिए बल्कि विश्व के लिए भी उत्पादन करने के बारे में है, जो लचीलेपन और सम्मान को मजबूत करता है। वैश्विक स्तर पर, स्थिति बदल रही है। टैरिफ का हथियारीकरण-जो ट्रम्प की पहली पारी में स्पष्ट हुआ और अब वैश्विक व्यापार का एक अभिन्न अंग बन गया है- ने




सरकारों और व्यवसायों को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। विभिन्न क्षेत्रों में, कंपनियां चीन के विकल्प तलाश रही हैं। जहां कई लोग इसे 'चीन+1' कहते हैं, वहीं भारत को एक बड़े विचार को आगे बढ़ाना होगा : भारत+अनेक। भारत के पास विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और सेवाओं का एक विश्वसनीय केंद्र बनने के लिए पर्याप्त पैमाना, प्रतिभा और सभ्यतागत लोकाचार है। हमें घरेलू क्षमताओं को और मज़बूत करना होगा। सरकार ने पहले ही महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, हाल ही में शुरू किया गया राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन, और व्यापार धोखाधड़ी को रोकने के लिए नियमों में संशोधन। ये उपाय, आसियान मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के भीतर भारत की पुनर्वार्ता और यूरोपीय संघ के साथ नए जुड़ाव के साथ, व्यापार नीति को राष्ट्रीय हित के अनुरूप बनाने की इच्छा को दर्शाते हैं। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। सीआईईयू अध्ययन सही ही सिफ़ारिश करता है कि भारत को अनुसंधान और विकास में सार्वजनिक निवेश को दोगुना करके सकल घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत करना चाहिए, यह एक आवश्यक कदम है। यदि हमें सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और अगली पीढ़ी की तकनीकों में नवाचार की खाई को पाटना है। यह सरकार के भीतर एक समर्पित चीन आर्थिक जोखिम निगरानी इकाई- जो जोखिमों का पूर्वानुमान लगाने, चीनी प्रथाओं पर नज़र रखने और सक्रिय नीति निर्धारण को सूचित करने के लिए एक संस्थागत तंत्र- की भी मांग करता है। दोनों ही ज़रूरी और आवश्यक हैं। साथ ही, स्वदेशी सिद्धांत-आधारित साझेदारी का आह्वान करता है। चाहे क्वाड, आसियान, अफ्रीका या लैटिन अमेरिका के माध्यम से, भारत को एक वास्तविक बहुध्रुवीय आर्थिक व्यवस्था बनाने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के साथ काम करना चाहिए। इसी तरह भारत '+1' की परिधि से 'अनेक' के केंद्र की ओर बढ़ सकता है।

जब प्रधानमंत्री मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन की यात्रा कर रहे थे, तो वे भारत के वार्ता संबंधी दायित्व से कहीं अधिक लेकर गए। वे भारत का संदेश लेकर गए कि हमारा स्वदेशी सीमित नहीं है, यह व्यापक है। यह हमारी अर्थव्यवस्था को मज़बूत करता है, हमारे लोगों को सशक्त बनाता है और एक अधिक न्यायसंगत विश्व व्यवस्था में योगदान देता है। ऐसे दौर में जब व्यापार हथियार बन गया है और आपूर्ति श्रृंखलाएं युद्धक्षेत्र बन गई हैं, भारत का रुख़ दृढ़ होना चाहिए। हम बातचीत करेंगे, लेकिन हमेशा अपनी शर्तों पर। दुनिया को दूसरे चीन की ज़रूरत नहीं है। दुनिया को भारत की ज़रूरत है, एक ऐसे भारत की जो स्वदेशी में निहित हो और 'वसुधैव कुटुम्बकम' के मार्ग पर चलता हो।

( लेखक पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

# मन अशांत हो तो करें इष्टदेव का ध्यान



संकलित
दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

# लक्ष्मी जी कहां निवास करती हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं-देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे।

## सटाका




## आज की पाती

### देवस्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित न करें

सरकार हमारे देवस्थलों को पर्यटन के नाम पर विकसित करने के बजाय, केवल पर्यटन स्थलों को इस तर्ज पर विकसित करे। देवस्थलों व लोगों की आस्था से जुड़ी इन जगहों से छेड़छाड़ नहीं की जाए। ये स्थान लोगों की आस्था के प्रतीक हैं, जो लाखों सालों से हम सबकी रक्षा करते आए हैं। हमारे देवस्थान कोई पर्यटक स्थल नहीं हैं, बल्कि लोग यहां अपने व अपने स्वजनों की कुशलता के लिए और अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रार्थना करने के लिए आते हैं। यहां पहुंचने के लिए हमें सड़के नहीं चाहिए, होमस्टे नहीं चाहिए, होटल नहीं चाहिए, रोपवे नहीं चाहिए, पर्यटक नहीं चाहिए, बल्कि शांति चाहिए, श्रद्धालु चाहिए, आस्था चाहिए और देवी-देवताओं की कृपा चाहिए।

*- मिलिंद जोशी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### मां का दुख-दर्द



मेरी मां अब सशरीर इस दुनिया में नहीं है, उसका राजनीति से भी कोई लेना-देना नहीं था। फिर भी जिस प्रकार उसे भद्दी गालियां देकर अपमानित किया गया, उसका दुख-दर्द मुझे बिहार की माताओं-बहनों और बेटियों के आंसुओं में साफ नजर आया।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### पौधरोपण का संकल्प



प्रतिदिन पौधरोपण का संकल्प माँ समान प्रकृति की सेवा का अभियान है। आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधरोपण कर प्रकृति सेवा के अभियान को आगे बढ़ाया। आप भी पौधरोपण अवश्य करें।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### सहायता राशि भेजी



पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आई भीषण बारिश व बाढ़ से उत्पन्न हालात बेहद दुखद हैं। इस संकट की घड़ी में हरियाणा सरकार और प्रदेश की जनता प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री राहत कोष से पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लिए 5-5 करोड़ की सहायता राशि भेजी गई है।

**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### पंजाब की मदद करें




पंजाब हमेशा देश के सामने आए किसी भी संकट का डटकर सामना करता रहा है लेकिन आज राज्य खुद संकट में है। मैं सभी देशवासियों से अपील करता हूं कि इस कठिन समय में पंजाब के लोगों की हर संभव मदद करें।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# अमेरिका में श्रमिक दिवस पर ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन



अमेरिका के कई शहरों में श्रमिक दिवस पर लोगों ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का सड़कों पर उतरकर विरोध किया और श्रमिकों को उचित वेतन दिए जाने की मांग की। शिकागो और न्यूयॉर्क में हुए प्रदर्शनों का आयोजन 'वन फेयर वेज' नामक संगठन ने किया। इन प्रदर्शनों का उद्देश्य अमेरिका में श्रमिकों की परेशानियों की ओर ध्यान खींचना था, जहां न्यूनतम संघीय मेहनताना 7.25 डॉलर प्रति घंटा है। राष्ट्रपति ट्रंप के न्यूयॉर्क स्थित पूर्व आवास के बाहर ''ट्रंप को अब जाना चाहिए' के नारे गूंजे। वहीं, शिकागो में एक अन्य 'ट्रंप टॉवर' के बाहर प्रदर्शनकारियों ने 'नेशनल गार्ड नहीं चाहिए' और 'उसे जेल में डालो' के नारे लगाए। वॉशिंगटन डी सी और सैन फ्रांसिस्को में भी बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। न्यूयॉर्क में लोग 'ट्रंप टॉवर' के बाहर एकत्रित हुए जो वर्षों से राष्ट्रपति का निवास नहीं होने के बावजूद उनके धन-वैभव का प्रतीक और प्रदर्शनों का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लहराए जिन पर कथित 'फासीवादी शासन' को खत्म करने की मांग लिखी थी। वॉशिंगटन में भी बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए।

## ऑफ बीट

# सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक है क्या



आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।'' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450-380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# बिल्डर के घर पिछले तीन महीने में चोरी हुए 6 लाख के जेवरात, नौकरानी पर संदेह होने पर घर में लगवाए सीसीटीवी कैमरे, आखिरकार पकड़ी गई नौकरानी

बिल्डर ने सबूत के साथ पुलिस को की शिकायत नौकरानी के घर से जेवरात और नगदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर में रहने वाले एक बिल्डर के घर में लगातार तीन माह से चोरी की वारदात हो रही थी। उनको समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर बिना लॉक तोड़े जेवरात कैसे चोरी हो रहे हैं। इस दौरान उनको अपनी नौकरानी पर शक हुआ। चार दिन पहले ही उन्होंने घर के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इसके बाद चेक किया तो नौकरानी ही जेवरात चोरी करते हुए दिखी। इसके बाद उन्होंने सबूत के साथ आरोपी नौकरानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

पुलिस के मुताबिक सर्वेश प्रेमचंदानी (55) निवासी रिवेरा टाउन का कंस्ट्रक्शन का कारोबार है। उन्होंने विगत 1 जून को संगीता नाम की महिला को घरेलू काम के लिए रखा था। करीब तीन माह से उनके आलमारी से पत्नी के जेवरात चोरी हो रहे थे। इस मामले में उन्हें नौकरानी पर शंका हुई तो घर के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगवाए और नौकरानी पर नजर रखी। इसी दौरान सीसीटीवी चेक किया तो देखा कि वह आलमारी सहित अन्य स्थानों पर तलाशी लेती नजर आई। उन्होंने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया और पूछताछ की तो नौकरनी ने चोरी करने की वारदात भी स्वीकार कर ली। इसके बाद कारोबारी ने सीसीटीवी फुटेज के साथ पुलिस को मामले की शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने सबूत के आधार पर आरोपी महिला के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज की।

### पुलिस पहुंची तो डराने के लिए पी लिया फिनाइल



कमला नगर थाने के एसआई जय वीर सेंगर का कहना है कि पुलिस एफआईआर दर्ज कर सोमवार को नौकरानी की गिरफ्तारी के लिए पंचशील नगर स्थित उसके घर पहुंची और घर की तलाशी ली तो चोरी किए गए जेवरात और नगदी मिल गए। महिला ने पुलिस को डराने के लिए बाथरूम में घुसकर फिनाइल पी लिया। आनन-फानन में पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। अब उसकी स्थिति सामान्य है। अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही पुलिस उसकी गिरफ्तारी करेगी।

## महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की तो डीजीपी ने खुद आदेश जारी कर टीआई को कर दिया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डीजीपी कैलाश मकवाणा ने एक महिला की शिकायत को गंभीरता से लिया। उन्होंने इस मामले में बैतूल जिले के एक लापरवाह टीआई को सस्पेंड कर दिया। पूरा मामला यह है कि जन सुनवाई में बैतूल से आई शिकायतकर्ता कविता पाल ने डीजीपी को आकर बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई थी, जिसकी शिकायत उन्होंने बैतूल जिले के गंज थाने में की थी। तत्कालीन थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। पुलिस मुख्यालय ने इस साल फरवरी में ही बैतूल पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को जब कविता पाल सीधे डीजीपी के सामने आईं तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से गंज थाने के तत्कालीन टीआई अरविंद कुमरे को निलंबित करने का निर्णलय लिया। इसके पांच मिनट बाद ही डीजीपी ने खुद ही अपने दस्तखत से टीआई को सस्पेंड करने का आदेश भी जारी कर दिया। टीआई को निलंबित कर बैतूल पुलिस लाइन में अटैच किया गया है। डीजीपी ने इसी मामले में बैतूल एसपी निश्चल झारिया के कामकाज को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की।

### खबर संक्षेप

#### निहारिका और प्रियांशी ने कराते में जीता स्वर्ण

**संतनगर।** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा.विद्यालय की छात्रा निहारिका नागर एवं प्रियांशी ने कराते टूर्नामेंट एसजीएफआई में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। एसजीएफआई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता श्री अरबिंदो स्कूल भोपाल में गत दिवस आयोजित इस प्रतियोगिता में अलग-अलग डिविजन के विद्यालयों के लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय की दोनों छात्राओं ने स्वर्ण पदक पर बाजी मारते हुए अक्टूबर माह में ग्वालियर में होने वाले राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। विद्यालय की 29 छात्राओं ने सेकंड ओपन भोपाल कराते टूर्नामेंट में भी भाग लिया, जो एलएनसीटी कॉलेज कोलार में आयोजित की गई थी।

#### शांतिधारा व अभिषेक कर अंशुल ने मनाया जन्मदिन




**औबेदुल्लागंज।** जैन समाज के युवा कार्यकर्ता अंशुल जैन ने अपने जन्मदिन पर मंगलवार को विश्व शांति धारा और अभिषेक किया। उनके पिताजी अजय जैन, किरण जैन, संदीप श्रीवास्तव, श्याम मालवीय, मनोज चौरसिया आदि ने बधाई थी।

#### विवाद के बाद पत्नी मायके गई, पति ने लगाई फांसी

**भोपाल।** रातीबड़ इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि घटना के पूर्व पति और पत्नी में विवाद हुआ था इसके बाद पत्नी मायके चली गई। हालांकि पुलिस को किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक अजय मीणा 32 वर्ष कृष्णा कॉलोनी में किराए से रहता था। सोमवार दोपहर मकान मालिक को गेट बंद दिखा तो उसे शंका हुई। गेट खटखटाने पर कोई हलचल न होने पर गेट को तोड़ दिया तो देखा कि वह वेटिलेशन के लिए लगी लोहे की जाली से फंसी पर लटका हुआ है।

#### पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल की माता को दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल की माता रामरति पटेल का निधन हो गया। औबेदुल्लागंज, तामोट एवं भोजपुर क्षेत्र में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संजय सिंह चौहान, परेश नागर, विशाल मदान, उत्तम यादव, आदिल सिद्दीकी, दुर्गेश यादव, महेश जैन, द्वारका पटेल, श्याम सिंह चौहान तामोट, जिला जनपद सदस्य चंद चौहान, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक, बसंत साहू, पंकज नागरानी, विनोद इरपाचे, अमित मौनी नागर आदि ने श्रद्धांजलि दी।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 340 | 75 | 447 |
| रात: | 290 | 16 | 268 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 579 | 18 | 440 |
| रात: | 399 | 17 | 377 |

पुलिस ने घटनास्थल से किया ब्लेड बरामद, जांच में जुटी

# घर में खून से लथपथ मिली युवती की लाश, धारदार हथियार से काटा गला

कोहेफिजा में रहने वाले युवक से हुई थी सगाई, तीन माह बाद होनी थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### टीटी नगर इलाके के पंचशील नगर में हुई वारदात

टीटी नगर इलाके में 19 साल की एक युवती का खून से लथपथ शव उसके ही घर में मिला है। उसके गले पर धारदार हथियार से काटे जाने के निशान मिले हैं। मामला हत्या का है या आत्महत्या का पुलिस सभी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

पुलिस के मुताबिक रोशनी पिता एजाज मियां (19) पंचशील नगर में रहती थी। उसने बारहवी तक पढ़ाई की थी। इसके बाद मन न लगने के कारण आगे की पढाई छोड़ दी थी। मंगलवार सुबह 9 बजे परिजनों ने टीटी नगर पुलिस को बेटी का रक्त रंजित शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि युवती का शव पड़ा हुआ था और गले में धारदार हथियार के निशान थे। पुलिस को मौके से एक ब्लेड भी मिली है। पुलिस को आशंका है कि इसी ब्लेड से गला काटा गया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि युवती ने स्वयं गला काटा है या उसको किसी ने मारा है। पुलिस ने शव का बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि मामला पूरी तरह संदिग्ध है। पीएम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा होगा।

#### घर में चल रही थी शादी की तैयारियां



पुलिस का कहना है कि मृतका की शादी तय हो गई थी। उसकी कोहेफिजा में रहने वाले औसाफ नाम के युवक से सगाई भी हो चुकी थी। शादी के लिए तीन माह बाद की डेट तय हुई थी। घर में शादी को लेकर तैयारियां चल रही थी। रोशनी अपनी शादी की शापिंग स्वयं कर रही थी और एक दिन पहले ही रिश्तेदारों को शादी के लिए खरीदे कपड़े दिखाए थे।

#### निकाली जा रही सीडीआर

टीटी नगर थाना प्रभारी गौरव दोहरे का कहना है कि मामला पूरी तरह संदिग्ध है। पुलिस को घटना स्थल से ब्लेड मिला है। हत्या है या आत्महत्या पीएम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो सकेगा। पुलिस घटना की हर एंगल से जांच कर रही है। वहीं सीडीआर भी निकाली जा रही है। उसमें स्पष्ट हो सकेगा कि घटनाक्रम के पहले युवती की लास्ट बार किससे बात हुई थी। सीडीआर काफी हद तक स्थिति स्पष्ट होगी।

#### जमानत पर छूटा लिव इन पार्टनर बना रहा था केस वापस लेने का दबाव, चाकू से किया हमला

**भोपाल।** कोलार इलाके में लिव इन पार्टनर ने एक 22 वर्षीय युवती पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस के मुताबिक कजलीखेड़ा निवासी वीर सिंह तोमर ने सूचना दी थी कि उनकी कॉलोनी ट्युलिप हाइट्स के बाहर सड़क किनारे खून से लथपथ एक युवती पड़ी हुई है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने बताया कि 22 वर्षीय युवती जब नाबालिग थी तो आरोपी सोनू सेन उसे बहलाफुसला कर कर्नाटक ले गया था। यहां दोनों काफी समय तक लिव इन रिलेशन में रहे। परिजनों ने इधर, बैरसिया थाने में नाबालिग के गुम होने पर अपहरण का मामला दर्ज करा दिया था। कर्नाटक से दोनों लौटे तो बैरसिया पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद कोर्ट के निर्देश पर उसे जेल भेज दिया। अभी आरोपी जमानत पर बाहर आ गया। वह युवती पर केस वापस लेने का दबाब बना रहा था। इसी को लेकर उसने बैरसिया से युवती को बातचीत करने के लिए बुलाया था। इसी दौरान आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

संत हिरदाराम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शिक्षक दिवस का आयोजन

## छात्राओं को स्वदेशी अपनाने और जाति-धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर




गुरु हमें ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग बताते हैं, उनका स्थान हमारे जीवन में सर्वोच्च होना चाहिए। इन शब्दों के साथ सभागार में उपस्थित हजारों छात्राओं को संबोधित करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. देव आंनद हिंडोलिया ने कहा कि कठोर परिश्रम, आत्मनिर्भरता एक श्रेष्ठ जीवन का आधार है। प्रो. हिंडोलिया मुख्य अतिथि के रूप में संत हिरदाराम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के शिक्षक दिवस के भव्य आयोजन में शामिल हुए। उन्होने छात्राओं को स्वदेशी अपनाने और जाति-धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि शिक्षा केवल उज्ज्वल भविष्य का साधन नहीं, बल्कि जीवन-मूल्यों की नींव है। उन्होंने चरित्र निर्माण, प्राणायाम, संगति के प्रभाव, समय के सदुपयोग तथा आत्मानुशासन की महत्ता पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. डालिमा पारवानी, प्राचार्य, संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं, अपितु जीवन मूल्यों और संस्कारों का भी संचार करता है। अपने उद्बोधन में डॉ. आशीष ठाकुर ने कहा कि गुरु का दायित्व शिक्षण तक सीमित न होकर समाज और राष्ट्र के निर्माण से भी जुड़ा हुआ है।






**औबेदुल्लागंज।** नगर में हर तरफ गणेशोत्सव की धूम है। मां काली गणेश उत्सव समिति रेलवे फाटक राजेंद्र गुड्डू साहू के वार्ड 9 में में बनी गणेश जी की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी है। वहीं मुख्य बाजार की माँ बाघराज गणेशोत्सव समिति, सीताराम चौरहे पर भी बनी मनमोहक झांकी लोगों को आकर्षित कर रहीं हैं।

औबेदुल्लागंज थाने में शांति समिति की बैठक

## शांति और हर्षोल्लास के साथ सभी त्योहार मनाने पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



तहसीलदार निलेश सरवटे एवं टीआई बीपी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को औबेदुल्लागंज थाने में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में डोल ग्यारस, गणेश उत्सव समारोह, ईद ए मिलाद एवं अन्य त्योहारों को हर्षोल्लास से मनाने पर चर्चा की।

श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति हिरानिया के अध्यक्ष राजेश खटीक एवं दूसरी श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सोनू चौकसे, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जयसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव, विनोद इरपाचे, हरजीत सिंह मंगू, परेश नागर, रमेश गौर, राजू मेहरा, सोनू अग्रवाल, विक्रम धाड़ी, कमल नरेश मालवीय, सुरजीत सिंह बिल्ले, अनिल अरोरा, वचन लोधी, पार्षद राजेंद्र गुड्डू साहू, धर्मेंद्र चौरसिया, जीतू नेमा, मुस्लिम समाज के सदर गुड्डू मियां, इंग्लैंश यादव आदि बैठक में उपस्थित रहे। श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक ने तहसीलदार एवं टीआई को बताया एवं श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सोनू चौकसे ने बताया कि सभी त्योहार मिलकर सद्भाव के साथ मनाएंगे।

### श्री हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारियों की नियुक्ति पर किया हर्ष व्यक्त







**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, श्री हिंदू उत्सव समिति के सचिव बहावलपुरी समाज के अध्यक्ष बल्लू अरोरा, हिंदू उत्सव समिति के कोषाध्यक्ष बने। वहीं व्यापार महासंघ के वरिष्ठ अमित राय सचिव बनाए गए। व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, प्रदीप अरोरा, अनिल अरोरा, दिनेश सेन, राजू भाई पटेल, रतन मेघानी, अशोक जायसवाल, सुजीत यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। बल्लू अरोरा कोषाध्यक्ष पंकज कोठारी, सचिव अमित राय सचिव

पर्यूषण पर्व का छठवां दिन

### सुगंध दशमी और दशलक्षण पर्व उत्साह के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



पर्यूषण पर्व छठवें दिन मंगलवार को सुगंध दशमी और दशलक्षण पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर उत्तम संयम धर्म का पालन भी किया गया, जिसे भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ स्वीकारा। मंदिरों में सुबह पूजा-पाठ और अभिषेक किया गया। अनुराग भैयाजी ने कहा कि जिस प्रकार भोजन में सब कुछ हो और नमक न हो तो भोजन बेकार है। हॉस्पिटल में सब कुछ हो और डॉक्टर न हो तो हॉस्पिटल बेकार है। ठीक उसी प्रकार जीवन में सब कुछ हो परंतु संयम न हो तो मानव जीवन बेकार होता है। संयम एक कड़वा पौधा है, इसका फल हमेशा मीठा होता है।

अनुराग भैयाजी ने दो प्रकार के संयम बताएं हैं। दशलक्षण पर्व में जैन धर्म के जातक अपने मुख्य दस लक्षणों को जागृत करने की कोशिश करते हैं। जैन धर्मानुसार दस लक्षणों का पालन करने से मनुष्य को इस संसार से मुक्ति मिल सकती है। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष सुनील जैन पंडित लक्ष्मीचंद जैन कोषाध्यक्ष एलसी जैन, मीना तमोट, इंदिरा तरुण जैन, प्रदीप भंडारी, शिरोमणि, आशा रानी, नरेश दादा विनय जैन आदि लोग मौजूद थे।

### विधायक पटवा और उनकी पत्नी ने की भगवान गणेशजी की आरती



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा एवं उनकी पत्नी मोना पटवा ने नृत्य करते हुए भगवान गणेश जी की आरती की। गणेश उत्सव पर्व पर घर में विराजे भगवान गणेश जी की प्रतिमा की पूजा और सेवा करने में पूरा परिवार लगा हुआ है। भोजपुर क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता गणेश उत्सव में शामिल हो कर भजन-कीर्तन कर रहे हैं।

कलेक्टर की जनसुनवाई में एक दर्जन छात्राओं ने दर्ज कराई अपनी शिकायत

# सरकारी गर्ल्स हॉस्टल में बाहरी लोगों को ठहराया, कमरों में कर रहे तांक-झांक, जिससे छात्राओं की सुरक्षा खतरे में

छात्रावास की अधीक्षक व वार्डन मदद करने की बजाए छात्राओं पर बनाती हैं दबाव

छात्राओं ने यहां के खाने की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




श्यामला हिल्स स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के सीनियर गर्ल्स हॉस्टल में एक व्यक्ति व उसके रिश्तेदारों को ठहराया गया है। इतना ही नहीं यह लोग छात्राओं के कमरों में तांक-झांक भी कर रहे हैं। इधर, छात्रावास की अधीक्षक व वार्डन मदद करने की बजाए छात्राओं पर दबाव बनाती हैं। यह शिकायत कन्या छात्रावास की छात्राओं ने मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में दर्ज कराई। इसके साथ मंगलवार को 122 आवेदकों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

छात्रावास की रहने वाली 14 से अधिक छात्राओं ने बताया कि छात्रावास परिसर में एक अंकल व उनके रिश्तेदार को रहने और आने-जाने की अनुमति दी गई है, जिससे छात्राओं की सुरक्षा का खतरा खड़ा हो गया है। छात्राओं ने यहां के खाने की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए, जिसको लेकर अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने मामले की जांच सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सौंपी है।


#### मैनिट लाइब्रेरी में 500 रुपए किया केबिन शुल्क

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही छात्राओं ने शिकायत दर्ज कराई है कि शासकीय मौलाना आजाद केंद्रीय पुस्तकालय में कैबिन वाली सीटों का उपयोग बढ़ गया है। वह पुस्तकालय की स्थायी सदस्य हैं, जो कि विभिन्न जिलों से आकर अध्ययन करती हैं। पहले 350 रुपए शुल्क था, जिसे बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया है। बढ़े हुए कैबिन शुल्क की समस्या को लेकर क्षेत्रीय ग्रंथपाल रतना बागवानी से मिले, लेकिन उन्होंने नहीं सुनी। कैबिन शुल्क को 350 रुपए करने की मांग की है।

#### बेटे ने हड़पे रिटायर्ड पिता के 70 लाख रुपए

64 वर्षीय रिटायर्ड बिजली कंपनी के सहायक लाइनमैन ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह 31 जनवरी 2024 को कार्यमुक्त हुए थे। तब उनका छोटा बेटा राकेश मालवीय अपने साथ भोपाल ले आया था, जहां उसने बहला फुसला व डराकर मेरे बैंक खाते में अपना नाम जुड़वा लिया था। इसी खाते में मेरी जीवनभर की जमा पूंजी 70 लाख रुपए आए थे। जिसे बेटे राकेश मालवीय ने निकालकर हड़प ली है और वह पेंशन भी निकाल लेता है। इतना ही नहीं अभद्र व्यवहार और बंधक बनाने के साथ ही मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है।

### नर्मदापुरम रोड पर धू-धू कर जल उठी कार



**भोपाल।** नर्मदापुरम रोड पर मंगलवार रात साढ़े 8 बजे दौड़ती एक कार में अचानक आग लग गई। दो महिला समेत 3 लोगों ने तुरंत बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। आईएसबीटी स्थित फायर स्टेशन से दमकल भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से खाक हो गई थी। आग लगने के बाद मौके पर भीड़ लग गई। इस वजह से दोनों ओर जाम की स्थिति भी बन गई।

# मुख्यमंत्री ने कहा, सिंहस्थ से जुड़े सभी निर्माण कार्य 2027 तक करें पूर्ण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 महापर्व के सुव्यवस्थित संचालन के लिए दीर्घकालीन कार्ययोजना का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। संबंधित विभाग उनके कार्यक्षेत्र में जारी गतिविधियों की निरंतर समीक्षा कर यह सुनिश्चित करें कि सभी निर्माण कार्य दिसम्बर 2027 तक अनिवार्यतः पूर्ण हों। साथ ही भीड़ प्रबंधन तथा समस्त प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों के लिए आवश्यक समन्वय भी इस अवधि तक सुनिश्चित कर लिया जाए।

डॉ. यादव ने मंत्रालय में सिंहस्थ-2028 के लिए गठित मंत्रीमंडलीय समिति की चतुर्थ बैठक में बोल रहे थे। बैठक में कुल 2675 करोड़ रुपए लागत के 33 कार्य स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किए गए। इनमें 25 कार्य उज्जैन, 3 खण्डवा, 2 मंदसौर और 3 खरगोन में होने हैं। इनमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग के 21, लोक निर्माण के 6, रेलवे के 2 एवं पर्यटन, गृह, एमपीआरडीसी और जल संसाधन विभाग के एक-एक कार्य शामिल हैं।

**सिंहस्थ-2028 के लिए 2675 करोड़ रुपए के 33 कार्य स्वीकृत**

**डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक**



### स्थानीय निवासियों को बनाएं सहभागी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ संबंधी निर्माण कार्यों तथा नगर के भीतर के मार्गों के चौड़ीकरण कार्य व अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय निवासियों को सहभागी बनाया जाए और उनके अभिमत को भी महत्व दिया जाए। सिंहस्थ के दौरान पदयात्रियों की सुविधा और वाहनों की पार्किंग का विशेष ध्यान रखा जाए। डॉ. यादव ने कहा कि बेहतर प्रबंधन के लिए उज्जैन को सात जोन में विभाजित करते हुए पेयजल, स्वच्छता, आवागमन, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, आवास आदि का प्रबंधन किया जाए। नगर निगम और विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित संस्थाओं की क्षमता विकास के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### 12 किमी लंबे 6 लेन मार्ग से जोड़े जाएंगे सभी घाट

बैठक में क्षिप्रा नदी के पश्चिमी भाग पर सिंहस्थ बायपास से मेला क्षेत्र को आने वाले सभी मार्गों को कनेक्ट करते हुए नदी के पास स्थित मंदिरों और सभी घाटों को जोड़ने वाले एमआर-22 को स्वीकृति प्रदान की गई। लगभग 194 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले 12 किमी लंबे 6 लेन मार्ग से सभी घाटों को जोड़ा जाएगा और सिंहस्थ के दौरान इसका बस रैपिट ट्रांजिट के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। इसी प्रकार सिंहस्थ बायपास से रामघाट तक पहुंचने के लिए बड़नगर रोड के विकल्प के रूप में कार्तिक मेला ग्राउंड से नईखेड़ी मार्ग को अनुमोदन प्रदान किया गया। इंदौर उज्जैन रोड से क्षिप्रा नदी के पश्चिम भाग को जोड़ने के लिए शनि मंदिर से जीवनखेड़ी रोड, इंदौर रोड से आने वाले श्रद्धालुओं को त्रिवेणी घाट और शनि मंदिर तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग किए जाने वाले शांतिधाम चौराहा से शनि मंदिर रोड और महाकाल मंदिर को रामघाट से सीधे जोड़ने व महाकाल आने वालों को चौड़ा मार्ग उपलब्ध कराने के लिए महाराज वाडा चौराहा से हरसिद्धि मंदिर चौराहा क्षिप्रा नदी तक के रोड का अनुमोदन किया गया।

### पर्यटन विभाग को सौंपा जाएगा ग्रांड होटल परिसर

बैठक में क्षिप्रा नदी पर 122 करोड़ रुपए लागत से लगभग 9 किमी लंबाई के घाटों के उन्नयन कार्य, छत्री चौक स्थित रीगल टॉकीज पर पार्किंग, प्लाजा व दुकानों के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही होटल परिसर को पर्यटन विभाग को हस्तांतरित करने के उद्देश्य से अधिकारियों और स्टाफ क्वार्टर निर्माण तथा शहर के प्रमुख मार्गों के सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित परिवारों के लिए पंवासा में भूखंड आवंटन के लिए अधोसंरचना विकास के उद्देश्य से आवश्यक अधोसंरचना सुविधाएं विकसित करने के लिए 10 करोड़ 34 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सिंहस्थ-2028 के दौरान महेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं को मां अहिल्या द्वारा कराए गए कार्यों से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किए जा रहे अहिल्या लोक के निर्माण के लिए 110 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप



### शर्मा बने दैनिक वेतन भोगी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**भोपाल।** दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के नियमितीकरण के रास्ते बंद कर उन्हें स्थाईकर्मी, विनियमित सेवाकर्मी एवं श्रमिक बनाकर शोषण किया जा रहा है। राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के प्रांताध्यक्ष शीलप्रताप सिंह पुढ़ीर द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की लंबित मांगों और ज्वंलत समास्याओं के निराकरण के लिए दैनिक वेतन भोगी प्रकोष्ठ का गठन किया है। राहुल शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय को अध्यक्ष पद पर मनोनित किया है।

### शाहिद मछली ने बुखारी से खरीदी थी राइफल

**भोपाल।** राजधानी के शूटर्स द्वारा कारतूस के हेरफेर की आशंका के चलते पुलिस और प्रशासन की टीम उनके रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस की जांच में ये बात भी सामने आई है कि शाहिद अहमद ( मछली ) के पास शूटर का खिताब था। इसके लिए उसने अवैध शूटिंग रेंज चलाने वाले शारीक बुखारी से विदेशी राइफल खरीदी थी। बुखारी की बेटी भी शूटर है। उसको ये गन खरीदे हुए पांच साल हो गए थे। इसलिए उसने ये राइफल शाहिद को बेच दी थी।

### 25 पुलिस अधिकारियों के किए गए तबादले

**भोपाल।** राज्य शासन ने मंगलवार देर रात एडिशनल एसपी स्तर के 25 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए हैं। आदेश के अनुसार अनिल कुमार पाटीदार को एआईजी भोपाल ग्रामीण, गीतेश कुमार गर्ग को जोनल एसपी स्पेशल ब्रांच ग्वालियर, राजेश कुमार शर्मा को एआईजी ग्वालियर, मनीषा पाठक को एसपी पीटीएस उज्जैन, संदीप मिश्रा को एडिशनल एसपी रीवा पदस्थ किया गया है। लिस्ट के मुताबिक पल्लवी त्रिवेदी को एसपी पीटीएस भौंरी, बिट्टू सहगल को एडिशनल एसपी खरगोन, अभिषेक राजन को एडिशनल एसपी नर्मदापुरम, विवेक कुमार लाल को एडिशनल एसपी रतलाम बनाया गया है। जय राज कुबेर को एएसपी ग्वालियर, यासमीन जेहरा को एएसपी पुलिस अकादमी भौरी, स्टेला सुलिया एएसपी इंटेलिजेंस भोपाल नगर, लवली सोनी एसपी पीटीएस सागर सहित 25 पुलिस अफसर के तबादले किए गए हैं।

### होम्योपैथी चिकित्सालय में होगा मोटापे का इलाज

**भोपाल।** शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में हाइपोथायरायडिज्म वह ओबेसिटी के लिए विशेषज्ञ इकाई की स्थापना की गई है। इकाई की स्थापना का उद्देश्य थायराइड ग्रंथि की अनियमितताएं और उससे होने वाले मोटापे में होम्योपैथी की कारगर दावों के माध्यम से अनुसंधान एवं उपचार किया जाना है। नोडल अधिकारी जूही गुप्ता ने बताया कि यदि समय रहते प्राकृतिक एवं होम्योपैथी उपचारों से इसका नियंत्रण किया जाए तो व्यक्ति दीघार्यु होता है।

## कैबिनेट बैठक: पुनरीक्षित योजनाओं में 2,813 करोड़ रुपए वृद्धि का अनुमोदन

# जल जीवन मिशन योजनाओं के लिए केंद्र ने मना किया, राज्य सरकार अपनी मद से कराएगी पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में नल जल योजनाओं का काम पूरा नहीं हुआ है। इस वजह से केंद्र सरकार ने बजट अलाटमेंट करने से मना कर दिया है। अब राज्य सरकार अपने मद से राशि खर्च कर इन एकल नल जल योजनाओं को पूरा कराएगी। काम में देरी की वजह से जल जीवन मिशन की पुनरीक्षित योजनाओं में 2,813 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। मप्र कैबिनेट ने मंगलवार को इस बढ़ोतरी हुई राशि का अनुमोदन कर दिया।

दरअसल, मप्र में 27 हजार 990 योजनाओं में से 15 हजार 947 ग्रामों की योजनाएं पूर्ण हो चुकी है। जबकि 12 हजार 43 योजनाओं के कार्य विभिन्न चरणों में प्रगतिरत हैं। अभी तक कुल 8 हजार 358 योजनाओं के पुनरीक्षण की आवश्यकता हुई है। जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में अब तक 20 हजार 765 करोड़ रुपए लागत की 27 हजार 990 एकल ग्राम नल जल योजनाओं और 60 हजार 786 करोड़ रुपए लागत की 148 समूह जल प्रदाय योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि नल जल योजनाओं के लिए केंद्र सरकार ने पैसे देने से मना कर दिया है। इस स्थिति में सरकार अपने मद से राशि खर्च करेगी।

### उज्जैन में नवीन रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए 371 करोड़ 11 लाख स्वीकृत

**इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड (एक्सेस कंट्रोल) मार्ग के लिए 2,935 करोड़ 15 लाख स्वीकृत**



#### राज्य सरकार की ओर से वहन किए जाने का अनुमोदन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ओर से प्रदेश में 'जल जीवन मिशन अंतर्गत पुनरीक्षित योजनाओं में प्रस्तावित लागत में वृद्धि राशि 2,813 करोड़ 21 लाख रुपए राज्य सरकार की ओर से वहन किए जाने का अनुमोदन किया, जो लगभग 13.55 प्रतिशत है।

#### उज्जैन मे नवीन रेलवे ओवर ब्रिज की स्वीकृति

*कैबिनेट ने आगामी सिहंस्थ-2028 के मद्देनजर उज्जैन शहर में हरिफाटक रेलवे क्रॉसिंग पर 4 लेन और हरिफाटक चौराहे से नीलकंठ द्वार तक 980 मीटर लंबाई के नवीन रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए 371 करोड़ 11 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति सिहंस्थ मद अंतर्गत प्रदान की गई।*

#### इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड (एक्सेस कंट्रोल) मार्ग निर्माण की स्वीकृति

कैबिनेट ने इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड (एक्सेस कंट्रोल) मार्ग, लंबाई 48.10 किमी का 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर एवं दोनों ओर दो लेन सर्विस रोड सहित, हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल योजनांतर्गत निर्माण कार्य के लिए भू-अर्जन सहित 2935.15 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। परियोजना को हाईब्रिड एन्यूटी मॉडल पर किए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई परियोजना के तहत 34 अंडर पास, 2 फ्लाई ओवर, 1 आरओबी, 7 मध्यम पुल एवं 2 वृहद जंक्शन का निर्माण सहित सभी जंक्शन का सुधार, सड़क सुरक्षा उपाय, रोड मार्किंग आदि कार्य किए जाएंगे।

#### नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग निर्माण को मंजूरी

कैबिनेट ने नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग कुल लंबाई 72.18 किमी के दो लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण के लिए हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएमए) योजनांतर्गत भू-अर्जन सहित राशि 972 करोड़ 16 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना के तहत 2 अंडर पास, 4 बड़े पुल, 37 मध्यम पुल, 14 वृहद जंक्शन एवं 52 मध्यम निर्माण कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जंक्शन सुधार, सुरक्षा उपाय, रोड मार्किंग और रोड फर्नीचर का कार्य भी किया जाएगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की अपील का असर, कार्यकर्ताओं ने हटाए जन्मदिन के पोस्टर-बैनर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपने जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए आग्रह किया था कि कोई भी कार्यकर्ता होर्डिंग, बैनर अथवा अन्य प्रचार माध्यमों का उपयोग न करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की इस अपील का असर जमीनी स्तर पर देखने को मिला। भोपाल, बैतूल सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर जहां कार्यकर्ता जन्मदिन पर पोस्टर-बैनर लगाने की तैयारी में थे, उन्होंने तैयारियां रोक दीं।

बैतूल में पहले से लगे कुछ होर्डिंग्स को भी स्वेच्छा से हटा लिया गया। यह कार्यकर्ताओं के अनुशासन, नेतृत्व के प्रति आस्था और संवेदनशीलता का जीवंत उदाहरण है। खंडेलवाल का मानना है कि राजनीति का असली उद्देश्य जनसेवा है। प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं ने अनुशासन दिखाते हुए प्रदेश अध्यक्ष की मंशा का पालन किया।

#### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स की बैठक में हुए

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को बैतूल में कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक में सहभागिता कर संबोधित किया। बैठक में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल एवं जिला अध्यक्ष मनोज भार्गव उपस्थित रहे।

## राज्य शासन की ओर से घोषित गृह भाड़ा भत्ता भी मिलेगा: राजपूत

# नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को भी मिलेगा चतुर्थ समयमान वेतनमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में नागरिक आपूर्ति निगम और भण्डार गृह निगम के संचालक मंडल की बैठक में कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अब नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को भी चतुर्थ समयमान वेतनमान मिलेगा। साथ ही गृह भाड़ा भत्ते भी राज्य शासन की ओर से घोषित दरों के अनुसार दिए जाएंगे। खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

कर्मचारियों को भी विभाग के हित में बेहतर से बेहतर कार्य कर अपनी उपयोगिता सिद्ध करनी होगी। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि कॉर्पोरेशन के कर्मियों की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर परिवार को अनुग्रह राशि दोगुनी से भी अधिक दी जाएगी। वर्तमान में 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दी जाती है। अब अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपए तक अनुग्रह राशि दी जाएगी। निगम में सेवा पदोन्नति नियम-2025 का भी प्रावधान किया जाएगा।



#### ऐप के माध्यम से होगी भण्डार गृहों की मॉनीटरिंग

*भण्डार गृह निगम की संचालक मण्डल की बैठक में निर्णय लिया गया कि भण्डार गृहों की मॉनीटरिंग के लिए एप बनाया जाएगा। इस एप के माध्यम से भण्डारित अनाज की मात्रा, उसकी क्वालिटी आदि का सत्यापन किया जा सकेगा। अधिकारी भण्डार गृह का निरीक्षण करने का फोटो एप में अपलोड करेंगे। जियो टेगिंग भी रहेगी।*

#### समय पर कराएं भण्डार गृहों का मेंटेंनेंस

*धान का उपार्जन शुरू होने के पहले सभी भण्डार गृहों का मेंटीनेंस करवाना सुनिश्चित करें। शहरों के पास स्थित भण्डार गृहों को खाली होने की स्थिति में प्रायवेट कम्पनियों को किराये में देने की नीति बनाएं। मंत्री राजपूत ने रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।*

## भोपाल स्मार्ट सिटी पर हुई अहम बैठक

# 'कमाल का भोपाल' अभियान की सराहना, होगा ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के बेहतर, आधुनिक विकास को लेकर मंगलवार को सीईओ अंजू अरुण कुमार और क्रेडाई के अध्यक्ष मनोज मीक के बीच बैठक हुई। इसमें स्मार्ट सिटी की संपत्तियों को निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने और व्यवहारिक विकास के नए आयामों पर चर्चा की गई।

बैठक में 'कमाल का भोपाल' अभियान की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सीईओ अंजू अरुण कुमार ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि यह राजधानी क्षेत्र की पहचान को नया आयाम दे सकती है। अभियान के संस्थापक मनोज मीक ने उन्हें भोपाल की विशिष्टताओं पर आधारित पुस्तकें भेंट कीं। बैठक में तय हुआ कि इसी माह विषय विशेषज्ञों, इंडस्ट्री एसोसिएशन और शहर के बुद्धिजीवियों के साथ एक ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन आयोजित किया जाएगा। इसमें प्राप्त सुझावों को योजना बना रही एजेंसियों तक पहुंचाया जाएगा ताकि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को विशेषज्ञों तथा नागरिक राय के आधार पर और सशक्त बनाया जा सके। इस मौके पर वरिष्ठ टाउन प्लानर वीपी कुलश्रेष्ठ भी मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री से केंद्र सरकार के अधिकारियों ने की भेंट



# मप्र की ऐतिहासिक विरासत को अवर सचिव दल ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को मंत्रालय में प्रधानमंत्री कार्यालय के अवर सचिव विनोद बिहारी सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों के 38 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्यरत अवर सचिव शामिल थे। यह सभी अवर सचिव इस मिड कैरियर कोर्स के उपरान्त उप सचिव के पद पर पदोन्नत होंगे और अलग-अलग मंत्रालयों में उनकी पदस्थापना की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि वे मध्यप्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक विरासत से प्रभावित हुए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने कहा कि भारत सरकार के यह सभी अधिकारी जनकल्याण की दृष्टि से विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

#### देश के हृदय मप्र में सभी का स्वागत

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के हृदय प्रदेश में सभी का स्वागत है। मप्र अनेक नवाचारों को अपनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के पैमानों पर कार्य कर रहा है। नागरिकों को स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं। आयुष्मान कार्डधारी और अन्य नागरिकों को आपातकाल में जीवन रक्षा के लिए एयर एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इसीतरह मेडिकल कॉलेजों की स्थापना का कार्य निरंतर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के अधिकारियों को जानकारी दी कि पीपीपी मॉडल के आधार पर जिला अस्पतालों का मेडिकल कॉलेज के रूप में उन्नयन कर आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस मॉडल की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए मात्र एक रुपए में 25 एकड़ भूमि के आवंटन, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध करवाने और मेडिकल कॉलेज का प्रबंधन, प्राप्त शुल्क राशि से किए जाने की व्यवस्था की गई है।*

## कई मुद्दे हैं, जिन्हें आधार बना कर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया जा सकता है

# सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को शिक्षकों ने बताया स्वागत योग्य, कहा-बच्चों के साथ शिक्षकों के हित में निर्णय

**शिक्षकों की व्यवसायिक दक्षता में बढ़ोतरी होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले से इन दिनों शिक्षा जगत में हलचल तेज हो गई है। दरअसल, फैसला टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) को लेकर है। सुप्रीम कोर्ट ने एक सितंबर को महत्वपूर्ण फैसला दिया है जिससे देश भर के कक्षा एक से आठ को पढ़ाने वाले शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा है कि कक्षा एक से आठ तक पढ़ाने वाले शिक्षकों को दो साल में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) पास करनी होगी। शिक्षकों ने सर्वोच्च न्यायलय के फैसले को स्वागत योग्य बताया है। हालांकि शिक्षक संगठन इस पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने पर भी विचार कर रहे हैं। उनका कहना है कि कई मुद्दे हैं जिन्हें आधार बना कर फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया जा सकता है।

### परीक्षा की अनिवार्यता का निर्णय स्वागत योग्य



सर्वोच्च न्यायालय का शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता का निर्णय स्वागत योग्य है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत पूर्व से यह अनिवार्य है और स्कूली बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों के हित में है। इससे शिक्षकों की व्यवसायिक दक्षता में बढ़ोतरी होगी। हालांकि शिक्षकों को इस परीक्षा के लिए समय दिया जाना चाहिए। प्रदेश में बड़ी संख्या में शिक्षक हैं, जो इस निर्णय से प्रभावित होंगे। शिक्षकों को भी आगे आकर छात्र हित में अपनी दक्षता वृद्धि के लिए स्वयं प्रयास करना चाहिए।

**मुकेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष**
समग्र शिक्षक, व्याख्याता, प्राचार्य कल्याण संघ मप्र

### पुनर्विचार के लिए अनुरोध किया जा सकता है



पुराने शिक्षकों पर टीईटी लागू होने से बड़ी संख्या में शिक्षक प्रभावित होंगे। बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक हैं जिनके 6 साल, 7 साल या फिर 8 साल ही नौकरी के बचे हैं। ऐसे में इन शिक्षकों को परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता से छूट मिलनी चाहिए। मप्र में बीते करीब 20 वर्ष से शिक्षक पात्रता परीक्षा के माध्यम से भर्ती की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले हम सभी सम्मान करते हैं। हालांकि कई मुद्दे हैं जिन्हें आधार बना कर फैसले पर पुनर्विचार करने का सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया जा सकता है। शिक्षकों के हित में जो भी सहयोग होगा संगठन उनके साथ है।

**उपेंद्र कौशल**, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शासकीय शिक्षक संगठन, मप्र

### एक लाख से अधिक शिक्षक प्रभावित होंगे

*सर्वोच्च न्यायालय का फैसला सर्वमान्य है और स्वागत योग्य है।*



*हालांकि जिन शिक्षकों की नौकरी 10 साल या उससे कम वर्षों की बची है, उन्हे इससे छूट मिलनी चाहिए। जब इन शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी, तब यह नियम लागू नहीं था। ऐसे में प्रदेश के एक लाख से अधिक शिक्षक इससे प्रभावित होंगे। जरूरत हिसाब से शिक्षकों के हित में अन्य विषयों को आधार बनाकर इस निर्णय पर पुर्नविचार के लिए अनुरोध किया जा सकता है।*

***सुरेशचंद्र दुबे**, प्रांत अध्यक्ष समग्र शिक्षक संघ मप्र*



# गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट 12 सितंबर और कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट 5 अक्टूबर को होगा

## ऑल सीजन टेंट सिटी के साथ साहसिक गतिविधियों का होगा रोमांच

### मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने किया गांधीसागर एवं कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट एंड फेस्टिवल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश अब पर्यटकों को देने जा रहा है, ऐसा सफर, जिसकी प्रतीक्षा लंबे समय से थी। जंगल की रोमांचक रातें, नदी और बैकवाटर्स की शांति और आसमान को छूती साहसिक गतिविधियां। ये सब जल्द शुरू करने जा रहे हैं पर्यटन का नया अध्याय।

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड, ईको-टूरिज्म और साहसिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से इस वर्ष दो महत्वपूर्ण आयोजनों का शुभारंभ करने जा रहा है। गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट का चतुर्थ संस्करण 12 सितंबर से मंदसौर जिले के गांधीसागर डैम पर और कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट का द्वितीय संस्करण 5 अक्टूबर से श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान के समीप आयोजित होगा।

### उच्चस्तरीय और सर्व सुविधा युक्त ग्लेम्पिंग का उठाएंगे आनंद



वहीं, अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति, गृह और धार्मिक न्यास शिव शेखर शुक्ला ने कहा गांधीसागर और कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट, अनुभव-आधारित पर्यटन के उदाहरण हैं। इन आयोजनों में आने वाले मेहमान उच्चस्तरीय और सर्व सुविधा युक्त ग्लेम्पिंग का आनंद उठाएंगे और जल, थल एवं वायु आधारित साहसिक गतिविधियों जैसे पैरासेलिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्की, हॉट एयर बैलूनिंग, जंगल सफारी, नाइट वॉक और स्टार गेजिंग का रोमांचक अनुभव प्राप्त करेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ने का है प्रयास


पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि यह आयोजन केवल पर्यटन आयोजन नहीं है, बल्कि ये हमारे प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर, सांस्कृतिक समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ने का प्रयास हैं। गांधीसागर और कूनो ईको-टूरिज्म व साहसिक पर्यटन के केंद्र के रूप में उभरे हैं।

### कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट एंड फेस्टिवल

चीतों की वापसी के ऐतिहासिक क्षण का साक्षी रहा कूनो राष्ट्रीय उद्यान अब इको-टूरिज्म और सांस्कृतिक धरोहर का संगम प्रस्तुत करने जा रहा है। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के साथ पर्यटन को नई पहचान देगा।

#### यह होंगे मुख्य आकर्षण के केंद्र

- विलेज टूर और विभिन्न कार्यशालाएं
- हॉट एयर बैलूनिंग और स्टार गेजिंग का अनुभव
- चीता इंटरप्रिटेशन सेंटर



### गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट एंड फेस्टिवल



चंबल नदी पर बने गांधीसागर डैम के मनोहारी बैकवाटर क्षेत्र को एडवेंचर हब बनाने की दिशा में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा यह आयोजन शुरू किया गया था, जो अब देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

#### यह होंगे मुख्य आकर्षण के केंद्र

- ❑ प्राकृतिक सौंदर्य से घिरी ग्लेम्पिंग साइट (50 लग्जरी ऑल सीजन टेंट सिटी)
- ❑ जल, थल और वायु आधारित साहसिक गतिविधियां पैरासेलिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्की, जोरबिंग आदि
- ❑ बोट सफारी एवं बोट स्पा
- ❑ जंगल सफारी
- ❑ स्थानीय व्यंजन, इनडोर स्पोर्ट्स एवं मनोरंजन सुविधाएं

## भारत भवन में शुरू हुई गोकरण सिंह और वाजदा खान के चित्रों की प्रदर्शनी

# विश्व, आत्मा, प्रकृति और भौतिकता दर्शाती पेंटिंग्स



भोपाल। बहुकला केंद्र भारत भवन की रंगदर्शनी दीर्घा में मंगलवार को एक विशिष्ट कला प्रदर्शनी अद्वैत का शुभारंभ हुआ। इस ग्रुप पेंटिंग एग्जीबिशन में कला जगत के दो सशक्त हस्ताक्षर गोकरण सिंह और वाजदा खान के चुनिंदा चित्रों का प्रदर्शन किया गया है।

### कलाकारों के भीतर के गहरे मनोभावों का दर्शन

अद्वैत प्रदर्शनी की विशेषता यह है कि इसमें प्रस्तुत चित्र केवल दृश्य अनुभव तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे कलाकारों के भीतर के गहरे मनोभावों को भी व्यक्त करते हैं। 'अद्वैत' का दार्शनिक अर्थ है दो का अभाव, एकत्व का भाव। यही अवधारणा इन चित्रों में प्रदर्शित होती है। गोकरण सिंह और वाजदा खान ने अपने कैनवास पर उन संवेदनाओं को उकेरा है, जो व्यक्ति और विश्व, आत्म और प्रकृति, भौतिकता और अध्यात्म के बीच एक सामंजस्य की तलाश प्रस्तुत करती हैं। चित्रों में प्रयुक्त रेखाओं, रंगों और संरचनाओं से स्पष्ट होता है कि कलाकारों ने पारंपरिक अभिव्यक्ति को आधुनिक संवेदनशीलता के साथ जोड़ा है।



### अमूर्त रूपों के माध्यम से दिखी आत्मसंवाद की झलक

इन चित्रों में कहीं अमूर्त रूपों के माध्यम से आत्मसंवाद की झलक मिलती है, तो कहीं प्रकृति और मानवीय मनोविज्ञान के गहरे रिश्ते नजर आते हैं। इन कृतियों में रंगों का संयोजन केवल सौंदर्य का साधन नहीं, बल्कि विचार और भावनाओं का माध्यम भी है। यह चित्र न केवल कला की विविधता और गहराई का परिचय देते हैं, बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि कैसे आधुनिक कलाकार भारतीय दार्शनिक अवधारणाओं को समकालीन कला में रूपांतरित कर रहे हैं।

### अनुभूति और दर्शन की छाप छोड़ती 36 पेंटिंग

इस अवसर पर कला प्रेमियों, युवा चित्रकारों और समीक्षकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कला जीवन का सूक्ष्मतम रूप है, जो केवल रूप और रंग में नहीं, बल्कि अनुभूति और दर्शन में भी अपनी छाप छोड़ती है। प्रदर्शनी में कुल 36 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं।

## दीवानियत के लांच ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए

# फिल्म दीवानियत के टाइटल ट्रैक में छाया गीतकार कुनाल वर्मा का जादू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मशहूर गीतकार, संगीतकार और गायक कुनाल वर्मा ने एक बार फिर अपनी काबिलियत साबित की है अपनी नई फिल्म दीवानियत के टाइटल ट्रैक के साथ, जिसमें हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा नजर आ रहे हैं।

कुनाल द्वारा लिखे और संगीतकार जोड़ी कौशिक-गुड्डू द्वारा तैयार इस गीत ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है और साल की सबसे चर्चित रिलीज में से एक बन गया है। करण ने कहा कि इसके टीजर ने पहले ही पूरे देश में जबरदस्त उत्सुकता पैदा की थी और अब इसके लांच ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।



### कुनाल के गीत को काफी सराहा

फिल्म के साउंडट्रैक में और गहराई जोड़ते हुए, कुनाल ने इसके लिए एक और गीत लिखा और संगीतबद्ध किया है, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। यह सफलता उनके पिछले हिट गीत दिल, (कौशिक-गुड्डू के साथ) के कुणाल कहते हैं कि इसके लिए मैंने काफी क्रिएटिव ढंग से सोचा और अपनी पूरी ईमानदारी से इसके काम किया, तभी दर्शकों का इतना प्यार इसे मिल पाया।

## आदर्श नगर के सांस्कृतिक सभागार में नाटक का मंचन

# निम्न और मध्यम वर्ग के अभावों का चित्रण करता है 'उनके बाद'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिस तरह से मौसम में बदलाव होना अनिवार्य है, ठीक उसी तरह से हर दौर के संबंधों में भी परिवर्तन होना स्वाभाविक है, जिसे हम जेनरेशन गैप कहते हैं। हम थियेटर ग्रुप द्वारा मंगलवार को आदर्श नगर भोपाल के सांस्कृतिक सभागार में गणेश उत्सव पर नाटक 'उनके बाद' की प्रस्तुति हुई। पिता-पुत्र के रिश्तों में आए अंतर्द्वंद के साथ ही निम्न वर्ग और मध्यम वर्ग के अभावों का चित्रण करता यह नाटक कामतानाथ की कहानी 'संक्रमण' पर आधारित जनजीवन से उठाई गई है।



### नाटक की कहानी

नाटक उनके बाद ऐसे ही रिश्तों को बयान करता है। एक बूढ़े पिता जो रिटायरमेंट के बाद आराम की जिंदगी बिताना चाहते हैं, परंतु घर के लोगों की वस्तुओं के प्रति लापरवाही देखकर उनका मन खिन्न हो उठता है। लाइट का जलते रहना, नल से पानी टपकना, भोजन का व्यर्थ होना, दीवारों से प्लास्टर का जगह-जगह से गिरना, बेटे का ऑफिस से देर रात घर आना, बढ़ती महंगाई इत्यादि बातों को लेकर घर के सभी सदस्यों के साथ नोंक-झोंक होती है। इसके विपरीत बेटे की यह शिकायत पिता का अच्छे कपड़े न पहनना, मां को गठिया की शिकायत, पत्नी के सिर पर और भी कई कामों का होना, ऑफिस से घर लौटने पर पिता की चिक-चिक इसीलिए घर देर से लौटना इत्यादि बातें दोनों के संबंधों में दरार डालती हैं।

## समाज सेवा के क्षेत्र में प्रेमलता अग्रहरि हुईं सम्मानित



भोपाल। एनएच 12 क्रिएटिव वूमंस द्वारा हाल ही में बरखा महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूम धाम से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलओं ने शिरकत की। इस अवसर पर क्लब की ओर से समाज में अपनी अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया, जिसमें प्रेमलता अग्रहरि को समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मानित किया। प्रेमलता लाइफस्टाइल स्टिचिंग बुटीक की ऑनर हैं, कई महिलाओं को आत्मनिर्भर बना चुकी हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल जानी मानी सीए आस्था वेश्य ने कहा कि अब समय आ चुका है कि महिलाएं भी डिसीजन मेकिंग में एक्टिवली पार्टिसिपेट करें, फिर वो निर्णय फाइनेंशियल हों या घरेलू।

## भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रकाशित की पत्रिका

# बीएसएसएस मनोविज्ञान विभाग ने माइंडफुल पत्रिका का विमोचन किया

**भोपाल।** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के मनोविज्ञान विभाग ने अपनी वार्षिक पत्रिका माइंडफुल का विमोचन किया। यह पत्रिका मनोविज्ञान, आशा, लचीलापन और समग्र सुख-समृद्धि की भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रकाशित की गई है। पत्रिका का लोकार्पण बीएसएसएस के प्राचार्य डॉ. फादर जॉन पीजे और उप प्राचार्य डॉ. सिस्टर लीमा जैकब की उपस्थिति में हुआ। पत्रिका का संपादन सहायक प्राध्यापक उदीता सिंह ने विभागाध्यक्ष डॉ. विनय मिश्रा के निर्देशन में किया।



## साहित्य अकादमी दिल्ली में आयोजित होगा लोकार्पण समारोह


# संतोष चौबे के ताजा कहानी संग्रह गरीबनवाज का लोकार्पण और पुस्तक चर्चा कल

### गुरुवार शाम 4 बजे साहित्य अकादमी, दिल्ली के सभागार में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वरिष्ठ कवि, कथाकार, निदेशक विश्व रंग एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के ताजा कहानी संग्रह गरीबनवाज का लोकार्पण समारोह एवं पुस्तक चर्चा का आयोजन 4 सितंबर (गुरुवार) को शाम 4 बजे से साहित्य अकादमी, दिल्ली के सभागार में होगा।

यह आयोजन वनमाली सृजन पीठ दिल्ली एवं राजकमल प्रकाशन समूह, दिल्ली के द्वारा आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व संतोष चौबे के छः कहानी संग्रह हल्के रंग की कमीज, रेस्त्रां में दोपहर, नौ बिन्दुओं का खेल, बीच प्रेम में गांधी, मगर शेक्सपियर को याद रखना तथा प्रतिनिधि कहानियां प्रकाशित और चरित्र हुए हैं। गरीबनवाज का लोकार्पण समारोह सुप्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया के सान्निध्य में आयोजित होगा और अध्यक्षता वरिष्ठ रचनाकार जानकी प्रसाद शर्मा करेंगे।



## भारत भवन में 10 सितंबर से शुरू होगा चार दिवसीय संगीत समारोह

# बेगम परवीन सुल्ताना के मधुर स्वरों और रितेश-रजनीश की जुगलबंदी से किया जाएगा बादल राग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के बहुकला केन्द्र भारत भवन का आंगन संगीत और नृत्य की मधुर लहरियों से सराबोर होने को तैयार है। संगीत केन्द्र अनहद की ओर से 10 से 13 सितंबर तक बादल राग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह चार दिवसीय आयोजन कला प्रेमियों को गायन, वादन, नृत्य और पुस्तक चर्चा की विविध विधाओं से रूबरू कराएगा। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि यह समारोह भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की विविधता का उत्सव है।

इसमें कला प्रेमियों को स्वर, ताल और भावनाओं की ऐसी यात्रा का अनुभव मिलेगा, जो उन्हें कलात्मक संवेदनाओं से भर देगी। समारोह की शुरुआत 10 सितंबर को प्रसिद्ध गायक रितेश मिश्र और रजनीश मिश्र की गायन जुगलबंदी से होगी। शुभारंभ अवसर पर संगीत जगत की मूर्धन्य हस्ती बेगम परवीन सुल्ताना अपनी गायकी से रसिकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। सभी प्रस्तुतियां प्रतिदिन शाम 7 बजे से होंगी और इनमें प्रवेश निःशुल्क रहेगा।




गायक रितेश मिश्र और रजनीश मिश्र



बेगम परवीन सुल्ताना

### स्वर और तान का संगम

दूसरे दिन 11 सितंबर को श्रोताओं को तार वाद्य की अद्भुत दुनिया में ले जाया जाएगा। युवा कलाकार ऋषभ मलिक वायलिन वादन प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संतूर वादक पंडित राहुल शर्मा अपनी संतूर की झंकार से वातावरण को सुरमयी बना देंगे।



### नृत्य की अद्भुत छटा

12 सितंबर को समारोह का रंग और भी बहुरंगी होगा। युवा कलाकार इदिका भरतनाट्यम की पारंपरिक प्रस्तुति देंगी। इसके उपरांत प्रख्यात नृत्यांगना यास्मीन सिंह और उनके साथी कलाकार कथक की मनमोहक प्रस्तुति करेंगे। लय और भाव की इस जुगलबंदी से रसिकों को भारतीय नृत्य की अनूठी गरिमा का अनुभव होगा।





### समापन पर सुरों की महक

समारोह के अंतिम दिन 13 सितंबर को कला और साहित्य का संगम होगा। इस दिन बहुप्रतिष्ठित लोकगायिका मालिनी अवस्थी की पुस्तक चंदन किवाड़ पर चर्चा होगी। इसके बाद उनकी सुरीली प्रस्तुति से यह समारोह का समापन होगा।

## चहुंओर बारिश ने मचाई तबाही आफत की बारिश से लोगों का जीना हो गया मुहाल

# गुरुग्राम बन गया 'जलग्राम' साथ ही 'सैलाब सिटी' बन गई साइबर सिटी, पंचकूला में पुल बहा तो भिवानी में माइनर टूटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार रात और मंगलवार सुबह की बारिश में दिल्ली और आसपास के इलाके जलमग्न हो गए हैं। जब गुरुग्राम की सड़कें नहरें बनीं तो ड्रेनेज सिस्टम और पानी निकालने की व्यवस्था देखने के लिए अफसर सड़कों पर निकले। नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने मंगलवार को साउथ सिटी-2, सेक्टर-50, मेफील्ड गार्डन होते हुए सेक्टर-46 की सफाई व्यवस्था, जल निकासी, ड्रेनेज, सीवरेज का जायजा लिया। निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने सिविल लाइंस से शुरू होकर राजीव चौक, सुभाष चौक होते हुए मालिबू टाउन तक निरीक्षण किया। लोगों से बात कर उनकी समस्याएं जानीं। दहिया ने बरसात का मौसम समाप्त होते ही सड़कों को ठीक करने और गुणवत्ता बेहतर रखने के निर्देश दिए।



### लोगों ने शिकायतों की लगा दी झड़ियां

सेक्टर-46 बाजार और पार्क में लोगों ने उनसे समस्याएं बताईं, जिनमें सफाई और सड़क खराब होने की शिकायतें की गईं। निगम आयुक्त ने इसके बाद सेक्टर-46 में निगम की नर्सरी का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त रवींद्र यादव, चीफ इंजीनियर विजय ढाका, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार, सहायक अभियंता मनोज अहलावत, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक संदीप कुमार सहित इंजीनियरिंग और स्वच्छता शाखा के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## पंजाब में भी जलप्रलय | आप के सभी सांसद-विधायक देंगे एक माह की सैलरी

आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश पर आई किसी भी मुसीबत के सामने पंजाब हमेशा सीना तानकर खड़ा रहा है। आज पंजाब संकट में है। मेरी सभी देशवासियों से अपील है कि इस मुश्किल घड़ी में पंजाब के लोगों की हर संभव मदद करें। आम आदमी पार्टी के सभी सांसद व विधायक एक महीने की सैलरी पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में दे रहे हैं। पंजाब सरकार के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अपनी एक साल की तनख्वाह मुख्यमंत्री राहत कोष में दान करने की घोषणा की। बीते दिन टांडा दौरे पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को उन्होंने यह चेक सौंपा। डॉ. रवजोत ने बताया कि उनकी कुल वार्षिक आय 12 लाख रुपए है, जिसे उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष में समर्पित कर दिया है।

### अमृतसर में घर की छत टूटी, बच्ची की मौत

पंजाब में बारिश और बाढ़ से जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। अमृतसर में भारी बारिश के कारण कच्चे मकान की छत गिर गई। मलबे में दबने से गांव सठियाल में मासूम की मौत हो गई। घटना बाबा बकाला के गांव सठियाल की है।

### मोगा में बारिश से 100 साल पुराना मकान गिरा

*मोगा में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश ने लोगों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। बीती देर रात गांव घलकलां में एक 100 साल पुराना मकान बारिश के कारण गिर गया। मकान मालिक गुलजार सिंह ने बताया कि लगातार बारिश होने की वजह से मकान की छत अचानक गिर गई। सौभाग्य से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने कुछ जरूरी सामान सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया था, लेकिन बाकी सामान मलबे में दब गया। करीब 8 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।*

## पंचकूला बेहाल...शिमला-कालका ट्रैक पर भूस्खलन

हरियाणा में हो रही लगातार बारिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लगभग सभी जिलों में बारिश से जलभराव की स्थिति है। गलियां, सड़कें, जलमग्न हो गई हैं। कई जिलों में स्कूलों, अस्पतालों में पानी भर गए हैं। खेतों में फसलों डूब गई हैं। यमुनानगर में यमुना नदी के तट पर बसे गांव कैत-मंडी के खेतों से बाढ़ का पानी सड़क पर आ गया। सड़क पर पानी भी दो से तीन फीट तक पहुंच गया है। गांवों की तरफ जाने वाला रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। ऐसे में लोगों की एक से दूसरे छोर तक ले जाने के लिए गांव के लोगों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली लगा दिए हैं।हिसार में पांच स्थानों पर ड्रेन टूटने से हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो गई। आर्थनगर, मात्रप्रयाग, शाहपुर में दो स्थानों पर और घिराय में ड्रेन टूटी है। हांसी- बरवाला स्टेट हाईवे पर गांव चानौत के पास पानी भर जाने से यह मार्ग बंद हो गया है।



### 100 एकड़ में फसलें पानी में डूबी

भिवानी के तोशाम में भुरटाना माइनर टूटने और तोशाम-सिवानी मार्ग पर रजवाहा ओवरफ्लो होने से करीब 100 एकड़ में फसलें पानी में डूब गई। लोहारू में करीब 110 वर्ष पुरानी इमारत का एक हिस्सा रविवार देर रात को हुई बारिश के कारण भरभराकर गिर गया। नवा राजगढ़ में एक मकान की छत भी गिर गई है। बहादुरगढ़ में मातन लिंक डेन ओवरफ्लो होने से 500 एकड़ फसल जलमग्न हो गई।

### कालका शिमला रेलवे ट्रैक पर सभी ट्रेनें रद्द

पंचकूला में धग्घर नदी में आए तेज बहाव में मोरनी के खरुनी गांव में बना फुट ओवर ब्रिज टूट कर बह गया। भूस्खलन के कारण विश्व धरोहर कालका शिमला रेलवे ट्रैक पर 5 सितंबर तक सभी ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

### दो मकानों का हिस्सा भरभरा कर गिरा

फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में बिजली पैनल में पानी घुस गया जिससे एनसीडी क्लीनिक की ओपीडी शेड के नीचे लगाई गई। कुलां में दो मकानों का हिस्सा भरभरा कर गिर गया।

### भिवानी में 5 लोग घायल

भिवानी में मकानों की छत गिरी है। कालांवाली के गांव पक्का शहीदां में एक घर की दो कमरों की छत गिरने से पांच लोग घायल हो गए। एक महिला शौच करने के लिए बनाई कुई में गिर गई। प्रशासन ने महिला को बाहर निकाला। अंबाला के बिहटा गांव में बरसात के कारण कच्ची छत गिरने से मां और उसके दो बच्चे चोटिल हो गए।

### बंद करने पड़े स्कूल

*हिसार जिले के दस राजकीय स्कूलों में पानी भर जाने के कारण उनको बंद करना पड़ा। इन स्कूलों को दूसरे स्थानों पर कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए गए हैं। फतेहाबाद जिले के गांव भीमेवाला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जलभराव होने से पढ़ाई प्रभावित रही। सिरसा जिले में कई स्कूलों में जलभराव के कारण निजी और सरकारी स्कूलों में अवकाश घोषित करना पड़ा।*

### हिमाचल में मूसलाधार बारिश से लगा 'जाम'

हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को हुई भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण रेल सेवा स्थगित कर दी गई। यह सेवा 5 सितंबर तक स्थगित रहेगी। राज्य में 127 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। छह राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 1,311 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं और स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं। वहीं, हिमाचल फॉरेस्ट सर्विस की परीक्षा भी स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने बताया कि 7 सितंबर परीक्षा 5 अक्टूबर तक स्थगित कर दी है।




## खबर संक्षेप

### खालिद, शरजील समेत 8 की जमानत खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी साजिश के मामले में मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कथित साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित अन्य को जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की पीठ ने अन्य 8 आरोपियों की जमानत खारिज कर दी।

### बीकानेर में भंसाली पर गंभीर धाराओं में केस



**बीकानेर।** फिल्म जगत से जुड़ी एक बड़ी और सनसनीखेज खबर बीकानेर से सामने आई है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली एफआईआर दर्ज की गई है। भंसाली की कंपनी भंसाली प्रोडक्शन्स, प्रोडक्शन मैनेजर उत्कर्ष बाली और अरविंद गिल के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है।

### जनता एक्सप्रेस के आगे कूदे प्रेमी युगल



**बागपत।** जिले के अहेड़ा रेलवे हॉल्ट पर मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां प्रेमी युगल ने शामली से दिल्ली जा रही जनता एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की। दोनों हाथ पकड़े हुए अचानक ट्रेन के सामने कूद गए। ट्रेन की टक्कर लगते ही युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि छात्रा ट्रैक के दूसरी ओर गिरी।

## प्रधानमंत्री नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2025 कार्यक्रम में बोले

# 'गया था इसलिए ताली बजा रहे या आया हूं इसलिए...' मोदी की बात पर लगे ठहाके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2025 कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस में दुनियाभर के सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम में अपने भाषण की शुरुआत में पीएम मोदी ने कुछ ऐसा कहा कि पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा। पीएम मोदी ने अपना संबोधन शुरू करते हुए कहा कि 'कल रात ही मैं जापान और चीन की यात्रा से वापस लौटा हूं।' इस पर सभागार में मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद पीएम मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि 'गया था, इसलिए तालियां बजा रहे हैं या वापस लौटा हूं इसलिए।' प्रधानमंत्री के इतना कहते ही सभागार में मौजूद सभी लोग ठहाका मारकर हंस पड़े। प्रधानमंत्री जहां अपने सख्त मिजाज प्रशासन के लिए मशहूर हैं तो अक्सर अपने मजाकिया अंदाज को लेकर भी खबरों में रहते हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान ऐसी बात कह दी कि जोरदार ठहाके लगे।

पीएम मोदी की इस बात पर मुस्कराए लोग | इस कार्यक्रम में दुनियाभर के सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने की शिरकत

### दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य गढ़ने को तैयार



प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां दुनिया भर के सेमीकंडक्टर विशेषज्ञ हैं, 40-50 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि हैं और भारत की युवा शक्ति भी यहां नजर आ रही है। ये जो संयोजन बना है, इसका संदेश है कि दुनिया भारत पर विश्वास करती है। दुनिया अब भारत के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जितनी तेजी से विकास हो रहा है, उससे हम सभी, उद्योगों में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। विकास की गति यही रही तो भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है।

### यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में बजीं तालियां

नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान गंभीर अंदाज में कहा कि देवियो और सज्जनो, कल रात ही मैं जापान और चीन की यात्रा करके वापस लौटा हूं.... उनका इतना कहना था कि उपस्थित लोगों ने तालियां बजानी शुरू कर दीं।

### 'तेल काला सोना था, लेकिन अब सेमीकंडक्टर हीरा है'

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था ने सभी उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया और 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि की। सेमीकॉन इंडिया 2025 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तेल काला सोना था, लेकिन अब चिप्स (सेमीकंडक्टर) डिजिटल हीरे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'हमारी पिछ्ली शताब्दी को तेल ने आकार दिया। दुनिया का भाग्य तेल के कुओं से तय होता था। लेकिन, 21वीं शताब्दी की शक्ति छोटी से चिप में सिमट कर रह गई है। ये चिप भले ही छोटी सी है, लेकिन इसमें दुनिया की प्रगति को बड़ी गति देने की ताकत हैं।'

### पीएम के भाषण के बीच अचानक रोने लगे बिहार भाजपाध्यक्ष जायसवाल



मोदी ने अपनी मां के संघर्षों का जिक्र करते हुए भावुक स्वर में भाषण दिया। इसी बीच कार्यक्रम में मौजूद बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाए और फूट-फूटकर रो पड़े। उनका यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को लेकर अपशब्द कहे गए थे। ये अपशब्द राजद और कांग्रेस के मंच से कहे गए थे। लिहाजा, इसको लेकर जमकर राजनीति हुई। भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गए और तीखी बयानबाजी शुरू हो गई। अब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी, तो भाजपा नेता भावुक होकर रो पड़े।

## 'वोट चोरी' के नारे लगाने वाले 'गुनहगार'

# 2 वोटर आईडी कार्ड रखने पर ईसी ने भेजा खेड़ा को नोटिस



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को नोटिस भेजा है। उन पर आरोप है कि उनके पास दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की वोटर आईडी कार्ड है। नोटिस में कहा गया है कि खेड़ा का नाम दिल्ली की नई दिल्ली और जंगपुरा विधानसभा सीट दोनों जगह के वोटर लिस्ट में नाम दर्ज है। खास बात यह है कि पवन खेड़ा कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख हैं और कई बार चुनावी गड़बड़ियों को लेकर भाजपा पर आरोप लगाते रहे हैं। हाल में ही बिहार में एसआईआर पर बड़ी बड़ी बातें कर रहे थे। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तो वोट चोरी के मुद्दे पर बिहार में आंदोलन भी कर चुके हैं। ईसी पर सवालिया निशान लगाते रहे हैं।

### खेड़ा ने किया इनकार चुनाव आयोग पर ही किया पलटवार



हालांकि, पवन खेड़ा ने इन आरोपों से इनकार किया है और उलटा चुनाव आयोग पर ही सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि चाहे सवाल अमित मालवीय पूछें या अनुराग ठाकुर, असली जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। यही वजह है कि कांग्रेस लगातार पारदर्शिता की मांग कर रही है। पवन खेड़ा ने दावा किया कि वोटर लिस्ट और बूथ लेवल पर कई गड़बड़ियां हैं, जिन्हें ठीक करने की जिम्मेदारी आयोग की है। उन्होंने इसे कांग्रेस के 'वोट चोरी' के आरोपों का सबूत बताया।


### सोनिया से लेकर खेड़ा तक सभी दोषी: अमित

*भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर दोनों वोटर लिस्ट की तस्वीरें साझा की। उन्होंने दावा किया कि पवन खेड़ा के पास दो एक्टिव वोटर आईडी नंबर हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस वोट चोरी का आरोप लगाते हैं, अब खुद उनके नेता के पास दो वोटर आईडी का खुलासा हुआ है। अमित मालवीय ने यहां तक कहा कि जैसे सोनिया गांधी ने भारत की नागरिकता मिलने से पहले ही वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करा लिया था, उसी तरह पवन खेड़ा ने भी नियमों का उल्लंघन किया है।*

## पिता की पार्टी ने ही की कार्रवाई

# पार्टी विरोधी कार्य पर केसीआर की बेटी के. कविता पार्टी से निलंबित

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



तेलंगाना की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपनी एमएलसी और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के. कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया है। बीआरएस ने कहा कि हाल के दिनों में कविता के व्यवहार और उनकी गतिविधियां पार्टी के हितों के खिलाफ रही हैं। उन पर 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' का आरोप है। पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर राव ने एमएलसी कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला लिया है।

### केसीआर और उनके मंत्री पर फिलहाल कार्रवाई नहीं होगी



तेलंगाना हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव को राहत दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना से जुड़ी न्यायिक आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 7 अक्टूबर तक दोनों के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी। यह आदेश आयोग की रिपोर्ट और उस पर उठे विवाद के बीच दिया गया।

## राज्य सरकार के प्रस्ताव को किया स्वीकार, एक शर्त रखी

# मराठा नेता जरांगे ने जूस पीकर अनशन खत्म किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां जारी मराठा आंदोलन पर विराम लग गया है । मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने जूस पीकर आंदोलन को खत्म कर दिया है। उन्हें उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जूस पिलाया। इसके बाद जरांगे ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उन्होंने साफ कर दिया है कि एक बार जीआर यानी सरकारी प्रस्ताव जारी होने के बाद आजाद मैदान को खाली कर दिया जाएगा। खास बात है कि बंबई उच्च न्यायालय ने भी आंदोलन के लिए मुंबई की सड़कों को रोकने पर आपत्ति जताई थी।

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पाटिल ने की थी मुलाकात

इसके बाद आजाद मैदान से जाने लगे प्रदर्शनकारी

### मराठाओं को कुनबी प्रमाण पत्र देने हैदराबाद गजट लागू होगा



मंगलवार को ही महाराष्ट्र सरकार में मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने जरांगे से मुलाकात की थी। उन्होंने सरकार के इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है कि मराठाओं को कुनबी प्रमाण पत्र देने के लिए हैदराबाद गजट लागू किया जाएगा, एक महीने के अंदर ही ऐसा ही फैसला सतारा रियासत को लेकर भी लिया जाएगा। साथ ही सितंबर के अंत तक मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज केस वापस लिए जाएंगे। इसके अलावा प्रस्ताव में आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों को आर्थिक मुआवजा देने की बात भी शामिल है।

### जरांगे ने किया आंदोलन खत्म करने का ऐलान

*बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने मनोज जरांगे की मांगें मान ली हैं। इस बात की जानकारी जरांगे ने दी। पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग पर सहमत हो गई है, जिससे आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। सरकार की ओर से जल्द ही कुछ देर में जीआर यानी सरकारी आदेश जारी किया जाएगा। अधिकारी जीआर प्रक्रिया के लिए रवाना हो गए। जरांगे ने आंदोलन खत्म करने का ऐलान किया।*

### हाई कोर्ट को दिया भरोसा

इसके अलावा मनोज जरांगे ने हाई कोर्ट को भरोसा दिया कि उनके अधिकांश समर्थक या तो मुंबई छोड़ चुके हैं या मंगलवार को छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि हम लोग मुंबई के रास्ते समझते नहीं हैं। आप लोगों ने गाड़ियों पर 5 हजार का दंड लगाया है, उसे वापस लीजिए।

## अफगानिस्तान में भूकंप से मची भीषण तबाही

# मरने वालों की संख्या बढ़कर 1400 से अधिक, 3000 से ज्यादा लोग घायल

*भूकंप के कारण ज्यादातर नुकसान कुनार प्रांत में हुआ है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है*

एजेंसी ▶▶ जलालाबाद

अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1400 से ज्यादा हो गई है और 3,000 लोग घायल हुए हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जीवित बचे लोगों की तलाश में इलाके में बचाव दल का तलाश अभियान जारी है। बता दें, रविवार देर रात को पर्वतीय क्षेत्र में आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से गांव तबाह हो गए और लोग घंटों मलबे में फंसे रहे। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने बताया कि घायलों को निकाला जा रहा है, इसलिए ये आंकड़े बदल सकते हैं। भूकंप के कारण कुछ इलाकों में भूस्खलन हुआ, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं, लेकिन उन्हें फिर से खोल दिया गया है।

### बंद सड़कों को फिर से खोला जा रहा

### बचाव कार्य और तलाश अभियान जारी

**2021 के बाद से यह तीसरा बड़ा भूकंप**

हम्माद ने कहा कि बाकी सड़कों को भी खोल दिया जाएगा ताकि उन इलाकों तक पहुंच आसान हो सके जहां पहुंचना मुश्किल था। ज्यादातर नुकसान कुनार प्रांत में हुआ है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है। वर्ष 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरा बड़ा भूकंप है, और अफगानिस्तान के लिए यह नवीनतम संकट है, जो सहायता निधि में भारी कटौती और कमजोर अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है।



### तालिबान ने दुनिया से मदद मांगी

तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद की अपील की है। ब्रिटेन ने 10 लाख पाउंड (13 लाख अमेरिकी डॉलर) की आपात धनराशि देने का वादा किया है, जिसे तालिबान सरकार के बजाय मानवीय एजेंसियों के बीच बांटा जाएगा, हालांकि ब्रिटेन तालिबान सरकार को मान्यता नहीं देता। चीन सहित अन्य देशों ने भी आपदा राहत सहायता की पेशकश की है।

### राहत एजेंसियां पैदल यात्रा कर रहीं

'वर्ल्ड विजन अफगानिस्तान' सहायता एजेंसी के एडवोकेसी निदेशक मार्क काल्डर ने आगाह किया कि मदद की जरूरत वाले लोगों की संख्या ढाई लाख से अधिक हो सकती है। राहत एजेंसियों ने बताया कि उनकी टीम ऊबड़-खाबड़ रास्तों और टूटी सड़कों के कारण सबसे सुनसान इलाकों तक पहुंचने के लिए पैदल यात्रा कर रही हैं।



अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में तबाह घर

### सूडान में भूस्खलन, दारफुर गांव पूरा तबाह

**1000 लोगों के मारे जाने की आशंका, सिर्फ 1 बचा**

सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ। ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। आर्मी ने बताया कि तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से गुहार लगाई।



## खबर संक्षेप

### आज से भारत यात्रा पर रहेंगे भूटान के पीएम

**नई दिल्ली।** भूटान के पीएम दशो त्शेरिंग तोबग्ये अपनी पत्नी औम ताशी दोमा के साथ 3 से 6 सितंबर तक भारत के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे।



मंगलवार को विदेश मंत्रालय ने इस यात्रा की पुष्टि की और कहा कि यह दौरा दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों और निरंतर सहयोग का प्रतीक है। पीएम तोबग्ये और उनकी पत्नी दिल्ली आने से पहले गया और अयोध्या में विशेष कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। राजधानी में उनके प्रवास के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर उनसे मुलाकात करेंगे।

### जर्मन के विदेश मंत्री जोहान बेंगलुरु पहुंचे


**बेंगलुरु।** जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल मंगलवार सुबह भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत बेंगलुरु पहुंच गए हैं।



उनका यह दौरा भारत-जर्मनी संबंधों के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है। बतौर विदेश मंत्री वाडेफुल का यह पहला भारत दौरा है। वाडेफुल ने भारत को 'इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार' बताते हुए द्विपक्षीय सहयोग की गहराई और व्यापकता पर प्रकाश डाला।

### इंडोनेशिया में लापता हेलिकॉप्टर, तलाश जारी

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बोर्नेओ द्वीप से एक भारतीय नागरिक समेत आठ यात्रियों को लेकर रवाना हुए लापता हेलिकॉप्टर की तलाश मंगलवार को भी जारी रही।



सोमवार को एक पायलट, एक इंजीनियर और छह यात्रियों को लेकर रवाना हुआ एस्टिंडो एयर बीके 117 डी3 हेलीकॉप्टर का दक्षिण कालीमंतन प्रांत के मेन्टेवे में मंडिन दमार जलप्रपात के पास संपर्क टूट गया। हेलिकॉप्टर में भारतीय नागरिक संथा कुमार भी सवार थे।

## पाक रक्षा मंत्री की बेतुकी सलाह

# बाढ़ अल्लाह की रहमत, बाल्टियों में भर लें पानी और रखें सुरक्षित



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में बाढ़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं, सैकड़ों गांव पानी में डूब गए हैं और राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने विवादित बयान देते हुए कहा कि यह बाढ़ अल्लाह की देन है। उन्होंने हम पाकिस्तानियों पर अपनी रहमत दिखाई है। ये पानी उन्होंने हमें अपने लोगों को बचाने के लिए दिया है। लोगों को चाहिए कि वे इस पानी को सुरक्षित तरीके से घरों की बाल्टी-टब में जमा करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने के बजाय बाढ़ के पानी को टब और बाल्टियों में भरकर सुरक्षित रखना चाहिए। इसे अल्लाह की भेजी हुई रहमत बताते हुए उन्होंने लोगों से संयम बरतने की अपील की। उनके इस बयान ने पाकिस्तान में बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी दलों ने इसे बेतुका और संवेदनहीन बताया है।

### 854 से अधिक लोग मरे

पाकिस्तान के कई प्रांतों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए हैं और लाखों लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। खेती-बाड़ी को भारी नुकसान हुआ है और पशुधन बह जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है। आपदा प्रबंधन एजेंसियां लगातार राहत सामग्री पहुंचा रही हैं। इस साल 26 जून तक पूरे पाकिस्तान में 854 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### जनता ने जाहिर की नाराजगी

*ख्वाजा आसिफ के बयान पर विपक्षी नेताओं ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। उनका कहना है कि सरकार को लोगों की मदद के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, न कि ऐसी बयानबाजी करनी चाहिए जो पीड़ा को और बढ़ाए। कई सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने भी सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की और कहा कि सरकार उनकी तकलीफ समझने के बजाए उपदेश दे रही है।*

## जम्मू-कश्मीर में बाढ़ और भूस्खलन के कहर ने छोड़े अपने निशान

**1000 सड़कें अभी भी बंद**

# भारी बारिश से 2500 सड़कें तबाह हुईं 100 करोड़ से ज्यादा का हुआ नुकसान

*जम्मू-कश्मीर में भूस्खलन से बड़ी संख्या में सड़कों को नुकसान पहुंचा है। कुछ जगहों पर डंगे खिसक गए हैं। पुल भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। इससे आवाजाही प्रभावित हो रही है। कई इलाकों मे लोग पैदल सफर करने के लिए मजबूर हैं*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में बाढ़-भूस्खलन से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को भारी नुकसान पहुंचा है। 2500 सड़कें प्रभावित हुईं हैं। इनमें से 60 फीसदी को बहाल कर दिया गया है। करीब एक हजार सड़कें अभी बंद हैं। ज्यादातर सड़कें ग्रामीण इलाकों में हैं। पीडब्ल्यूडी के अनुसार 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के नुकसान का अनुमान है। हालांकि विभाग अभी आकलन कर रहा है।

इनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बीते कुछ वर्षों में बनी नई सड़कें भी शामिल हैं। प्रभावित सड़कों पर भारी भूस्खलन हुआ है। कुछ जगहों पर डंगे खिसक गए हैं। पुल भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

इससे आवाजाही प्रभावित हो रही है। कई इलाकों मे लोग पैदल सफर करने के लिए मजबूर हैं। पीडब्ल्यूडी भारी मशीनों से सड़कों से मलबा हटवा रहा है। जिन क्षेत्रों में भूस्खलन का प्रभाव कम है, वहां से मशीनों को प्रभावित इलाकों में शिफ्ट कर दिया गया है।



### सर्वाधिक नुकसान जम्मू संभाग में

*वहीं, विभाग नुकसान की रिपोर्ट बनाकर केंद्र सरकार को भेजेगा। इसके बाद केंद्र से मिलने वाली राशि से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत होगी। सबसे ज्यादा नुकसान जम्मू संभाग में हुआ है। संभाग के कठुआ, सांबा, जम्मू, रियासी, उधमपुर, किश्तवाड़, डोडा, राजौरी, रामबन, पुंछ जबकि कश्मीर संभाग के अनंतनाग और कुलगाम में पीडब्ल्यूडी को नुकसान उठाना पड़ा है। कश्मीर संभाग के अन्य जिलों में भूस्खलन की इक्का-दुक्का घटनाएं होने से नुकसान कम हुआ है।*

**पीडब्ल्यूडी नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर रहा**

**केंद्र से राशि मिलने के बाद होगी सड़कों की और मरम्मत**

### 92 प्रतिशत बिजली आपूर्ति बहाल

*जम्मू-कश्मीर के विद्युत विकास विभाग (पीडीडी) ने 26 अगस्त को हुई मूसलाधार बारिश से उत्पन्न आपदा के 48 घंटे के भीतर 92 प्रतिशत बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है। अधिकारी ने बताया किमूसलाधार बारिश ने व्यापक तबाही मचाई, ट्रांसमिशन टावर ढह गए, 'रिसीविंग' स्टेशन जलमग्न हो गए और लगभग 19,000 वितरण ट्रांसफार्मर और सैकड़ों खंभे क्षतिग्रस्त हो गए।*

### आज मध्यम से भारी वर्षा की संभावना

मौसम विभाग ने बताया कि तीन सितंबर की सुबह से दोपहर देर तक कठुआ, जम्मू, उधमपुर और रियासी में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है और जम्मू क्षेत्र के डोडा, सांबा, राजौरी, पुंछ, रामबन, किश्तवाड़ और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग और कुलगाम में मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। कई संवेदनशील स्थानों पर बादल फटने, अचानक बाढ़ आने, भूस्खलन या पहाड़ियों से पत्थर गिरने तथा नदियों और नालों में जल स्तर बढ़ने की संभावना है।

### वैष्णो देवी यात्रा आठवें दिन भी स्थगित

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा मंगलवार को लगातार आठवें दिन भी बारिश होने व खराब मौसम से स्थगित रही, जिससे कटड़ा आधार शिविर और गुफा मंदिर तक का मार्ग पूरी तरह सूना दिखाई दिया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात स्थगित

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरने के मद्देनजर 250 किलोमीटर के मार्ग पर वाहनों की आवाजाही मंगलवार को फिर से स्थगित कर दी गई।

## दिल्ली में थल सैनिक शिविर शुरू



**1546 एनसीसी कैडेट ले रहे ट्रेनिंग**

*नई दिल्ली। दिल्ली कैंट के करियप्पा परेड ग्राउंड में मंगलवार को 12 दिवसीय थल सैनिक शिविर की शुरुआत हुई। इस शिविर में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 एनसीसी निदेशालयों के 1546 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। थल सैनिक शिविर में शामिल होने वाले कैडेट में 867 लड़के और 679 लड़कियां शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त महानिदेशक (ए) एयर वाइस मार्शल पीवीएस नारायण ने शिरकत की।*

## पीएम मोदी के साथ कल होगी उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठक

# भारत के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे सिंगापुर के पीएम, होंगे पांच समझौते!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सिंगापुर के पीएम लारेंस वांग की मंगलवार से भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू हुई। उनकी गुरुवार (4 सितंबर) को नई दिल्ली में पीएम मोदी के साथ वांग की एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े मुद्दों, आर्थिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करने सहित साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि सिंगापुर के पीएम के रूप में वांग का यह पहला भारत दौरा है। जिसमें उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लारेंस वांग, कुछ मंत्री और एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल रहेगा। सिंगापुर के पीएम की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और कई केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे।

### कंटेनर टर्मिनल का होगा उद्घाटन

*पीएम वांग 4 सितंबर को पीएम मोदी के साथ वर्चुअली महाराष्ट्र में कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। सिंगापुर के बंदरगाह प्राधिकरण (पीएसए इंटरनेशनल) ने इस परियोजना में एक बिलियन से अधिक का निवेश किया है। दोनों शीर्ष नेता अपनी बैठक के दौरान बंदरगाह परियोजना को समर्पित करेंगे। सिंगापुर भारत में निवेश का एक बड़ा स्रोत है। आधिकारिक आंकड़ों के हिसाब से वर्ष 2014 से यह 175 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है। जिसमें कोरोना काल के बाद की भागीदारी करीब 60 बिलियन डॉलर की है। सिंगापुर के पीएम की भारत यात्रा दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ को भी प्रदर्शित करती है। जिसमें दोनों पक्ष अपनी साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने की प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। सूत्रों ने कहा कि दोनों पक्ष पानी के अंदर मौजूद केबल के जरिए सौर ऊर्जा को भारत से सिंगापुर तक निर्यात करने की संभावनाओं का भी पड़ताल करेंगे। जिसका इस्तेमाल डाटा कनेक्टिविटी के लिए किया जाएगा।*

### 5 समझौतों पर होंगे हस्ताक्षर

*आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिंगापुर के पीएम की नई दिल्ली यात्रा में दोनों देशों के बीच पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। जिनका संबंध नागरिक उड्डयन और अंतरिक्ष से है। इसके अलावा उनकी ये यात्रा भारत और सिंगापुर बहुआयामी साझेदारी में शामिल आर्थिक गतिविधि को बढ़ाने के अवसरों को तलाशने में भी सहायक साबित होगी। दोनों देशों की इस भागीदारी की बुनियाद आपसी पूरकता का प्रमाण प्रस्तुत करती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सिंगापुर न केवल भारत का महत्वपूर्ण भागीदार है, जिसमें देश की पूर्व की ओर देखो नीति अहम है।*

## बोले- अमेरिकी वित्त मंत्री भारत-यूएस समाधान निकाल लेंगे

# एससीओ में भारत, चीन और रूस के दिग्गज नेताओं की एकता देख 'हक्का-बक्का' रह गया अमेरिका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



**पीटर नवारो ने कहा, भारत को रूस के बजाय अमेरिका, यूरोप, यूक्रेन के ज्यादा करीब होने की है जरूरत**

तियानजिन में हालिया संपन्न हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में दिखाई पड़ी भारत, चीन और रूस के शीर्ष नेताओं की जुगलबंदी से सबसे ज्यादा खलबली अमेरिका में मची हुई है। अमेरिकी सरकार में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट का कहना है कि अंत में भारत और अमेरिका जैसे दो महान देश इसका हल निकाल लेंगे। क्योंकि दिल्ली के मूल्य चीन और रूस की जगह पर हमसे बहुत अधिक निकटता रखते हैं। उन्होंने ये भी संकेत दिए कि अमेरिका का ट्रंप प्रशासन रूस के खिलाफ और प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। जबकि नवारो ने कहा कि भारत को अमेरिका, यूरोप और यूक्रेन के ज्यादा करीब होना चाहिए। न कि रूस के।

### भारत रूस से तेल खरीदी पर रोक लगाए

वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि तियानजिन में नजर आई चीन, रूस और रूस एकता दुखदायी है। नई दिल्ली को अमेरिका, यूरोप और यूक्रेन के ज्यादा करीब होना चाहिए। बजाए चीन या रूस के। नवारो ने कहा कि यह देखना दुखद रहा कि पीएम मोदी जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता हैं और अब वह दुनिया के दो बड़े तानाशाही वाले देशों के मुखियाओं के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास नहीं है कि मोदी क्या सोचते हैं? जिसमें शीत युद्ध में भारत की स्थिति और उसके साथ चीन के साथ दशकों से जारी संघर्ष शामिल है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि नई दिल्ली को हमारे और यूरोप व यूक्रेन से निकटता रखनी चाहिए। रूस से नहीं। भारत को रूस से तेल की खरीद पर भी रोक लगानी चाहिए।

## पहली प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के तहत सेशेल्स पहुंचे नौसेना के जहाज

# भारत और थाईलैंड की सेनाओं के बीच मेघालय में शुरू हुआ 'मैत्री' युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लगातार बढ़ती आक्रामकता के दौर में भारत और थाईलैंड की सेनाओं के बीच मेघालय के उमरोई स्थित संयुक्त प्रशिक्षण नोड में मंगलवार से संयुक्त मैत्री युद्धाभ्यास की शुरुआत हो गई है। इसका संबंध दोनों देशों के बीच सैन्य कार्यक्रमों से जुड़ा हुआ है। 2025 में मैत्री अभ्यास का 14 वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। यह 1 से 14 सितंबर तक चलेगा।

सेना ने एक बयान में कहा कि भारत की तरफ से मैत्री युद्धाभ्यास में मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन में शामिल 120 सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं। वहीं, रॉयल थाई आर्मी की 53 कर्मियों वाली टुकड़ी का प्रतिनिधित्व प्रथम इन्फेंट्री बटालियन की 14वीं इन्फेंट्री ब्रिगेड द्वारा किया जा रहा है। वर्ष 2006 में दोनों देशों के बीच इस अभ्यास की शुरुआत हुई थी। सेना ने कहा कि ये अभ्यास संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय-7 के तहत अर्ध-शहरी इलाकों में कंपनी स्तर के आतंकवाद-रोधी अभियानों पर केंद्रित होगा।



### सेशेल्स पहुंची नौसेना की 1टीएस

*भारतीय नौसेना की प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया पहुंच गई है। जिसमें आईएनएस तीर, शार्दुल और सीजीएस सारथी नामक तीन जंगी युद्धपोत शामिल हैं। युद्धपोतों की ये तैनाती वर्तमान में दक्षिण- पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में लंबी दूरी के प्रशिक्षण तैनाती के तहत की गई है। प्रशिक्षण स्क्वाड्रन का सेशेल्स में इस साल तीसरी बार आगमन है। जो भारतीय नौसेना की मजबूत द्विपक्षीय भागीदारी और समुद्री साझेदारी को उजागर करता है। यह हिंद महासागर क्षेत्र में महासागर के व्यापक दृष्टिकोण के साथ भी मेल खाता है।*

## खबर संक्षेप



### वीनस महिला युगल के क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स ने लैला फर्नांडिज के साथ अमेरिकी ओपन महिला युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वीनस ने अपनी छोटी बहन सेरेना से कहा है कि वह उनका मैच देखने आये। वीनस और लैला ने 12वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा और झांग शुआइ को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा से होगा।

### प्रणव ने रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की



**फुजैरा।** विश्व जूनियर चैम्पियन प्रणव वेंकटेश ने स्पेन के ग्रैंडमास्टर एलेन पिचोट को हराकर फुजैरा ग्लोबल सुपरस्टार्स शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया। प्रणव ने नौ में से सात अंक बनाये और अमेरिका के ब्रैंडन जैकबसन, मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज और ईरान के अमीन टाबाटाबाइ से एक अंक आगे रहे। अठारह वर्ष के प्रणव ने नौ दौर के टूर्नामेंट में एक भी पराजय का सामना नहीं किया। उन्होंने पांच जीत दर्ज की जबकि चार मुकाबले ड्रॉ रहे। इस प्रदर्शन के साथ उन्हें 23000 डॉलर और 28 ईएलओ रेटिंग अंक मिले। अब वह उजबेकिस्तान के समरकंद में ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट खेलेंगे। वहीं ग्रैंडमास्टर आदित्य मित्तल और शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन 5.5 अंक लेकर संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे। आदित्य कुल छठे और निहाल 12वें स्थान पर रहे।

### आसिफ अली ने क्रिकेट से की संन्यास की घोषणा



**लाहौर।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ अली ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। फैसलाबाद के इस 33 साल के खिलाड़ी ने 2021 और 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप और 2019 में इंग्लैंड में पुरुष वनडे विश्व कप में भी अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पाकिस्तान की जर्सी पहनने को अपने पेशेवर करियर का 'सबसे गौरवपूर्ण अध्याय' करार दिया। आसिफ ने हालांकि कहा कि वह घरेलू और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। आसिफ अली 2018 में वनडे एशिया कप और 2022 में टी20 एशिया कप की टीम में शामिल थे।

### भारत के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए पैट कमिंस



**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज पैट कमिंस अक्टूबर-नवंबर में भारत के खिलाफ होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज दौरे में खेली गई टेस्ट सीरीज के दौरान उनकी पीठ में चोट लगी थी, जिससे वह फिलहाल उबर रहे हैं। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान कमिंस अक्टूबर 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज का हिस्सा भी नहीं होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि स्कैन में फ्रेक्चर नहीं आया है, लेकिन हड्डी में खिंचाव इतना ज्यादा था कि उन्हें आराम की जरूरत पड़ी है। नवंबर 2021 में कप्तानी संभालने के बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में काफी जिम्मेदारी संभाली है।

# मिचेल स्टार्क ने टी20 क्रिकेट को कहा अलविदा, टेस्ट और वनडे प्रारूप में खेल रखेंगे जारी

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

आस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टेस्ट और टी20 प्रारूप में अपने कैरियर को विस्तार देने के लिये टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इस मौके पर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट और वनडे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बचे हुए करियर में टेस्ट प्रारूप में खेलना उनकी प्राथमिकता होगा।



### ऑस्ट्रेलिया से सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज

स्टार्क ने साल 2012 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। 13 वर्ष के लंबे अपने करियर में उन्होंने 65 मैच में 79 विकेट अपने नाम किए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/20 का रहा। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज रहे। दूसरे सर्वाधिक विकेट वाले कंगारू तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (73) हैं।

### ओपनिंग गेंदबाज के रूप में चटकाए सर्वाधिक विकेट

स्टार्क ओपनिंग गेंदबाज यानी मैच का पहला या दूसरा ओवर फेंकने वाले खिलाड़ी के रूप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। स्टार्क ने 48 मैचों में पहले ओवर और 12 मैचों में दूसरे ओवर में गेंदबाजी करते हुए कुल 73 विकेट लिए। विश्व के गेंदबाजों में टिम साउथी (127) इस सूची में शीर्ष पर हैं।



### एक ओवर में 29 रन का अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज

टी-20 विश्व कप 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ सुपर-8 के मुकाबले में स्टार्क के नाम पर एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हुआ था। दरअसल, स्टार्क ने अपने पहले और भारत की पारी के तीसरे ओवर के दौरान कुल 29 रन खर्च किए थे। वह टी-20 विश्व कप के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे महंगा ओवर फेंकने वाले गेंदबाज हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने उस ओवर में 4 छक्के और 1 चौका लगाया था।

### टी-20 विश्व कप जीत चुके हैं स्टार्क

*ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में टी-20 विश्व कप का खिताब जीता था। यह कंगारू टीम का टी-20 प्रारूप में पहला आईसीसी खिताब था। उस विश्व विजेता टीम में स्टार्क भी अहम सदस्य थे। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने उस संस्करण में अपने सभी 7 मैचों में हिस्सा लिया था, जिसमें कुल 9 विकेट लिए थे। फाइनल में स्टार्क ने खराब प्रदर्शन किया था।*

## सेमीफाइनल मैचों का सीधा प्रसारण नहीं, फाइनल का होगा

# दलीप ट्रॉफी 2025: सेमीफाइनल के मुकाबले कल से फाइनल में पहुंचने चार टीमों के बीच होगी रोमांचक जंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले 4 से 7 सितंबर तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने रविवार को क्वार्टर फाइनल मैचों में पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बाद इस चरण के लिए क्वालीफाई किया है। अब उनका मुकाबला वेस्ट जोन और साउथ जोन से होगा, जो पिछले साल के फाइनलिस्ट होने के कारण सीधे इस चरण में पहुंची हैं।

### नॉर्थ और सेंट्रल जोन ने बनाया दबदबा

नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में पहली पारी में मिली 175 रनों की बढ़त से अगले चरण में प्रवेश किया। टीम के कप्तान अंकित कुमार, यश ढुल और आयुष बदोनी ने शतक जड़े। औकीब नबी ने हैट्रिक हासिल की। सेंट्रल जोन ने भी नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ पहली पारी में मिली 347 रन की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दानिश मालेवार (203), रजत पाटीदार (125) और शुभम शर्मा (125) ने शतक जड़े।







### नॉर्थ और साउथ जोन मुकाबले में इन पर रहेगी नजर

नॉर्थ जोन के औकिब नबी ने क्वार्टर फाइनल में ईस्ट जोन के खिलाफ 5 विकेट झटके हैं। उनके स्पेल में एक डबल हैट्रिक (लगातार चार गेंदों पर 4 विकेट) भी शामिल थी। बदोनी ने पहली पारी में 63 और दूसरी पारी में नाबाद 204 रन की पारी खेली। दक्षिण जोन के देवदत्त पडिक्कल बल्लेबाजी में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने 41.39 की औसत से 2,815 प्रथम श्रेणी रन बनाए हैं। गुरजपनीत सिंह ने 2024-25 रणजी ट्रॉफी में 13 विकेट चटकाए थे।

### पश्चिम और सेंट्रल जोन मुकाबले में इन पर रहेगी नजर

क्वार्टर फाइनल के पहले दिन सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार ने 125 रनों की तेज पारी खेली और दूसरी पारी में भी 66 रन बनाए। यश राठौड़ ने भी 2 अर्धशतकों (87 और 78) के साथ मजबूती प्रदान की। वेस्ट जोन से श्रेयस अय्यर बल्लेबाजी में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने 2024/25 रणजी ट्रॉफी में 68.57 की औसत से 480 रन बनाए थे। यशस्वी जायसवाल के ऊपर वेस्ट जोन को बतौर सलामी बल्लेबाज बेहतर शुरुआत देने की जिम्मेदारी होगी।

# राशिद ने रचा इतिहास, बने टी-20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| शारजाह

अफगानिस्तान ने शारजाह में खेले गए त्रिकोणीय सीरीज के मुकाबले में यूएई को 38 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस मैच में कप्तान राशिद खान ने एक बार फिर कमाल दिखाया। उन्होंने तीन अहम विकेट लेकर न सिर्फ टीम को जीत दिलाई बल्कि टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा 165 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए। उन्होंने न्यूजीलैंड के टिम साउथी को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 164 विकेट लिए थे।

### शानदार रहा राशिद का करियर

*रिपोर्ट के अनुसार, साउथी ने 126 मैच खेले थे, जबकि राशिद अपने 98वें टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ही उनसे आगे निकल गए। राशिद ने 2 बार पारी में 5 विकेट हॉल भी लिए हैं। उन्होंने अब तक 18 टीमों के खिलाफ मैच खेला है। इस बीच उन्होंने अफगानिस्तान के लिए कुल 163 विकेट और 2018 में लॉर्ड्स के मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी विश्व एकादश के लिए 2 विकेट लिए हैं। बतौर कप्तान अब उनके नाम 52 विकेट हैं।*

**IASSCOM FORTUNE INSTITUTE OF TECHNOLOGY**
GRAM RASULIYA RATIBAD ROAD BHOPAL
Approved by AICTE Recognized by Govt. of MP and Affiliated to BU Bhopal
**APPOINTMENT**

| | POST | | |
|---|---|---|---|
| MBA (FULL TIME) | Principal/Director | 1 | Qualification and experience as per AICTE/ B.U. Norms |
| | Professor | 2 | |
| | Associate Professor | 7 | |
| | Assistant Professor | 20 | |

**NOTE : SALARY AS PER AICTE/STATE GOVT. NORMS**
Selection and appointment will be as per provision of statute 28 of Barkatullah University, Bhopal, Apply with relevant documents and passport size photo up to 10 Days
Email your resume at : ifitbhopal@gmail.com
**CONTACT : 9329802025, 9131920004**

# विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक की कर दी भरपाई : चिराग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष युगल बैडमिंटन टीम के सदस्य चिराग शेट्टी ने कहा कि हाल में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से एक साल पहले इसी शहर में ओलंपिक खेलों में पोडियम तक नहीं पहुंच पाने की काफी हद तक भरपाई कर दी। चिराग और लंबे समय से उनके साथी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने पिछले सप्ताह विश्व चैंपियनशिप में पुरुष युगल का कांस्य पदक जीता। दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने क्वार्टर फ़ाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक हासिल किया। भारत की इस जोड़ी का पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना सेमीफाइनल में चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी से हार के साथ टूट गया।

### सही रणनीति के खेल से मिली विजय : चिराग



चिराग ने साक्षात्कार में कहा, "मुझे लगता है कि आरोन और सोह के खिलाफ जीत निश्चित रूप से बहुत खास है। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि अगर हम सही रणनीति के साथ खेलें तो हम किसी को भी हरा सकते हैं। हाल ही में उनके खिलाफ हमारा रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा था। विशेष कर ओलंपिक खेलों में जहां हमें उनके हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा हम ओलंपिक में उसी कोर्ट पर उनसे हार गए थे। इसलिए उनके खिलाफ जीत वास्तव में खास थी। कांस्य पदक जीतने के साथ ही सात्विक और चिराग विश्व चैंपियनशिप में एक से अधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए हैं। साइना नेहवाल ने विश्व चैंपियनशिप में दो जबकि पीवी सिंधू ने पांच पदक जीते हैं।

## एशिया कप हॉकी

# पांच बार की चैंपियन कोरिया से भारत का मुकाबला आज



एजेंसी ▶▶| राजगीर

पूल चरण में अपराजेय रहने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय हॉकी टीम को एशिया कप सुपर 4 चरण के मुकाबले में आज बुधवार को पांच बार की चैम्पियन और पिछली विजेता कोरिया के खिलाफ अपने खेल में सुधार करना होगा।

भारतीय टीम पूल ए में सारे मैच जीतकर सुपर 4 में पहुंची है। उसने चीन को 4-3 से, जापान को 3-2 और कजाखस्तान को 15-0 से हराया। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है। खिलाड़ी लय में है और हम यही चाहते हैं। सुपर 4 के मैच शाम को 7.30 बजे से होंगे जिससे प्रदर्शन बेहतर रहने की उम्मीद है।

### सुपर चरण 4 सभी टीमों की नई शुरूआत

सुपर 4 चरण हालांकि सभी टीमों (भारत, कोरिया, चीन और मलेशिया) के लिये नयी शुरूआत होगी। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो रविवार को फाइनल में जगह बनायेंगी। एशिया कप बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने का मौका है। सुपर 4 चरण के दूसरे मैच में मलेशिया का सामना चीन से होगा ।

### इस प्रकार हैं दोनों की टीमें

**भारत :** सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक (गोलकीपर) हरमनप्रीत सिंह (कप्तान) , अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह , मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल , हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह।

**कोरिया :** डी अंग (गोलकीपर), जिहुन यांग, चियोलियोन पार्क, जिनकांग रिम, डेन सोन, जुंगजुन ली (कप्तान), जोंगसुक बाए, सियोग ओह, जेवोन सिम, सुंगह्युन बाएक, सूंग मिन बाए, जाएहान किम, जियोनहो जिन, हियोनहोंग किम, सियुंगवू ली, मिन सू चियोन, यूनहू कोंग, येसियुंग ली।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930